नई दिल्ली
सोमवार, 27 मई 2024
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष,
चतुर्थी वर्ष : 28, अंक : 46
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 48.4
न्यून. 27.7

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




11 ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक नहीं खेलेंगे चोटिल नीरज

### केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से हरिभूमि और 'आईएनएच' न्यूज चैनल के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी का 'चुनावी संवाद'

# चमत्कारिक शख्सियत हैं मोदी, देशहित में किए उनके कार्य लगातार तीसरी बार बनाएंगे सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भारतीय राजनीति के वर्तमान परिवेश में राजनाथ सिंह को अजातशत्रु के रूप में देखा जाता है। गत चार दशक से सत्ता और संगठन दोनों में ही तमाम अहम पदों पर रहे और वर्तमान में देश के रक्षा मंत्री का दायित्व निभा रहे राजनाथ सिंह आज भी अपनी मूल पहचान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक के रूप में ही देखते हैं। श्री सिंह भाजपा की सत्ता में वापसी को लेकर पूरी तरह आश्वस्त हैं। अपने अध्यक्षीय कार्यकाल में भाजपा को वर्ष 2024 के आम चुनाव में स्पष्ट जनादेश दिलाने में सफल रहे राजनाथ सिंह ने चुनावी व्यस्तता के बीच देश की राजधानी में हरिभूमि मीडिया समूह के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी से खुलकर बातचीत की। इस दौरान उन्होंने तीसरी बार भी लगातार जीत की उम्मीद की वजह नरेंद्र मोदी की चमत्कारिक शख्सियत और उनके नेतृत्व में दस साल के दौरान देशहित - जनहित में किए गए बेमिसाल कामों को बताया। पढ़िए इस बातचीत के खास अंश...।

inh न्यूज विशेष



## उनसे सीधी बात

**सवाल:** 2013 में आप राष्ट्रीय अध्यक्ष थे, तब आपने नरेंद्र मोदी का प्रधानमंत्री के रूप में चेहरा सामने रखा था, आज आप कितने संतुष्ट और खुश हैं?

**जबाव:** मोदी जी को प्रधानमंत्री के चेहरे के रूप में सामने रखने का फैसला पार्लियामेंट्री बोर्ड का था। गोवा में सभी ने मिलकर तय किया था कि नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री के चेहरे के रूप में सामने रखना है। पार्टी का यह फैसला सही था और भारत के इतिहास में पहली बार भाजपा को स्पष्ट बहुमत मिला और केंद्र में हमारी सरकार बनी।

**सवाल:** केंद्र में भाजपा सरकार और नरेंद्र मोदी के दस साल के कार्यकाल को लेकर क्या सोचते हैं, क्या उम्मीदें पूरी हो पाईं?

**जबाव:** आज नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री के रूप में काम करते हुए दस साल हो गए हैं। हमारी केंद्र सरकार पर एक भी रुपए का भ्रष्टाचार का आरोप नहीं लगा है। इसके पहले जितनी भी सरकारें रही हैं, उन पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं, कई मंत्रियों पर भी आरोप लगे और उनको जेल की हवा भी खाली पड़ी, लेकिन भाजपा सरकार पर ऐसा कोई आरोप नहीं है। किसी मंत्री पर भी कोई आरोप नहीं है। मोदी जी के नेतृत्व में विश्व में भारत की प्रतिष्ठा और कद बढ़ा है। अर्थव्यवस्था के मामले में भी देखें को मोदी सरकार में भारत मजबूत हुआ है। भारत पहले विश्व में 11 वें स्थान पर था, लेकिन मोदी सरकार के बनने के बाद भारत पांचवें स्थान पर आ ⏩ शेष पेज 5 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### ओबीसी:मुस्लिम जातियों की होगी समीक्षा



**जयपुर।** राजस्थान की भजनलाल सरकार में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा है कि लोकसभा चुनाव की आचार संहिता समाप्त होने के बाद उच्च स्तरीय कमेटी बनाकर मुस्लिम जातियों के ओबीसी कोटे की समीक्षा की जाएगी। गहलोत ने कहा कि मुस्लिम जातियों के ओबीसी आरक्षण की समीक्षा करवाई जाएगी।

### सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे का कार्यकाल बढ़ा



**नई दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे के कार्यकाल को एक महीना बढ़ा दिया गया है। कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने जनरल पांडे के सेवा विस्तार को मंजूरी दी है। विस्तार के बाद जनरल पांडे 30 जून तक सेना के अध्यक्ष रहेंगे। बता दें, पांडे 31 मई को रिटायर होने वाले थे लेकिन इससे पहले ही उन्हें सेवा विस्तार दिया गया।

### अमरनाथ यात्रा के लिए 3.20 लाख पंजीयन



**जम्मू।** 29 जून से शुरू हो रही श्री अमरनाथ यात्रा 2024 के लिए शिवभक्तों को बेसब्री से ऑनलाइन हेलिकॉप्टर टिकट बुकिंग शुरू होने का इंतजार है। अभी तक श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड की ओर से यह सुविधा शुरू नहीं की गई है। अब तक पारंपरिक बालटाल और पहलगाम रूट के लिए करीब 3.20 लाख श्रद्धालुओं ने अग्रिम पंजीकरण करवाया है।

### ये नवजात माफ नहीं करेंगे : अस्पताल का 'सड़ा हुआ सिस्टम' निगल गया इन नवजातों को

# ऑक्सीजन सिलेंडर फटा, फैली आग, खिड़कियां तोड़कर निकाले मासूम, लेकिन, सात की गई जान

## बेबी केयर सेंटर अग्निकांड

आसपास के लोगों ने पुलिस और दमकल विभाग के साथ मिलकर इमारत के पीछे की ओर की खिड़कियां तोड़ीं और किसी तरह वहां से नवजात बच्चों को एक-एक कर निकाला। अस्पताल के मालिक को गिरफ्तार कर लिया गया है।





हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

शाहदरा जिले के विवेक विहार में न्यू बोर्न बेबी केयर अस्पताल में शनिवार रात करीब 11.32 बजे आग लग गई। हादसे में सात नवजात बच्चों की मौत हो गई है। अस्पताल से 12 बच्चों का रेस्क्यू किया गया था। इस हादसे में पांच अन्य नवजात बच्चे जिंदगी और मौत के ⏩ शेष पेज 5 पर

### इधर, आवासीय इमारत में आग लगने से तीन लोगों की मौत

पूर्वी दिल्ली के कृष्णा नगर इलाके में रविवार को चार मंजिला एक आवासीय इमारत में आग लग जाने से तीन लोगों की मौत हो गई और एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। ⏩ शेष पेज 5 पर

### नहीं था सेफ्टी लाइसेंस

दमकल विभाग के निदेशक अतुल गर्ग ने बताया कि भूतल समेत तीन मंजिला इमारत पूरी तरह से आग की लपटों में घिरी हुई थी। इमारत के बाहर खड़ी एक वैन भी पूरी तरह से जल चुकी थी। नर्सिंग होम विभाग भी इस मामले में जांच कर रहा है कि संबंधित सेंटर के पास उपयुक्त लाइसेंस था या नहीं। ऐसी सूचना मिल रही है कि सुरक्षा को लेकर केंद्र के पास उपयुक्त लाइसेंस नहीं था।

### राष्ट्रपति व पीएम ने जताया दुख, 2 लाख की मदद

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने घटना पर दुख जताया है। उन्होंने पोस्ट करते हुए लिखा कि विवेक विहार, दिल्ली के एक अस्पताल में आग लगने से अनेक बच्चों की मृत्यु का समाचार हृदय विदारक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा- इस अविश्वसनीय कठिन समय में मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। मैं प्रार्थना करता हूं कि जो घायल हुए हैं वे जल्द से जल्द ठीक हो जाएं। इसके साथ पीएम मोदी घटना में मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख और घायलों को 50-50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है।

### खास बातें

- पांच अन्य नवजात बच्चे जिंदगी और मौत के बीच जंग लड़ रहे
- ऑक्सीजन सिलेंडर में रिफिलिंग के दौरान ब्लास्ट हो गया
- दमकल विभाग को आग को बुझाने में लग गए थे तीन घंटे
- स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज को दिल्ली के स्वास्थ्य सचिव ने स्टेटस रिपोर्ट दी
- जो भी इस लापरवाही का जिम्मेदार होगा वो बख्शा नहीं जाएगा : केजरीवाल
- दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने मुख्य सचिव से जांच कराने को कहा

### चश्मदीद बोले...

**हमने बच्चों को बाहर निकालने के लिए चादरें निकालीं**

चश्मदीदों के अनुसार उन्हें एक के बाद एक तेज धमाकों की आवाज सुनाई दी। आग के कारण अस्पताल में रखे ऑक्सिजन सिलेंडर 50 मीटर तक दूर जाकर गिरे। जिसके कारण साथ वाले घरों में भी आग लग गई। रेजिडेंशल एरिया में ⏩ शेष पेज 5 पर



**असमय विदा हुए नवजात बच्चों का 'शोकगीत'**

### मां, मैं अब नहीं लौटूंगा...तुम्हारी लोरियां अनसुनी ही रहेंगी

मां जितना आपको मेरे आने का इंतजार था उससे कहीं ज्यादा बीते 9 महीने से आपसे मिलने का इंतजार मैं कर रहा था। मैं सोचता था कितना अच्छा होगा जब आप मुझे लोरियां सुनाओगी, मैं रात में नींद से उठ-उठकर आपको और पापा को डिस्टर्ब करूंगा और आप दोनों हंसते हुए मुझे अपने गोद पर सुलाओगे। मैं आपके गर्भ में रहते हुए ये सुनता था कि मेरे आने पर आप क्या क्या करेंगे। कितना जश्न होगा कितने लोग बुलाए जाएंगे। मैं अदंर ही अंदर इतना खुश हो रहा था। लेकिन किसी वजह से जब मैं इस दुनिया में आया तो कुछ कमजोर था। मुझे आगे किसी तरह की दिक्कत ना हो और मैं दूसरे बच्चों की तरह ही तंदरुस्त बना रहूं, इसके लिए मुझे पहले दिन से ही आपने वो सुविधाएं भी दीं। बड़े-बड़े डॉक्टरों के पास ले गए, बड़े-बड़े नर्सिंग होम में मुझे रखा। मैं हर बीतते दिन के साथ आपके साथ खेलने के लिए और मजबूत हो रहा था मां। लेकिन मुझे कहां पता था कि जिस नर्सिंग होम में मुझे आपने और बेहतर होने के लिए भर्ती कराया था, मैं वहां से अब कभी आपके पास नहीं लौट पाऊंगा। मां मैं अब कभी नहीं लौटूंगा...ये सच है...ये वो सच है जो एक टीस बनकर आपके सीने में जिंदगी भर चुभेगा। उस काली रात एकाएक कुछ ऐसा हुआ कि जब तक मैं ये समझ पाता कि मेरे जिस्म को ये कौन जला रहा है तब तक मेरी सांस टूट गई। मां मुझे आपके पास आना था, आपके साथ खेलना था। आपसे ढेर सारी लोरियां सुननी थीं... पर अब कहां कर पाऊंगा मां।



### राजकोट गेम जोन हादसा

## मृतकों की संख्या 33 हुई, जांच को भेजे गए 25 डीएनए सैंपल

एजेंसी ⏭ अहमदाबाद

गुजरात के राजकोट गेम जोन हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर 33 हो गई है। इसमें नौ बच्चे शामिल हैं। शवों की पहचान के लिए डीएनए टेस्ट किया जाएगा। इसके लिए सैंपल लेकर उन्हें गांधीनगर लाया गया है। रिपोर्ट मैच करने के बाद परिवारों को डेडबॉडी दी जाएंगीं। राज्य के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने गृह मंत्री हर्ष संघवी के साथ घटनास्थल का दौरा किया है। राजकोट के नाना मोवा रोड पर टीआरपी गेम जोन में शनिवार शाम को आग ⏩ शेष पेज 5 पर

- पुलिस ने अभी तक गेमजोन से जुड़े 10 लोगों को अरेस्ट किया



### पहली भारतीय निर्देशक बनीं पायल

## पायल की फिल्म को ग्रैंड प्रिक्स अवार्ड 8 मिनट तक गूंजी तालियां

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

कान फिल्म महोत्सव की धूम हर जगह हैं। पायल कपाड़िया की फीचर फिल्म 'ऑल वी इमेजिन ऐज लाइट' का प्रीमियर 23 मई को 2024 कांस फिल्म फेस्टिवल में कॉम्पिटिशन सेक्शन में किया गया था। इस फिल्म फेस्टिवल में 30 साल बाद किसी फिल्म का प्रीमियर किया गया।

यह कॉम्पिटिशन सेक्शन में दिखाई जाने वाली पहली भारतीय फिल्म है। 77वें कांस फिल्म फेस्टिवल के आखिरी दिन शानदार अवॉर्ड फंक्शन ⏩ शेष पेज 5 पर

- यह कॉम्पिटिशन सेक्शन में दिखाई जाने वाली पहली भारतीय फिल्म



### केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने किए दो बड़े ऐलान

## 5 साल में यूसीसी, सितंबर से पहले जम्मू कश्मीर में चुनाव

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को दो बड़े ऐलान किए। पहला ऐलान उन्होंने यूसीसी को लेकर किया है जिसमें शाह ने कहा कि मोदी सरकार के अगले कार्यकाल में ही देशभर में समान नागरिक संहिता लागू कर दी जाएगी।

अगर भाजपा की सत्ता में वापसी होती है तो सभी हितधारकों से व्यापक चर्चा के बाद यूसीसी को लाया जाएगा। दूसरा बड़ा ऐलान करते हुए स्पष्ट किया कि लोकसभा का चुनाव खत्म होते ही सरकार जम्मू एवं कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल ⏩ शेष पेज 5 पर



सुप्रीम कोर्ट की समय सीमा से पहले चुनाव की प्रक्रिया पूरी कर लेंगे

**घाटी में बड़ा बदलाव आया**

शाह ने कहा कि जम्मू कश्मीर में लोकसभा चुनाव भी खत्म हो चुके हैं। इसके बाद विधानसभा चुनाव होंगे। हम सुप्रीम कोर्ट की समय सीमा से पहले प्रक्रिया पूरी कर लेंगे। कोर्ट ने 11 दिसंबर 2023 को चुनाव आयोग को 30 सितंबर 2024 तक जम्मू-कश्मीर में चुनाव कराने का निर्देश दिया था। चुनावों के दौरान कश्मीर घाटी में अपेक्षाकृत अधिक मतदान होने पर शाह ने कहा कि उनका मानना है कि घाटी में बड़ा बदलाव आया है।

### बीसीसीआई की अनोखी पहल... हर एक डॉट बॉल लाएगी हरियाली

## प्लेऑफ में पड़ी 'डॉट बॉल' पर बीसीसीआई 500 पौधे लगाएगा

बीसीसीआई ने पिछले आईपीएल सत्र के दौरान भी इसी तरह की पहल की थी

एजेंसी ⏭ मुंबई

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के प्लेऑफ में फेंकी गई प्रत्येक डॉट बॉल के लिए 500 पेड़ लगाने के लिए टाटा समूह के साथ साझेदारी की है। प्लेऑफ के क्वालिफायर-1 में कोलकाता नाइटराइडर्स का सामना सनराइजर्स हैदराबाद मैच में स्कोर कार्ड पर डॉट बॉल के स्टार पर या तो पेड़ की इमोजी या फिर ग्रीन डॉट नजर आया। ऐसे में सवाल उठने लगा है कि आखिरी यह क्या है। बता दें कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने एक अनोखी पहल शुरू की है। इसके तहत प्लेऑफ में प्रत्येक डॉट बॉल पर बीसीसीआई 500 पौधे लगाएगा। पिछले सीजन भी ऐसा देखने को मिला था। ⏩ शेष पेज 5 पर



### 2023 में लगाए थे 1,47,000 पौधे

आईपीएल 2023 के बाद भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने 4 राज्य असम, गुजरात, कर्नाटक और केरल में 1,47,000 पौधे लगाए थे। बीसीसीआई की इस पहल की काफी सराहना भी हो रही है। यह पर्यावरण के हिसाब से काफी अच्छी पहल है। यह बोर्ड की एक बड़ी पहल है और इससे दुनिया भर के लोगों में जागरूकता भी फैलेगी।

### आईपीएल-2024 : 10 साल बाद चेपॉक में फिर चैंपियन बनी केकेआर

## 'बादशाह' की टीम फिर 'बादशाह'

केकेआर ने सनराइजर का सूर्योदय नहीं होने दिया

एजेंसी ⏭ चेन्नई

कोलकाता नाइट राइडर्स ने आईपीएल-2024 का खिताब जीत लिया है। टीम ने फाइनल मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद को 8 विकेट से हराया। कोलकाता की टीम इस लीग में तीसरी बार चैंपियन बनी है। टीम ने 10 साल बाद खिताब जीता है। पिछली बार कोलकाता 2014 में चैंपियन बनी थी।

चेपॉक मैदान पर रविवार को हैदराबाद ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी और 18.3 ओवर में 113 रन पर ऑलआउट हो गई। कोलकाता ने 114 रन का टारगेट 10.3 ओवर में 2 विकेट पर हासिल कर लिया। मुकाबले में हैदराबाद टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया, जो गलत साबित हुआ। ⏩ शेष पेज 5 पर

### खास बातें

- कोलकाता ने तीसरी बार जीती आईपीएल ट्रॉफी, फाइनल में हैदराबाद को 8 विकेट से हराया
- इतिहास का सबसे छोटा स्कोर बनाने वाली टीम बनी हैदराबाद

सनराइजर की मालकिन रोती रहीं उधर किंग खान अपने अंदाज में जीत को सेलिब्रेट करते रहे



**केकेआर की आईपीएल जीत के हीरो:** कोलकाता नाइट राइडर्स के गेंदबाजों और बल्लेबाजों दोनों ने ही पूरे टूर्नामेंट में गजब योगदान दिया।टीम के लिए सबसे ज्यादा 488 रन सुनील नरेन ने बनाए। फिल सॉल्ट ने 435 रनों का योगदान दिया। वेंकटेश अय्यर ने 46 की औसत से 368 रन बनाए। श्रेयस अय्यर ने भी 350 रन ठोके। गेंदबाजी में वरुण चक्रवर्ती ने सबसे ज्यादा 21 विकेट लिए।

### शाहरुख ने मनाया जीत का जश्न तो काव्य ने किया बाय बाय





कोलकाता नाइट राइडर्स की जीत के बाद अब शाहरुख खान का एक वीडियो वायरल हुआ। वीडियो में जीत के बाद जश्न मनाते हुए नजर आए। शाहरुख मैच जीतने के बाद अपनी पत्नी गौरी खान को गले लगाते दिखे। वहीं हैदराबाद टीम की मालकिन काव्य मारन का 7 सेकंड का वीडियो वायरल है उसमें वह हाथ हिलाकर सबको बाय बाय कहते हुए बाहर जाती हुई दिख रही हैं।

## खबर संक्षेप

### आईपी यूनिवर्सिटी में काउंसलिंग 31 को

**नई दिल्ली।** आईपी यूनिवर्सिटी के लेटरल एंट्री से बीटेक फॉर बीएससी ग्रेजुएट्स प्रोग्राम (सीईटी कोड 129) की ऑफलाइन काउंसलिंग 31 मई को द्वारका कैंपस में आयोजित की जाएगी। आईपी यूनिवर्सिटी के जनसंपर्क अधिकारी नलिनी रंजन ने रविवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रोग्राम के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा के सभी सफल उम्मीदवार इस काउंसलिंग में भाग ले सकते हैं। आवेदक को अपने साथ यूनिवर्सिटी के कुलसचिव के नाम से निर्गत 97 हजार रुपए का एक बैंक ड्राफ्ट, दिए गए सीईटी का एडमिट कार्ड और रैंक कार्ड एवं चार पासपोर्ट आकार के फोटोग्राफ भी लाने हैं। इस काउंसलिंग में डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के उपरांत प्राप्त रैंक के अनुसार सीट आवंटन भी कर दिया जाएगा।

### नियुक्ति रद्द करने के आदेश को चुनौती दी

**नई दिल्ली।** प्रोफेसर इकबाल हुसैन ने जामिया मिलिया इस्लामिया के कार्यवाहक कुलपति के तौर पर अपनी नियुक्ति को निरस्त किये जाने के दिल्ली हाईकोर्ट की एकल पीठ के फैसले के खिलाफ खंडपीठ का दरवाजा खटखटाया है। हुसैन की अपील न्यायमूर्ति रेखा पल्ली और न्यायमूर्ति सौरभ बनर्जी की खंडपीठ के समक्ष सोमवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध है। हाईकोर्ट के एकल न्यायाधीश ने हुसैन को प्रति कुलपति बनाये जाने तथा बाद में विश्वविद्यालय के कार्यवाहक कुलपति के तौर पर नियुक्ति को यह कहते हुए रद्द कर दिया था कि नियुक्तियां संबंधित कानून के अनुरूप नहीं की गई थीं।

### मुंगेशपुर में 48.3 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज, गर्मी से लोग परेशान

# चार दिन भीषण लू से बेहाल रहेगी राजधानी!

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली





दिल्ली में पड़ रही भीषण गर्मी के बाद अब अगले चार दिन झुलसाने वाली लू की मार सहनी पड़ सकती है। ऐसे में राजधानी वालों को अब प्री मानसून बारिश का बेसब्री से इंतजार है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने दिल्ली में भीषण गर्मी और लू को लेकर तीन दिन का अलर्ट जारी किया है।

आईएमडी के अनुसार रविवार को दिल्ली में सबसे ज्यादा तापमान मुंगेशपुर में 48.3 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। वहीं राजधानी का औसत अधिकतम तापमान 45.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जबकि न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस रहा। सुबह मौसम राहत भरा दिखा लेकिन दोपहर होते होते सूरज ने अपने कड़े तेवर अपना लिए। जिसके बाद दिल्ली में भीषण गर्मी के साथ लू भी परेशान करने वाली रही। आईएमडी की माने तो दिल्ली में अगले 4 दिन तक भीषण गर्मी और झुलसाने वाली लू की वजह से दोहरी मार सहनी पड़ी। आईएमडी का अनुमान है कि अगले चार दिनों तक अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस व इस दौरान हवा की स्पीड 40 किलोमीटर प्रति घंटे तक भी पहुंच सकती है। आईएमडी का अनुमान है कि इस महीने के अंतिम दिन यानी 31 मई को दिल्ली में हल्की बूंदाबांदी दर्ज हो सकती है। आईएमडी का कहना है कि फिलहाल किसी पश्चिमी विक्षोभ के पश्चिमी हिमालय पर दस्तक देने की संभावना नहीं है। इससे उत्तर पश्चिमी भारत के इलाकों में भीषण गर्मी पड़ने की संभावना है। मौसम विभाग ने दिल्ली में 29 मई तक भीषण गर्मी और लू चलने का रेड अलर्ट जारी किया है। 30 मई को भी मौसमी परिस्थितियां कमोबेश ऐसा ही रहेंगी। इसको लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। आईएमडी ने 31 मई को दिल्ली में मौसम बदलने और हल्की बारिश, बूंदाबांदी की संभावना जताई है। इस दौरान 20 से 30 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड से तेज हवाएं चलने का अनुमान जताया है। इस दौरान आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। मौसम विभाग ने पहली जून से तापमान में थोड़ी कमी आने की संभावना जताई है।

## रिहायशी इलाकों में जगह-जगह लगे हैं कूड़े के ढेर : राजा इकबाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में साफ-सफाई की स्थिति यह हो गई है न तो समय से कूड़े की गाड़ी रिहायशी इलाकों में पहुंच रही है और न ही गली -मोहल्लों से समय से कूड़ा उठ रहा है। आम आदमी पार्टी (आप) सरकार के आने के बाद रिहायशी इलाकों में जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हुए हैं।

दिल्ली नगर निगम के नेता विपक्ष व पूर्व महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने आप शासित नगर निगम पर कूड़े के पहाड़ों को हटाने का कार्य ठप करने का आरोप लगाते हुए यह बातें कहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा के समय पर बड़े स्तर पर ढलाव घरों को बंद करने का अभियान शुरू हुआ था। इनमें लोगों के रोजमर्रा की जरुरी वस्तुओं की दुकानें खोली गई। कई स्थानों पर इसमें पुस्तकालय बनाए गए। इतना ही नहीं स्वयं महापौर से लेकर नेता सदन के वार्ड में स्थिति ऐसी खराब है कि लोग परेशान है। राजा इकबाल सिंह ने कहा कि कूड़े और सफाई व्यवस्था ठीक न होने से आप से जनता नाराज है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने वर्ष 2019 में बड़ी तेजी से कार्य शुरू किए थे।

### बढ़ रहा वायु प्रदूषण

गाजीपुर, भलस्वा और ओखला की ऊंचाई घटते हुए लोग स्वयं देख रहे थे लेकिन जब से निगम में आप की सत्ता आई है काम पूरी तरह ठप हो गया है। इतना ही नहीं इन कूड़े के पहाड़ों पर लगने वाली आग से दिल्ली का वायु प्रदूषण भी बढ़ रहा है।

## मुझे रेप व जान से मारने की मिल रही धमकियां : मालीवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



आम आदमी पार्टी से राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने रविवार को कहा कि उन्हें बलात्कार और जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं। इसकी शिकायत उन्होंने पुलिस से की है।

स्वाति ने इस बात की जानकारी सोशल मीडिया मंच एक्स पर दी है। उन्होंने रविवार को एक्स पर लिखा है कि मेरी पार्टी के नेताओं और स्वयंसेवकों के बाद आम आदमी पार्टी (आप) ने मेरे खिलाफ चरित्र हनन, पीड़िता को शर्मसार करने और भावनाएं भड़काने का अभियान चलाया है। मुझे बलात्कार और जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं। उन्होंने कहा कि यह अभियान तब और बढ़ गया जब यू-ट्यूबर ध्रुव राठी ने मेरे खिलाफ एकतरफा वीडियो पोस्ट किया। मालीवाल ने कहा कि जहां तक पार्टी नेतृत्व की बात है तो यह बिल्कुल स्पष्ट है कि वे मुझे अपनी शिकायत वापस लेने के लिए डराने-धमकाने की कोशिश कर रहा है। हालांकि, ध्रुव के लिए, मैंने अपना पक्ष बताने के लिए उस तक पहुंचने की पूरी कोशिश की लेकिन उसने मेरी कॉल और संदेशों को नजरअंदाज कर दिया। यह शर्मनाक है कि उनके जैसे लोग, जो स्वतंत्र पत्रकार होने का दावा करते हैं, अन्य आप वक्ताओं की तरह काम कर सकते हैं और पीड़ित ने मुझे इस हद तक शर्मिंदा किया है कि अब मुझे अत्यधिक दुर्व्यवहार और धमकियों का सामना करना पड़ रहा है।

## प्रत्याशियों ने बिताया परिजनों के साथ दिन...











दिल्ली भाजपा के लोकसभा चुनाव प्रत्याशियों प्रवीन खंडेलवाल, हर्ष मल्होत्रा, योगेंद्र चंदोलिया, रामवीर सिंह बिधूड़ी एवं कमलजीत सहरावत ने चुनाव बाद रविवार अपने परिजनों के साथ बिताया और उनमें से अधिकांश ने अपने फुर्सत के पल साझा किए। वहीं, प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा एवं सांसद मनोज तिवारी रविवार दोपहर ही चुनाव प्रचार के लिए ओडिशा एवं उत्तर प्रदेश चले गये थे। फोटो : हरिभूमि

### आरटीआईः आईआरडीएआई ने जारी किया विवरण

# देश में 80,455 करोड़ रुपये के 10.46 लाख सड़क दुर्घटनाओं के दावे हैं लंबित

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली/नोएडा



देश में सड़क दुर्घटनाओं से जुड़े 80,455 करोड़ रुपये के लगभग 10,46,163 दावे लंबित हैं और 2018-19 से 2022-23 के बीच इनकी संख्या में लगातार वृद्धि हुई। सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के तहत दायर आवेदन के माध्यम से यह जानकारी मिली है। अप्रैल में सुप्रीम कोर्ट के वकील के. सी. जैन के आवेदन के जवाब में भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) ने यह विवरण प्रदान किया है।

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय से पूछे गए प्रश्न में जैन ने राज्य और जिलेवार विवरण के साथ-साथ देश में लंबित मोटर दुर्घटना दावों की कुल संख्या बताने का अनुरोध किया था। उन्होंने पिछले पांच वर्षों के दौरान शुरू किए गए, निपटाए गए व शेष दावों का वार्षिक विवरण और मोटर दुर्घटना दावों के शीघ्र निपटान के लिए केंद्र द्वारा की गई पहल, यदि कोई हो, के बारे में पूछा था। आईआरडीएआई की जानकारी के मुताबिक वित्त वर्ष 2018-19 में 52,713 करोड़ रुपये के 9,09,166 दावे, 2019-20 में 61,051 करोड़ रुपये के 9,39,160 दावे, 2020-21 में 70,722 करोड़ रुपये के 10,08,332 दावे, 2021-22 में 74,718 करोड़ रुपये के 10,39,323 दावे, 2022-23 में 80,455 करोड़ रुपये के 10,46,163 दावे थे। क्षेत्रीय स्तर की जानकारी के बारे में आईआरडीएआई ने कहा कि मोटर थर्ड पार्टी दावों का जिला-वार और राज्य-वार विवरण आईआरडीएआई के पास उपलब्ध नहीं है, क्योंकि आईआरडीएआई ऐसी विस्तृत जानकारी एकत्र या बरकरार नहीं रखता। आगरा में रहने वाले वकील जैन ने आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि लंबित दावों की संख्या साल दर साल बढ़ती जा रही है, और सड़क दुर्घटनाओं में मृतक व घायल व्यक्तियों के आश्रितों के दावों के निपटान में भी देरी हो रही है। सड़क सुरक्षा कार्यकर्ता ने दावा निपटान की कछुआ चाल पर भी चिंता जताई और अनुमान लगाया कि पीड़ित को वित्तीय राहत पाने में औसतन चार साल लगते हैं।

### कांग्रेस उम्मीदवारों ने किया मतदाताओं का धन्यवाद

**नई दिल्ली।** दिल्ली लोकसभा के लिए शनिवार को हुए मतदान के दूसरे दिन रविवार को कांग्रेस के तीनों उम्मीदवारों ने मतदाताओं का धन्यवाद कया है। चांदनी चौक से कांग्रेस व इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार जयप्रकाश (जेपी) अग्रवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया है। अग्रवाल ने कहा है कि भीषण गर्मी के बावजूद लोकतंत्र के महापर्व में उत्साहपूर्वक सहभागी बनने वाले कांग्रेस एवं आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता, मतदाताओं को दिल से धन्यवाद। पश्चिमी दिल्ली आरक्षित सीट से कांग्रेस उम्मीदवार उदित राज ने मतदाताओं व कार्यकर्ताओं का धन्यवाद करते हुए कहा कि भीषण गर्मी के बावजूद मेरे समर्थन में मतदान करने पर आप सभी का धन्यवाद। वहीं उत्तर पूर्वी दिल्ली सीट से उम्मीदवार कन्हैया कुमार ने कहा है कि लोकतंत्र को बचाने की इस लड़ाई में मेरा साथ देने वाले सभी कार्यकर्ताओं व मतदाताओं का हार्दिक आभार।

# कंझावला शमशान घाट की हालत जर्जर

### नवीनीकरण कार्य में ग्रामीण लगा रहे हैं अनियमितता का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली देहात के कई गांवों में शमशान घाटों की स्थिति दयनीय हैं। कई जगह बारिश से बचाव के लिए शेल्टर ही नहीं हैं तो कई जगह शेल्टर जर्जर हैं। ऐसा ही एक मामला कंझावला गांव से सामने आया है। यहां ग्रामीण हरिपाल डबास ने परेशानी व्यक्त करते हुए रविवार को बताया कि शमशान घाट की हालत जर्जर और दयनीय है और अब शमशान घाट की मरम्मत/ नवीकरण का जो कार्य चल रहा है, उसमें अनियमितताएं सामने आ रही है।

सबसे पहले उन्होंने बताया कि यहां इस नवीनीकरण कार्य को लेकर कोई सूचना बोर्ड ही नहीं लगाया गया है जिस पर विभाग और अधिकारियों की जानकारी अंकित होती है। उन्होंने बताया कि दिल्ली सरकार के बाढ़ एवं सिंचाई विभाग द्वारा किए जा रहे इस कार्य की जब उन्होंने सूचना अधिकार अधिनियम के तहत जानकारी मांगी तो वह भी आधी अधूरी जानकारी दी गई। उन्होंने आरोप लगाया है कि यह कार्य मनमानी से किया जा रहा है। उनका कहना है कि शमशान घाट की बाहरी चारदीवारी बिना पूरी उखाड़े ही पुरानी चारदीवारी सड़क के लेवल पर रखकर उसी पर डीपीसी डाल दी गई है और सिर्फ 6 सार नीचे से 12 एमएम के 4 सरिये का कॉलम उठा कर लाया गया हैं। दिल्ली सरकार से सवाल करते हुए उन्होंने कहा कि क्या पुरानी दीवार बिना पूरी उखाड़े, यही मरम्मत/ नवीकरण वर्क प्रोजेक्ट के अनुरूप हैं। ऐसे तो यहां शमशान घाट के निर्माण में भी भ्रष्टाचार की बूं आ रही है। यह मानवता के साथ खिलवाड़ है। ग्रामीण ने सुझाव भी दिया है कि पुरानी टेढ़ी हुई दीवार को अंत तक उखाड़ कर शुरू से यहां चारों तरफ नई दीवार खड़ी की जाए।

### नियमानुसार किया जा रहा कार्य

बाढ़ एवं सिंचाई विभाग के सीडी आठ के एग्जक्यूटिव इंजीनियर (ईई) प्रदीप नायक का कहना है कि कंझावला शमशान घाट की मरम्मत/ नवीकरण का जो कार्य चल रहा है, उसमें अनियमितताएं नहीं हैं बल्कि सभी कार्य उचित तरीके से नियमानुसार किए जा रहे हैं।





# सात नवजात शिशुओं की मौत के बाद अस्पताल का मालिक हुआ गिरफ्तार

एजेंसी, हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली

पुलिस ने पूर्वी दिल्ली के बच्चों के एक अस्पताल के मालिक को गिरफ्तार कर लिया है, जहां आग लगने से सात नवजात शिशुओं की मौत हुई है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शनिवार देर रात आग लगने के बाद से डॉक्टर नवीन किची फरार थे।

दिल्ली अग्निशमन सेवा के अधिकारियों ने कहा कि पूर्वी दिल्ली के विवेक विहार इलाके में बेबी केयर न्यू बोर्न हॉस्पिटल में शनिवार रात करीब 11:30 बजे आग लग गई, जिसने आसपास की दो इमारतों को अपनी चपेट में ले लिया। उन्होंने बताया कि 12 नवजात शिशुओं को अस्पताल से निकाला गया, लेकिन उनमें से सात की मृत्यु हो गई।

उन्होंने बताया कि पांच बच्चों का दूसरे अस्पताल में इलाज किया जा रहा है।

दिल्ली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विवेक विहार थाने में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 336 (दूसरों की जान खतरे में डालने वाला कार्य) और 304ए (लापरवाही से मौत का कारण बनना) के तहत मामला दर्ज किया है।




## बच्चों के अस्पताल में आग लगने की घटना हृदय विदारकः राष्ट्रपति



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को कहा कि दिल्ली के एक अस्पताल में आग लगने से बच्चों की मौत होने की घटना हृदय विदारक है। इसके साथ ही उन्होंने शोक संतप्त अभिभावकों को यह दुख सहन करने की शक्ति देने की ईश्वर से प्रार्थना की। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि मैं इस घटना में घायल हुए अन्य शिशुओं के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं। पूर्वी दिल्ली के विवेक विहार में बच्चों के एक अस्पताल में भीषण आग लगने से कम से कम सात नवजात शिशुओं की मौत हो गई। राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' में एक पोस्ट में कहा कि दिल्ली के विवेक विहार के एक अस्पताल में आग लगने से अनेक बच्चों की मृत्यु का समाचार हृदय विदारक है। ईश्वर शोक संतप्त माता-पिता एवं परिजनों को यह आघात सहने की शक्ति दें। मैं इस घटना में घायल हुए अन्य बच्चों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं।

## दिल्ली सरकार ने आग लगने की घटना की मजिस्ट्रेट जांच का दिया आदेश




दिल्ली सरकार ने विवेक विहार के एक अस्पताल में आग लगने से सात शिशुओं की मौत के मामले में मजिस्ट्रेट जांच का आदेश दिया है। रविवार को जारी एक आदेश में, मंडलायुक्त अश्विनी कुमार ने शाहदरा जिले के जिला मजिस्ट्रेट को शनिवार रात हुई घटना की जांच का निर्देश दिया। आदेश में कहा गया है, "जिला मजिस्ट्रेट (शाहदरा) एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष को आग लगने की उक्त घटना की जांच करने का निर्देश दिया जाता है। आदेश में निर्देश दिया गया कि जितनी जल्दी हो सके, जांच रिपोर्ट पेश की जाए।

## एलजी ने कहा मासूम बच्चों के दोषियों को हर हाल में मिलेगी सजा, मुख्य सचिव को जांच के आदेश



**नई दिल्ली।** उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने विवेक विहार में एक चाइल्ड अस्पताल में शनिवार देर रात हुए भीषण अग्निकांड में मासूमों की मृत्यु पर गहरा दुख प्रकट करते हुए कहा कि दोषियों को हर हाल में मिलेगी सजा। मैं पीड़ित परिवारों को आश्वासन देता हु कि मैं इस घटना के दोषियों को सजा दिलवाने का आश्वासन देता हूं। एलजी ने इस दर्दनाक घटना की निष्पक्ष जांच के लिए दिल्ली के मुख्य सचिव नरेश कुमार को आदेश दिए है। साथ ही मुख्य सचिव को पीड़ित परिवारो की हर संभव मदद के लिए भी कहा है। इसके अलावा एलजी ने दिल्ली पुलिस आयुक्त से भी इस घटना संबंधित पूरी रिपोर्ट मांगी है। उपराज्यपाल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि मैंने मुख्य सचिव से दिल्ली में बच्चों के अस्पताल में आग लगने की दुखद घटना की जांच करने का निर्देश दिया है। साथ ही सीपी (पुलिस आयुक्त) को सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने का भी आदेश दिया है। उन्होंने कहा कि शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं। एलजी ने कहा कि बेबी केयर न्यू बॉर्न नामक निजी अस्पताल में आग लगने की घटना में 12 नवजात शिशुओं को सुरक्षित बचा लिया गया, लेकिन उनमें से सात की मृत्यु हो गई। बता दें कि यमुना स्थित विवेक विहार में बेबी केयर न्यू बोर्न नामक निजी अस्पताल में शनिवार देर रात करीब 11:30 बजे आग लग गई और देखते ही देखते आग ने दो अन्य इमारतों को भी अपनी चपेट में ले लिया। इस दर्दनाक हादसे में सात नौनिहालों की मृत्यु हो गई, जबकि पांच अन्य घायलों को इलाज दूसरे अस्पताल में किया जा रहा है।



कृष्णानगर इलाके में एक चार मंजिला इमारत में लगी आग में तीन की मौत।





अपनों को खोने के बाद रोते परिजन।

## अस्पताल गतिविधियों के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई न की जाए : एमसीडी

विवेक विहार अग्निकांड घटना को लेकर दिल्ली नगर निगम प्रशासन का कहना है कि "दिल्ली मेडिकल एसोसिएशन बनाम यूओआई एवं अन्य" शीर्षक वाले मामले में, दिल्ली उच्च न्यायालय के निर्देश हैं कि ऐसी गतिविधियों यानी नर्सिंग/अस्पताल गतिविधियों के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई न की जाए। इसके साथ ही दिल्ली नगर निगम प्रशासन का कहना है कि विचाराधीन स्थल अर्थात शिशु देखभाल, नवजात अस्पताल, सी-54, विवेक विहार, चरण-1, नई दिल्ली-95 का निरीक्षण किया गया है। निरीक्षण के दौरान, इस परिसर में भूतल और प्रथम तल शामिल पाया गया और पता चला कि यह एक पुरानी निर्मित इमारत थी। आसपास के निवासियों के साथ साइट पर की गई स्थानीय पूछताछ से पता चला कि विचाराधीन इमारत का निर्माण वर्ष 2001-02 में किया गया था और इस इमारत में बेबी केयर हॉस्पिटल (तल और प्रथम तल) वर्ष 2015 से संचालित हो रहा है। यह भवन स्वीकृत भवन योजना के तहत निर्मित है।

निगम प्रशासन ने आगे बताया कि इस संदर्भ में, यह प्रस्तुत करना अनिवार्य है कि एमपीडी 2021 के तहत मिश्रित उपयोग विनियमों के अंतर्गत 'अन्य गतिविधियां' (जिसमें नर्सिंग/अस्पताल गतिविधियां शामिल हैं) को संबंधित नियमों के तहत अनुमति दी गई है।

## नवजातों की मौत पर मालीवाल ने व्यक्त किया दुख

राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने शनिवार रात को पूर्वी दिल्ली के विवेक विहार इलाके में एक बेबी केयर सेंटर में आग लगने से सात नवजातों की मौत पर रविवार को गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर दुख व्यक्त करते हुए लिखा कि यह अत्यंत दुखद एवं हृदयविदारक है। भगवान परिवारों को शक्ति दे।

## राहुल गांधी ने बच्चों की मौत पर दुख जताया



दिल्ली के एक अस्पताल में आग लगने से सात नवजात शिशुओं की मौत के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को इस घटना को हृदय विदारक बताया और घायल बच्चों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की। उन्होंने अस्पताल में आग लगने से जान गंवाने वाले नवजात बच्चों के अभिभावकों के प्रति भी अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। गांधी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि दिल्ली में बेबी केयर अस्पताल में आग लगने से कई नवजात बच्चों की मृत्यु का समाचार अत्यंत हृदयविदारक है। सभी शोकाकुल माता-पिता और परिजनों को मेरी गहरी संवेदनाएं। घायल बच्चों के जल्द से जल्द स्वस्थ और सकुशल होने की आशा करता हूं। अधिकारियों ने बताया कि पूर्वी दिल्ली के विवेक विहार में बच्चों के एक अस्पताल में आग लगने से सात नवजात शिशुओं की मौत हो गयी। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के अधिकारियों ने बताया कि 'बेबी केयर न्यू बॉर्न' अस्पताल में शनिवार रात करीब 11:30 बजे आग लग गई और जल्द ही यह दो अन्य इमारतों में भी फैल गई। संभागीय अग्निशमन अधिकारी राजेंद्र अटवाल ने कहा कि आग पर काबू पाने के लिए दमकल की 16 गाड़ियों को लगाया गया। उन्होंने बताया कि दो मंजिला इमारत में रखे ऑक्सीजन सिलेंडर में विस्फोट हुआ, जिससे आसपास की इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं।

# अग्निशमन विभाग भी बन गया है आपराधिक लापरवाही और भ्रष्टाचार का केंद्र : सचदेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली

केजरीवाल सरकार के कई अन्य विभागों की तरह अग्निशमन विभाग भी आपराधिक लापरवाही और भ्रष्टाचार का केंद्र बन गया है। दिल्ली में दोनों दुर्घटना स्थलों का दौरा करने के बाद दिल्ली भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने मीडिया से बात करते हुए यह आरोप लगाया और कहा कि जिन मासूम बच्चों की मृत्यु हुई है, उनका क्या कसूर था जिन्होंने अपनी आंखे तक पूरी तरह नहीं खोली थी। सचदेवा ने कहा कि यह केवल दुर्घटना नहीं बल्कि अरविंद केजरीवाल सरकार की लापरवाही के कारण हुई यह हत्याओं का मामला है। इस मामले में जो भी दोषी हैं, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। दिल्ली में बार-बार बड़ी आग लगने की घटनाएं होती रही हैं लेकिन यह दुखद है कि अग्निशमन विभाग की कार्यप्रणाली अनियंत्रित रहती है।



उन्होंने कहा है कि दिल्ली में इस तरह के हादसे लगातार हो रहे हैं और इन हादसों पर लापरवाह केजरीवाल सरकार जांच कराने की बात कहकर अपना पल्ला झाड़ लेती है।

सचदेवा ने कहा कि जांच के नाम पर सिर्फ पैसा वसूला जाता है और पूरी घटना को ठंढे बस्ते में डाल दिया जाता है। पिछले कुछ समय में अनाज मंडी फिल्मिस्तान, मुंडका फैक्ट्री, नरेला फैक्ट्री, अलीपुर गोदाम, करोल बाग के होटलों में और अब यहां इस तरह की घटना हुई है लेकिन दिल्ली सरकार आंखें बंद करके बैठी हुई है।

प्रदेश भाजपा के अनुसार अध्यक्ष सचदेवा ने रविवार की सुबह पूर्वी दिल्ली में शनिवार रात से रविवार सुबह के बीच हुई दो अग्नि कांड दुर्घटना स्थलों पर गए और दोनों हादसों में 10 निर्दोष जानें जाने पर गहरा दुख व्यक्त किया। सचदेवा ने विवेक विहार के सी ब्लाक स्थित बच्चों के उस अस्पताल परिसर का निरीक्षण किया जिसमें शनिवार रात आग लगने के कारण 7 बच्चों की मृत्यु हो गई और कुछ अन्य घायल हो गये।

- केजरीवाल सरकार जांच कराने की बात कहकर अपना पल्ला झाड़ लेती है

सचदेवा ने अस्पताल में बच्चों की मृत्यु पर शोक जताया है और आश्वासन दिया है कि भाजपा उन शोकाकुल परिवारों की हर संभव मदद करने के लिए तैयार हैं। दुर्घटनाग्रस्त अस्पताल की आग पड़ोस के एक मकान तक फैली और मकान में रहने वाले तीन परिजन भी घायल हुए। सचदेवा इस प्रभावित बंसल परिवारों से भी मिले और सबको जल्द स्वस्थ होने की कामना की। सचदेवा शनिवार सुबह पश्चिमी आजाद नगर स्थित उस मकान पर भी गये जिसमें आग लगने से तीन परिजनों की शनिवार सुबह दुखद मृत्यु हो गई। घटना स्थल पर पहुंचकर उन्होंने परिवार वालों से मुलाकात की और भाजपा परिवार की ओर से पूरी सहायता देने का आश्वासन दिया।

## अस्पताल में लगी आग को बुझाने में अग्निशमन कर्मियों को करना पड़ा चुनौतियों का सामना

पूर्वी दिल्ली में बच्चों के अस्पताल में आग लगने की घटना के बाद अग्निशमन कर्मियों को बचाव अभियान के दौरान कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा। घटनास्थल के आसपास भारी भीड़ जमा हो गई थी और लोग वीडियो रिकॉर्ड कर रहे थे जिससे बचाव अभियान में दिक्कतें आईं। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के अधिकारियों ने बताया कि विवेक विहार इलाके में 'बेबी केयर न्यू बॉर्न' अस्पताल में शनिवार रात करीब 11:30 बजे आग लग गई और जल्द ही यह दो अन्य इमारतों में भी फैल गई। उन्होंने बताया कि 12 नवजात शिशुओं को अस्पताल से निकाला गया लेकिन उनमें से सात की मौत हो गई। डीएफएस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, "घटनास्थल पर कई लोग जमा हो गए थे और वीडियो रिकॉर्ड कर रहे थे। उनमें से कई लोग आग बुझाने का प्रयास कर रहे कर्मियों के करीब भी पहुंच गए।" उन्होंने कहा कि लोगों को उन क्षेत्रों के करीब आने से बचना चाहिए जहां आग बुझाने का अभियान चल रहा हो ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि आग बुझाने वाले लोग सुचारू रूप से काम कर सकें। एक अधिकारी ने बताया कि घटना में दो बुटीक, बगल की इमारत में संचालित निजी बैंक का एक हिस्सा और भूतल पर स्थित एक दुकान भी क्षतिग्रस्त हो गई। इसके अलावा इमारत के बाहर खड़ी एक एम्बुलेंस और एक स्कूटी भी क्षतिग्रस्त हुई है। उन्होंने कहा, "स्थानीय लोग पार्क और इमारत के बीच खड़े थे और वीडियो रिकॉर्ड कर रहे थे।" अधिकारियों ने कहा कि ऐसे अभियानों के दौरान सबसे बड़ी चुनौती लोगों को नियंत्रित करना है। डीएफएस के अधिकारी ने कहा, "हमारे सामने एक और चुनौती यह थी कि वहां पानी का कोई स्रोत नहीं था और बिजली के तार नीचे लटक रहे थे। हम जांच कर रहे हैं कि क्या इमारत के पास फायर एनओसी (अनापत्ति प्रमाण पत्र) था।" एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि लोगों की मदद से बच्चों को अस्पताल के पीछे एक खिड़की के जरिये बचाया गया। बच्चों को दूसरे अस्पताल ले जाया गया जहां छह को मृत घोषित कर दिया गया जबकि एक की इलाज के दौरान मौत हो गई। शवों को पोस्टमार्टम के लिए गुरु तेगबहादुर (जीटीबी) अस्पताल भेज दिया गया।

## दोषियों को बख्शा नहीं जाएगाः केजरीवाल



पूर्वी दिल्ली के विवेक विहार स्थित एक बेबी केयर सेंटर में शनिवार देर रात लगी में आग में सात नवजातों की मौत पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को कहा कि घटना हृदय विदारक है और इस मामले में लापरवाही बरतने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। सीएम केजरीवाल ने एक्स पर लिखकर कहा कि बच्चों के अस्पताल में आग की ये घटना हृदयविदारक है। इस हादसे में जिन्होंने अपने मासूम बच्चों को खोया उनके साथ हम सब खड़े हैं। घटनास्थल पर सरकार और प्रशासन के अधिकारी घायलों को इलाज मुहैया करवाने में लगे हुए हैं। घटना के कारणों की जांच की जा रही है और जो भी इस लापरवाही का जिम्मेदार होगा वो बख्शा नहीं जाएगा।

## स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने आग की घटना के दिए त्वरित जांच के आदेश



पूर्वी दिल्ली के विवेक विहार इलाके में स्थित एक बेबी केयर सेंटर में लगी आग में सात नवजातों की मौत की घटना पर स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने स्वास्थ्य सचिव दीपक कुमार और मुख्य सचिव नरेश कुमार को इस घटना की तुरंत जांच करने का आदेश दिया। साथ ही उन्होंने इस घटना में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों या निजी लोगों की जानकारी भी मांगी है। भारद्वाज ने कहा कि दीपक कुमार को निर्देश ईमेल के जरिए भेजे गए क्योंकि वह फोन कॉल और संदेशों का जवाब नहीं दे रहे थे। उन्होंने बचाए गए शिशुओं का दिल्ली सरकार की 'फरिश्ते' योजना के तहत सर्वश्रेष्ठ निजी अस्पतालों में मुफ्त इलाज कराए जाने का भी आदेश दिया। भारद्वाज ने मृतकों के परिजनों और घायलों को जल्द मुआवजा जारी किए जाने और अस्पताल के संचालकों को गिरफ्तार करने का भी निर्देश जारी किए थे। हालांकि रविवार शाम को पुलिस ने दावा किया है कि अस्पताल के संचालक को गिरफ्तार कर लिया है। सुबह जब मॉर्निंग वॉक पर निकला तो मीडिया के माध्यम से मुझे जानकारी मिली।वहीं से सीधा घटना स्थल आया। मेरी फायर डिपार्टमेंट के हेड से बात हुई शायद शार्ट सर्किट से आग लगी। और ऑक्सीजन इसके अंदर थे जिनके ब्लास्ट होने से आग बढ़ गई। यहां 12 नवजात थे। जिनको बाहर निकाला गया लेकिन दम घुटने से छह बच्चों की मौत हो गई है। एक की हालत बहुत गंभीर है। मेरी स्वास्थ्य सचिव से बात नहीं हो पा रही है। वह फोन नहीं उठा रहे हैं। मेरी तरफ साफ है इसकी जल्द जांच करेंगे। इसमें जिसकी लापरवाही होगी उसके खिलाफ सख्त सख्त से कार्रवाई की जाएगी। किसी परिवार के अंदर नव शिशु आए तो पूरे परिवार में खुशी होती है। ऐसे शिशु का इस तरह की घटना में गुजर जाना परिवार के लिए बड़ा आघा होता है। हम सभी पीड़ित परिवारों के साथ खड़े हैं। इसके अंदर दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करेंगे।

**खबर संक्षेप**

### तेजी से लोगों को अपनी गिरफ्त में ले रहा मधुमेह



**गाजियाबाद।** मधुमेह की बीमारी लगातार पैर पसार रही है। जिस तेजी से बीमारी लगातार बढ़ रही है उससे डॉक्टर भी चिंतित हैं। यदि शुगर बीमारी पर अंकुश लगाना है तो लोगों को जीवन शैली और खान-पान बदलना होगा। वरिष्ठ फिजीशियन डॉ. अमन माथुर कहते हैं कि उनके अस्पताल में पिछले 6 महीने के दौरान करीब छह निशुल्क चिकित्सा शिविर लगाए हैं। जिनमें करीब 1000 लोगों के स्वास्थ्य के जांच की गई। जिसमें चौकाने वाले तथ्य यह है कि 500 से अधिक मरीज शुगर के पाए गए। इनमें डेढ़ सौ मरीज ऐसे थे जिनकी आयु 30 से 35 वर्ष तक की थी।

### अस्पताल द्वारा मेगा हेल्थ कैम्प का आयोजन



**फरीदाबाद।** लाला दीवान चंद मेमोरियल अस्पताल द्वारा मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लगभग 200 लोगों के स्वास्थ्य की निःशुल्क जांच कर उन्हें स्वास्थ्य चिकित्सा परामर्श दिया गया। कैम्प का आयोजन स्वास्थ्य सेवाओं में लोगों की जागरूकता बढ़ाने के लिए लाला दीवान चंद मेमोरियल अस्पताल द्वारा लगाया गया। वरिष्ठ चिकित्सकों ने बताया कि इस कैम्प का मुख्य उद्देश्य लोगों को विभिन्न बीमारियों से समय पर निदान, इलाज और रोकथाम के बारे में जानकारी दी गई।

### सामुदायिक भवन में 150 ली. का वाटर कूलर लगाया



**फरीदाबाद।** ब्लॉक डी टू सेक्टर-10 के सामुदायिक भवन मे ठण्डे पानी करने की 150 लीटर का वाटर कूलर लगाया।गर्मी का प्रकोप बढने से ब्लॉक व अन्य लोगों को ठण्डा पानी मिलने में बहुत परेशानी हो रही थी। ब्लॉक में कई नए मकान बन रहे जिनमें काफी मजदूर व कर्मचारी लगे हैं, जिन्हें पानी नहीं मिलने की वजह से खरीद कर पानी पीना पड़ रहा था। ब्लॉक के प्रधान जगजीत सिंह नैन व शिवदत्त वशिष्ठ एड. ने ब्लॉक के निवासी प्रमोद गोयल से कहकर पानी के वाटर कूलर को लगवाया । अब ठण्डा पानी पी सकते हैं।

### गाजियाबाद के मॉल्स में फायर ब्रिगेड कर रही जांच



**गाजियाबाद।** राजकोट के गेमिंग जोन में हुए अग्निकांड में लोगों की मौत के बाद दमकल विभाग ने मॉल्स की जांच शुरू की है। पूरे जिले में अभियान शुरू किया गया है। मॉल्स में आग से बचाव के रास्ते और संसाधन की जांच की जा रही है।राजकोट अग्निकांड में 12 बच्चों समेत 35 लोगों की मौत हो गई है। मामले की जांच के लिए एसआईटी गठित कर दी गई है। एसआईटी टीम को 72 घंटों के बीच राज्य सरकार को जांच रिपोर्ट सौंपने का आदेश दे दिया गया है। आग कैसे और क्यों लगी? इन तमाम सवालों को केंद्र में रखकर घटना की जांच की जाएगी।

---

नहीं मिली कोई भी शिकायत व आपत्ति

# जनरल ऑब्जर्वर व राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में जिला निर्वाचन अधिकारी ने करवाई स्क्रूटनी

*फरीदाबाद लोकसभा के जनरल ऑब्जर्वर एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्क्रूटनी करवाई।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

लोकसभा चुनाव के अंतर्गत नियुक्त किए गए फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र के जनरल ऑब्जर्वर एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने स्क्रूटनी करवाई। सभी विधानसभाओं की स्क्रूटनी का कार्य सुचारू रूप से संपन्न हुआ, जिसमें किसी भी राजनीतिक दल की ओर से किसी भी प्रकार की शिकायत अथवा आपत्ति दर्ज नहीं करवाई गई।

सेक्टर-14 स्थित डीएवी स्कूल के सभागार में स्थापित मतगणना केंद्र में स्क्रूटनी का कार्य संपन्न हुआ। जनरल ऑब्जर्वर अक्षय कुमार सिंह के निर्देशन में यह कार्य हुआ, जिसमें विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि शामिल रहे। साथ में पलवल की उपायुक्त नेहा सिंह भी विशेष रूप से मौजूद रही। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने विस्तार से जानकारी देते हुए सभी दलों के प्रतिनिधियों का स्वागत किया।

**खास बात**

- जनरल ऑब्जर्वर अक्षय कुमार सिंह के निर्देशन में हुए सारे कार्य



**राजनीतिक दलों की प्रतिनिधियों से चर्चा की**

पृथला विधानसभा क्षेत्र से स्क्रूटनी का कार्य प्रारंभ किया गया। तदोपरांत फरीदाबाद एनआईटी, बड़खल, फरीदाबाद, तिगांव और बल्लभगढ़ सहित हथीन, होडल और पलवल विधानसभाओं की स्क्रूटनी की गई। स्क्रूटनी के दौरान संबंधित विधानसभा क्षेत्रों के सहायक निर्वाचन अधिकारी भी मौजूद रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह व जनरल ऑब्जर्वर ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से विधानसभा वाइज चर्चा की। प्रतिनिधियों को ईवीएम सहित मत प्रतिशत आदि की भी पूर्ण जानकारी दी गई। इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त आनंद शर्मा, सीईओ जिला परिषद सतबीर मान, एसडीएम त्रिलोकचंद, एसडीएम अमित मान, एसडीएम शिखा, एचएसवीपी के एस्टेट ऑफिसर सिद्धार्थ दहिया, इलेक्शन तहसीलदार जयकिशन आदि मौजूद थे।

---

बीते चुनाव की तुलना में इस बार रहा अधिक मतदान का प्रतिशत

# हाई राइज सोसायटी में मतदान केंद्रों पर जमकर मतदान, रेवाड़ी क्षेत्र में सबसे अधिक 64.10%

गुरुग्राम लोकसभा सीट पर 60.70% मतदान हुआ। इसमें भी जिले के रेवाड़ी विधानसभा क्षेत्र में सबसे अधिक 64.10% वोटिंग हुई। बावल विधानसभा क्षेत्र में 63 तथा कोसली विधानसभा में 62.50% मतदान हुआ। हालांकि तीनों विधानसभा सीटों पर पिछले चुनाव के मुकाबले कम मतदान हुआ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूग्राम

गुरूग्राम जिला में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए हाई राइज सोसायटी में मतदान केंद्र बनाने के निर्णय के सकारात्मक नतीजे मिले है। इस बार गुरुग्राम जिले की बादशाहपुर विधानसभा क्षेत्र में 34 तथा गुड़गांव विधानसभा में 18 मतदान केंद्र हाईराइज या बीते चुनाव के कम मतदान प्रतिशत वाले एरिया में बनाए गए थे। इस बार इन 52 मतदान केंद्रों पर 32,987 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया जोकि कुल मतदाताओं 61,248 का 53.62 प्रतिशत है। लोकसभा के पिछले आम चुनावों इन मतदान केंद्रों का औसत 40 से 45 फीसद रहा था।

हालांकि भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान की अंतिम रिपोर्ट अभी जारी नहीं की गई है लेकिन इन मतदान केंद्रों से मिली जानकारी के आधार कई स्थानों पर मतदान की दर 60 फीसदी से अधिक रही है।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी निशांत कुमार यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि गुरुग्राम जिला में बीते लोकसभा चुनाव में अनेक मतदान केंद्रों पर मतदान की दर बेहद कम रही थी। ऐसे में इस बार लो टर्न आउट वाले मतदान केंद्रों के आस-पास रहने वाले सिटीजन से फीडबैक लिया गया। इसी फीडबैक के आधार पर स्वीप एक्टिविटी के साथ-साथ हाईराइज सोसायटी के कॉमन एरिया में मतदान केंद्र बनाए गए। इस प्रयास की भारतीय निवार्चन आयोग ने भी तुरंत स्वीकृति प्रदान की। इन केंद्रों का असर यह रहा कि इस बार अधिकतर सोसायटी के मतदान केंद्रों पर दिन भर लोगों ने उत्साह से मतदान किया।

**खास बातें**

- मतदान केंद्रों के आस-पास रहने वाले सिटीजन से फीडबैक लिया गया
- बावल विधानसभा क्षेत्र में 63 तथा कोसली में 62 .50% मतदान



**हाई वोटर टर्नआउट वाले टॉप फाइव मतदान केंद्र**

गुरुग्राम जिला के बादशाहपुर विधानसभा क्षेत्र का मतदान केंद्र संख्या 172 पर 724 में से 505 मतदाताओं ने मतदान किया। सेक्टर 92 स्थित क्लब हाउस सरे होम्स क्रिसेंट पार्क सोसायटी में बने इस मतदान केंद्र की दर 69.75 फीसद रही। इसी विधानसभा के सेक्टर 82 स्थित क्लब हाउस मापस्को कासाबेला सोसायटी में बने मतदान केंद्र संख्या 420 पर 1270 मतदाताओं में से 65.35 फीसद के औसत से 830 मतदाताओं ने मतदान किया। वहीं तीसरे नंबर पर सेक्टर 89 में एनबीसीसी क्लब हाउस में मतदान केंद्र 235 पर 1039 मतदाताओं में से 64.58 की दर से 671 मतदाताओं ने मतदान किया। वहीं सेक्टर 90 के न्यू टाऊन हाईट्स में बने मतदान केंद्र 238 पर 1714 मतदाताओं में से 63.07 फीसद की दर से 1081 ने मतदान किया। इसी तरह सेक्टर 37-सी स्थित कोरोना ऑप्टस में बने मतदान केंद्र 232 पर 1352 मतदाताओं में से 63.02 फीसद की दर से 852 मतदाताओं ने मतदान किया।

**लो टर्न आउट वाले पांच मतदान केंद्र**

हाई राइज सोसायटी में ऐसे मतदान केंद्र भी रहें जिनका मतदान प्रतिशत 50 फीसद से भी कम रहा। गुड़गांव विधानसभा के केंद्रीय विहार के कम्यूनिटी सेंटर में बनाए गए मतदान केंद्र संख्या 336 पर 1005 मतदाताओं में से महज 389 ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। इस केंद्र पर मतदान की दर 38.71 प्रतिशत रही। जोकि सभी 52 मतदान केंद्रों में सबसे कम रही। इसी तरह सेक्टर 56 के कम्यूनिटी सेंटर में बनाए गए मतदान केंद्र 388 पर 40.76 फीसद की दर से 844 में से मात्र 344 मतदाताओं ने मतदान किया। वहीं केंद्रीय विहार कम्यूनिटी सेंटर के लेफ्ट विंग में बनाए गए मतदान केंद्र 335 पर 927 में से 45.42 फीसद की दर से 421 मतदाताओं ने मतदान किया। सेक्टर 56 में कम्यूनिटी सेंटर के लेफ्ट विंग में बनाए गए मतदान केंद्र संख्या 339 पर 1342 में से 46.13 फीसद की दर से 619 ने ही मतदान किया। वहीं सेक्टर 52 सुशांत स्टेट कम्यूनिटी सेंटर में बनाए गए मतदान केंद्र संख्या 326 पर 1107 में से 46.88 फीसद की दर से 519 ने मतदान किया।

---

उम्मीदवारों के प्रतिनिधि की मौजूदगी

## कड़ी सुरक्षा के बीच स्ट्रांग रूमों में सील की गई ईवीएम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

सामान्य चुनाव पर्यवेक्षक अक्षय कुमार सिंह और जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह तथा राजनैतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में ईवीएम सीयूए बीयू और वीवीपैट को स्ट्रांग रूम में सील किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह और सामान्य चुनाव पर्यवेक्षक अक्षय कुमार सिंह तथा राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में सबसे पहले बडख़ल विधानसभा क्षेत्र की ईवीएम सीयू, बीयू और वीवीपीटी को स्ट्रांग रूम में सील किया गया। तत्पश्चात जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह और सामान्य पर्यवेक्षक अक्षय कुमार सिंह एनआईटी विधानसभा क्षेत्र के स्ट्रांग रूम लखानी धर्मशाला में पहुंचे। जहां एनआईटी के विधायक नीरज शर्मा व अन्य उम्मीदवारों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में स्ट्रांग रूम को लॉक करके उसे सील किया गया। सेक्टर-14 के डीएवी स्कूल के ऑडिटोरियम में फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र की ईवीएम, वीवीपैट, सीयू और बीयू के लिए बनाए गए स्ट्रांग रूम को जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह, चुनाव पर्यवेक्षक खर्च सतीश एस रेड्डी की मौजूदगी में और उम्मीदवारों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में लॉक करके सील किया गया।

इसी प्रकार सेक्टर-16 में के गुर्जर भवन में तिगांव विधानसभा क्षेत्र और पंजाबी भवन में पृथला विधानसभा क्षेत्र तथा बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र के सेक्टर-2 में श्रीमती सुषमा स्वराज राजकीय महिला महाविद्यालय के हाल में बनाए गए स्ट्रांग रूम में पुलिस और फोर्स की कड़ी सुरक्षा बीच ईवीएम, वीवीपीएटी, सीयू और बीयू के स्ट्रांग रूम को सील किया गया।

**सभी प्रशासनिक अधिकारी भी रहे मौजूद**

विधानसभा क्षेत्र वार किए गए स्ट्रांग रूम के सील करने के दौरान सहायक रिटर्निंग अधिकारी कम एडीसी आनंद शर्मा, सहायक रिटर्निंग अधिकारी कम सीईओ जिला परिषद सतबीर मान, सहायक रिटर्निंग अधिकारी कम एसडीएम त्रिलोकचंद, सहायक रिटर्निंग अधिकारी कम एसडीएम अमित मान, सहायक रिटर्निंग अधिकारी कम एसडीएम शिखा अंतिम और सहायक रिटर्निंग अधिकारी कम एस्टेट ऑफिसर सिद्धार्थ दहिया व अन्य प्रशासनिक अधिकारी और पुलिस अधिकारी तथा फोर्स के अधिकारी व उम्मीदवारों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

---

फोरेंसिक टीम निरीक्षण करने पहुंची

## मां ने शराब के लिए रुपए नहीं दिए, किशोर ने लगा ली फांसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

थाना भोजपुर को ग्राम नाहली मे एक 15 वर्षीय युवक ने शराब के लिए मां द्वारा रुपये न देने से नाराज होकर फांसी लगाकर आत्महत्या की ली।

एसीपी ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि आसिफ पुत्र फारुख की मृत्यु की सूचना प्राप्त हुई थी । सूचना पर तत्काल थाना भोजपुर पुलिस टीम व फोरेंसिक यूनिट द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर महत्वपूर्ण साक्ष्य संकलित किए गए थे । शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया था । पोस्टमार्टम से मृत्यु का



कारण फंदे से लटकना पाया गया है । उन्होंने बताया कि जांच के क्रम मे परिजनो से भी पूछताछ की गई तो यह तथ्य प्रकाश मे आये कि मृतक आसिफ को शराब पीने की लत थी तथा वह अपने परिजनो से पैसे मांगता था व शराब पीता था । उसने दोबारा अपनी मां से पैसे मांगे थे।

---

डीएम ने दिए जांच के आदेश

## कैला भट्टा में अवैध टावर और पार्किंग खत्म करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

कैला भट्टा में घनी आबादी के बीच में एक व्यक्ति द्वारा मोबाइल टावर लगाने और अवैध पार्किंग चलने का विरोध शुरू हो गया है म स्थानीय लोगों ने डीएम को पत्र भेज कर अवैध पार्किंग और टावर को तुरंत हटाने की मांग की है। वही इस मामले में डीएम ने कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। कैला भट्टा निवासी मेराज अली ने इस संबंध में जिलाधिकारी को पत्र लिखा है । जिसमें कहा है कि कैला भट्टा घनी आबादी का क्षेत्र है। नजदीक में की



स्कूल भी है । यहां रहने वाले सरताज ने अवैध रूप से टावर लगा लिया है । अवैध पार्किंग भी चल रहा है । जिससे लोगों को परेशानी हो रही है। इस टावर को और अवैध पार्किंग के संचालन को बंद करने की मांग की है।

---

बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं को पिक एंड ड्रॉप करने

## गुरुग्राम में रेड क्रॉस की टीमें चुनाव के दौरान रहीं सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

लोकसभा चुनाव में गुरुग्राम जिला में जिला रेड क्रॉस सोसायटी का काम बेहद सराहनीय रहा। बुजुर्ग, दिव्यांग मतदाताओं को रेड क्रॉस की टीमों ने घरों से पिक एंड ड्रॉप करके मतदान में सहायता की। इस कार्य से बुजुर्ग, दिव्यांग काफी प्रसन्न नजर आए।

जिला उपायुक्त निशांत कुमार यादव, एडीसी हितेश कुमार मीणा, सीटीएम कुंवर आदित्य विक्रम के निर्देशानुसार व रेड क्रॉस सचिव विकास कुमार के मार्गदर्शन में रेड क्रॉस के सदस्यों ने पूरी जिम्मेदारी चुनाव में निभाई। इस बार के लोकसभा चुनाव में कई तरह के नए बदलाव देखे गए। मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित करने से लेकर उन्हें बूथों तक लाने व बूथों पर सुविधाएं देने पर निर्वाचन कार्यालय का फोकस रहा। इसी कड़ी में उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी निशांत कुमार यादव की ओर से रेड क्रॉस सोसायटी को बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं को पिक एंड ड्रॉप की जिम्मेदारी दी गई। उपायुक्त की ओर से कहा गया कि लोकसभा आम चुनाव 2024 के संबंध में गुडग़ांव में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत विधानसभा सेगमेंटो में मतदाताओं को उनके घर से उनके



संबंधित मतदान केंद्र से ले जाने के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई। जन सेवा को समर्पित रेड क्रॉस के सदस्यों ने सचिव विकास कुमार के नेतृत्व में चुनाव में लगी इस ड्यूटी को भी पूरी कर्तव्यनिष्ठा से किया। रेड क्रॉस के सदस्य मतदाताओं की मदद को आगे बढ़ते रहे। बुजुर्ग, दिव्यांग मतदाताओं ने रेड क्रॉस की टीम का इसके लिए आभार भी जताया गया।

---

सोलर प्लांट से हो रहा 2.21 एमडब्ल्यूपी सौर ऊर्जा का उत्पादन

## एनसीआरटीसी सौर ऊर्जा उत्पादन से क्लीन और ग्रीन एनर्जी के उपयोग को दे रहा बढ़ावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

एनसीआरटीसी ने भारत के पहले दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर पर सौर ऊर्जा के बुनियादी ढांचे को अपनाया है, जिसे अपनाने से नवीकरणीय ऊर्जा उत्पन्न करने में महत्वपूर्ण प्रगति हलिस की है। इस प्रक्रिया में एनसीआरटीसी ने आरआरटीएस स्टेशनों, डिपो व रिसीविंग सबस्टेशनों की छतों पर सौर पैनल स्थापित कर एनसीआरटीसी ने इन्हें अपने स्वच्छ व सतत ऊर्जा के केंद्रों



के रूप में तैयार कर दिया है। वर्तमान में आरआरटीएस कॉरिडोर के संचालित खंड से 2.21 मेगावाट पीक इन-हाउस सौर ऊर्जा का उत्पादन किया जा रहा है। एनसीआरटीसी के प्रवक्ता पुनीत वत्स के मुताबिक वर्तमान में आरआरटीएस के संचालित सेक्शन के गुलधर, साहिबाबाद व दुहाई डिपो आरआरटीएस स्टेशनों पर सौर ऊर्जा प्लांट सक्रिय हैं। जिनमें गुलधर व साहिबाबाद पर अधिकतम बिजली उत्पादन क्षमता 729 किलोवाट है, जबकि दुहाई डिपो स्टेशन 108 किलोवाट की क्षमता है। दुहाई डिपो 585 किलोवाट की क्षमता है। 43 किलोवाट की क्षमता वाला मुराद नगर रिसीविंग सब स्टेशन और 20 किलोवाट की क्षमता वाला गाजियाबाद आरएसएस भी सौर ऊर्जा उत्पन्न करते हैं।

---

जनप्रतिनिधि व प्रशासन द्वारा सुनवाई न करने से बढ़ी नाराजगी

## पेयजल संकट से त्रस्त लोगों ने भीषण गर्मी में 4 घंटे लगाया जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

जवाहर कॉलोनी इलाके में लोगों को पिछले दो माह से पेश आ रही पानी की समस्या को लेकर लोगों के सब्र का बांध आखिरकार चुनाव होने के तुरन्त बाद फूट गया। गुस्साए लोगों ने जनप्रतिनिधि व जिला प्रशासन द्वारा सुनवाई न करने पर नाराज 60 फुट रोड़ फोर्स सड़क पर सुबह नौ बजे महिलाओं के साथ जाम कर दिया। लोगों ने भीषण गर्मी में रोड पर खड़ा होकर प्रशासन व जनप्रतिधि के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और घंटों तक जाम लगाए रखा।



जानकारी के अनुसार सारन तालाब में बने बूस्टर में पिछले एक माह से कम पेयजल की सप्लाई आने के चलते जवाहर कालोनी के कई हिस्सों में पेयजल संकट गहरा गया। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने बताया कि उनके इलाके में एक महीने से पीने के लिए पानी नहीं आ रहा है। इसकी शिकायत वह कई बार प्रशासन के अधिकारियों से लेकर स्थानीय नेताओं को कर चुके हैं। उनकी कहीं भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। स्थानीय निवासी ए.के. तिवारी, शीला, अजय और सुनील ने बताया कि गर्मी में वे पानी की समस्या झेल रहे हैं। कॉलोनी में एक महीने से पीने के पानी की सप्लाई नहीं हो रही है।

लोगों को मजबूर होकर टैंकरों से महंगे दाम देकर पानी खरीद कर पीना पड़ रहा है। इस समस्या से वे 1 महीने से जूझ रहे हैं। संबंधित विभाग के अधिकारी को वे कई बारे शिकायत दे चुके हैं। कार्रवाई का आश्वासन मिलता है, लेकिन कार्रवाई कुछ नहीं हो रही है। इसके चलते आज उन्हें मजबूरन घरों से निकलकर सडक़ को जाम करना पड़ा।

## खबर संक्षेप

### चीन के साइबर अपराधी भारत में सक्रिय, खाता साफ

**रांची।** रातोंरात अमीर बनने का ख्वाब देखने वाले अक्सर साइबर ठगी का शिकार बन जाते हैं। साइबर ठग कभी डरा कर तो कभी



जिंदगी बदलने का भरोसा देकर लोगों को अपना शिकार बनाते हैं। ऐसे में झारखंड में साइबर ठगी का एक ऐसा मामला सामने आया है जिसके तार चीन से जुड़े हुए हैं। एक शख्स के साथ 96 लाख रुपए की ठगी की गई। दरअसल, भारत से ठगी के पैसों को चीन भेजा जा रहा था। दो या तीन गुना नहीं, पैसों को सीधे दस गुना बढ़ाकर रिटर्न देने का लालच देकर लोगों को ये ठग शिकार बना रहे थे।

### बड़ी बहन की खौफनाक हरकत, छोटी की हत्या की

**अलीगढ़।** यूपी के अलीगढ़ से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां एक बड़ी बहन ने अपनी



छोटी बहन की गला घोंटकर हत्या कर दी। युवती ने पहले नशीला पदार्थ सुंघाया फिर काम को अंजाम दिया। परिजनों को गुमराह करने के लिए उसने मोहल्ले के एक लड़के पर आरोप लगाया। लेकिन जब पुलिस ने सख्ती की तो अपना जुर्म कबूल कर लिया। जहां रविवार सुबह चार बजे 16 साल की नाबालिग छात्रा अपने कमरे में मृत मिली। उसके गले पर कपड़ा बंधा हुआ था। युवती का ये हाल देख परिजन दंग रह गए।

### 4 दिन में 6 मौत, एक दिन में उठीं 3 अर्थियां

**मैनपुरी।** गांव रठेरा में पिछले चार दिनों से बीमारियों से लगातार मरीजों की मौत हो रही है। एक ही दिन में तीन मौत से गांव में कोहराम



मच गया। पिछले चार दिनों में गांव में अलग-अलग बीमारियों से छह मरीजों की मौत हो चुकी है। जनपद के सबसे बड़े गांव रठेरा में पिछले चार दिन से एक के बाद एक मौत हो रही हैं। एक व्यक्ति के अंतिम संस्कार की आग ठंडी नहीं पड़ पाती है तब तक दूसरे की मौत की सूचना आ जाती है। रविवार की सुबह गांव निवासी 62 वर्षीय सेवानिवृत्त कर्मचारी राजकीय बालिका इंटर कॉलेज रठेरा रविंद्र सिंह की पेट में संक्रमण के चलते मौत हो गई।

# सड़कों पर भीड़ में फंसने के बजाय श्रद्धालु कर पाएंगे रोप-वे से श्रीकृष्ण जन्मभूमि-बिहारीजी के दर्शन,वृंदावन से शुरू होगा

## ब्रज तीर्थ विकास परिषद अफसरों ने किया निरीक्षण

एजेंसी ▶▶ मथुरा

भगवान श्रीकृष्ण की जन्म और लीला स्थली मथुरा-वृंदावन में दर्शन को आने वाले श्रद्धालु रोप वे का लुफ्त उठाएंगे। जगह-जगह लगने वाले जाम को देखते हुए मथुरा-वृंदावन में सड़कों के बजाय रोप वे से मंदिरों तक श्रद्धालुओं को पहुंचाने की तैयारी की जा रही है।

श्री कृष्ण जन्मस्थान, द्वारिकाधीश मंदिर और बांके बिहारी मंदिर तक श्रद्धालुओं को रोपवे से पहुंचाया जाएगा। इसकी शुरुआत वृंदावन से की जाएगी। इसके लिए ब्रज तीर्थ विकास परिषद और रोड ट्रांसपोर्ट एंड हाईवे मिनिस्ट्री के अधिकारियों ने वृंदावन क्षेत्र का तकनीकी टीम के साथ निरीक्षण किया। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद ने नेशनल रोपवे डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत बृहद रोपवे का प्रस्ताव तैयार किया है। इसके लिए, उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के सीईओ श्याम बहादुर सिंह और एनएचएलएम के सीईओ प्रकाश गौड़ सहित संबंधित अधिकारियों ने प्रारंभिक निरीक्षण किया।

**श्रीकृष्ण की जन्म वृंदावन और लीलास्थली मथुरा-वृंदावन में दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालु रोप-वे के जरिए आराध्य बांकेबिहारी के मंदिर तक पहुंच सकेंगे।**



### तीन चरणों में पूरी होगी योजना

सीईओ श्याम बहादुर सिंह ने बताया कि रोप वे का प्लान तीन चरणों में पूरा होगा। पहले चरण में यह छटीकरा मार्ग पर वैष्णो देवी मंदिर से शुरू होकर बिहारीजी मंदिर होकर दारुल पार्किंग तक जाएगा। इनके मध्य चंद्रोदय मंदिर, मल्टी लेवल पार्किंग, प्रेम मंदिर इस्कॉन मंदिर, अटल्ला चुंगी तक आठ स्टेशन बनाए जाएंगे। इस मार्ग पर इसमें 40 टावर बनाए जाएंगे।

### 1500 से 2000 व्यक्ति प्रति घंटा सफर

रोप-वे के जरिए प्रति घंटा 1500 से 2000 व्यक्ति सफर कर सकेंगे। इस तरह प्रतिदिन करीब 12000 लोग रोप-वे के जरिए वृंदावन के विभिन्न मंदिरों तक जा सकेंगे। प्रारंभिक निरीक्षण के बाद ड्रोन सर्वे किया जाएगा। द्वितीय चरण में रामताल पार्किंग और वृंदावन बाईपास तक और तृतीय चरण में मथुरा में बिरला मंदिर, द्वारिकाधीश मंदिर और श्रीकृष्ण जन्मस्थान तक विस्तार किया जाएगा। रोप-वे की ऊंचाई मास्टर प्लान में निर्धारित भवन निर्माण की अनुमति से 10 मीटर ऊंची होगी, ताकि किसी भी प्रकार का व्यवधान पैदा न हो। सीईओ ने बताया कि रोप-वे की प्रस्तावित परियोजना के अमल में आने के बाद श्रद्धालु सड़कों पर भीड़ में फंसने के बजाय आसानी से मंदिर तक पहुंच सकेंगे।

## बिहार के सीएम नीतीश कुमार की फिसली जुबान,बोले-

# हमारी इच्छा है कि 400 से अधिक सीट लाकर नरेंद्र मोदी फिर से मुख्यमंत्री बनें

एजेंसी ▶▶ पटना

**सीएम नीतीश कुमार पटना साहिब लोकसभा क्षेत्र के दनियावां में रविशंकर प्रसाद के समर्थन में वोट मांगने पहुंचे थे। सीएम की यह बात सुनकर सबलोग हैरान रह गए। इससे पहले वैशाली में भी सीएम नीतीश कुमार की जुबान फिसल गई थी।**

बिहार के पटना साहिब लोकसभा क्षेत्र के दनियावां में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान नीतीश कुमार की जुबान फिसल गई। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि बिहार की सभी 40 सीटों और देशभर में 400 से ज्यादा सीट जीतें। और नरेंद्र मोदी फिर से मुख्यमंत्री बनें। ताकि देश का विकास हो, बिहार का विकास हो. नीतीश ने कहा कि नरेंद्र मोदी तो प्रधानमंत्री हैं हीं और आगे भी रहबे करेंगे।

रैली में नीतीश कुमार ने आरजेडी पर निशाना साधते हुए कहा कि उन लोगों ने कोई काम नहीं किया। 2005 से पहले शाम को डर की वजह से कोई घर से निकलने की हिम्मत नहीं करता था। काफी झगड़े होते थे, स्वास्थ्य और शिक्षा बदहाल थी। सड़कों की हालत जर्जर थी। उन्होंने कहा कि जब मैं सांसद था, तब कुछ ही जगहों पर सड़कें थी। बाकी सब जगह पैदल जाना पड़ता था। सीएम ने कहा कि उन लोगों (आरजेडी) को मौका मिला, लेकिन कोई काम नहीं किया। सीएम नीतीश ने आरजेडी पर निशाना साधते हुए कहा कि वे लोग हमारे खिलाफ हो गए हैं तो बोलते हैं कि हमने कोई काम नहीं किया, जबकि ये पूरी तरह झूठ है। सीएम नीतीश ने लालू का नाम लिए बिना कहा कि एक आदमी ने 9 बेटा-बेटी पैदा किए। अब बेटा-बेटी ही करते रहते हैं।जब हम उनके साथ आए तो देखा कि ये गड़बड़ करते हैं।

### खास बातें

- बाद में कहा- नरेंद्र मोदी तो प्रधानमंत्री हैं और आगे भी रहबे करेंगे
- नवादा और ,वैशाली में भी चार हजार लोकसभा सीट बोल गए थे



### पीएम मोदी आगे रहबे करेंगे और पांच साल कोई दिक्कत नहीं

इससे पहले सीएम नीतीश कुमार ने वैशाली में इसी तरह का बयान दिया था। 19 मई को लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जुबान एक बार फिसल गई। वह वैशाली लोकसभा क्षेत्र के प्रेमराज खेल मैदान में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की प्रत्याशी वीणा देवी के समर्थन में वोट मांगते हुए उन्होंने कहा कि इनको जरूर जीत दिलाएं। सीएम ने कहा कि हम तो चाहते हैं बिहार की सभी 40 के 40 सीट जीते और देशभर में चार हजार सीटें जीतें। सात अप्रैल को नवादा लोकसभा क्षेत्र चुनावी प्रचार के दौरान सीएम नीतीश की जुबान फिसल गई थी। उस वक्त मंच पर पीएम मोदी भी मौजूद थे। उन्होंने कहा था। आदरणीय प्रधानमंत्री जी का दसवां साल चल रहा है। फिर तो आगे रहबे करेंगे। पांच साल में कोई दिक्कत नहीं। हमको पूरी उम्मीद है कि चार हजार से ज्यादा एमपी रहेंगे इनके पक्ष में।

## भाजपा वाले 4 जून को अंतिम सांस लेने वाले हैं, पलटू चाचा भी नहीं बचा सकते



### खुले मंच से तेजस्वी यादव ने दी चुनौती

बिहार के काराकाट लोकसभा क्षेत्र में अमित शाह के बाद नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव और वीआईपी के चीफ मुकेश सहनी ने महागठबंधन के उम्मीदवार राजाराम कुशवाहा के लिए वोट मांगा। बिक्रमगंज इंटर कॉलेज के खेल मैदान में एक चुनावी सभा को पूर्व डिप्टी सीएम व इंडिया गठबंधन के प्रमुख नेता तेजस्वी यादव ने सम्बोधित किया। इस दौरान तेजस्वी ने कहा कि चार जून को बीजेपी वाले अंतिम सांस लेने वाले हैं। उन्हें नीतीश कुमार (पलटू चाचा) भी नहीं बचा पाएंगे। तेजस्वी यादव ने फिर पीएम मोदी को बेड रेस्ट में भेज देने की बात कही। तेजस्वी यादव इंडिया गठबंधन समर्थित माले प्रत्याशी कामरेड राजाराम सिंह को भारी मतों से जिताने की अपील की। पूर्व डिप्टी सीएम ने कहा कि मेरे पीठ की हड्डी में दर्द है। डॉक्टर की सलाह है कि कम्प्लीट बेड रेस्ट कीजिये। तब ही ठीक होगा। यह खबर सुन भाजपा वालो के चेहरे पर खुशी की लालिमा छा गई थी। उन्हें विश्वास हो गया था कि अब तेजस्वी चुनाव प्रचार नही करेगा। जिसके कारण हम आसानी से झूठ बोलकर, मनगढ़ंत कहानी रचकर चुनाव जीत जाएंगे। लेकिन मैं भाजपा वालो को यह बताना चाहता हूं कि मैं तब तक बेडरेस्ट नही लेने वाला हूँ, जब तक नरेन्द्र मोदी को बेडरेस्ट न कर दूं। भाजपा वाले चार जून को अंतिम सांस लेने वाले है। उन्हें पलटू चाचा भी नही बचा सकते है।

## अखिलेश यादव ने कसा सिसासी तंज

# पेपर लीक व अग्निवीर को लेकर भाजपा को घेरा



एजेंसी ▶▶ बलिया

सलेमपुर लोकसभा सीट के बेल्थरारोड स्थित जीएमएएम इंटर कॉलेज मैदान में पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री एवं सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने कहा कि पश्चिम से हवा चली थी। सातवें चरण में ज्यादा उत्साह से इंडी गठबंधन तेजी से आगे बढ़ रहा है। जो 400 का नारा दे रहे थे, वह 400 से हार कर जाएंगे। जनता का गुस्सा बढ़ता जा रहा है। इस गुस्से का सामना भाजपा नहीं कर पाएगी। झूठे वादे करने वाले छठे चरण में 400 से हार रहे हैं। 140 सीटें जीतने जा रहे हैं। देश की जनता 140 पर इन्हें समेट देगी।

### 10 से ज्यादा पेपर लीक हुए

अखिलेश ने कहा कि इस सरकार में 10 से ज्यादा पेपर लीक हुए हैं। गरीबों पर भाजपा की सरकार बुलडोजर चलवा देती है, लेकिन पेपर लीक करने वालों पर बुलडोजर नहीं चला। जो नौजवान नौकरी के लिए तैयारी करते थे, इस सरकार ने चार साल की अग्निवीर की व्यवस्था कर नौजवानों का भविष्य बर्बाद कर दिया। इंडिया गठबंधन की सरकार बनते ही अग्निवीर व्यवस्था को समाप्त कर स्थायी नौकरी दी जाएगी। अखिलेश ने जन समूह से पूछा इन्होंने महंगाई बढ़ाई की नहीं। भीड़ ने उत्तर दिया हां। कहा कि चुनाव से पहले राशन, नमक, तेल दे रहे थे। अब इनके राशन की क्वालिटी घटिया हो गई है। हमारी सरकार बनने पर आटा के साथ डाटा भी फ्री देंगे। सरकारी नौकरी के 30 लाख पद खाली पडे हैं। हम नौजवानों को पक्की नौकरी देंगे। इन्हें आरक्षण के साथ खिलवाड़ नहीं करने देंगे। हम आरक्षण के साथ नौकरी देंगे। शिक्षामित्रों व 69 हजार अभ्यर्थियों की मदद करेंगे। इन लोगों ने किसानों को संकट में डाल दिया है।

### मंच पर अखिलेश की ओर दौड़ पड़ा युवक

अखिलेश यादव सलेमपुर लोकसभा से इंडिया गठबंधन प्रत्याशी रमाशंकर विद्यार्थी के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित करने पहुंचे थे। जनसभा में सैकड़ों की संख्या में समर्थक पहुंचे थे। अखिलेश यादव मंच पर बैठे थे। सपा प्रमुख की सुरक्षा के लिए उनके कमांडो भी मंच पर तैनात थे। इसी दौरान एक व्यक्ति अखिलेश की तरफ दौड़ता हुआ मंच की तरफ बढ़ा। युवक को अखिलेश के मंच की तरफ भागता देखकर दो कमांडो बिजली गति से भागे और उसे मंच पर चढ़ने से पहले ही धर दबोचा।

## पेज एक का शेष

### चमत्कारिक शख्सियत...

गया है। अब अर्थव्यवस्था में भारत को विश्व की तीसरी शक्ति बनाने की तैयारी है। यह तय है कि 2027 के आते-आते भारत विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश होगा। विश्व स्तर पर भारत की बातों को पहले गंभीरता पूर्वक नहीं लिया जाता था, लेकिन आज स्थिति बदली है। आज भारत की बातों को गंभीरता से लिया जाता है। भारत आज अंतरराष्ट्रीय मंचों पर बोलता है तो सारी दुनिया कान खोलकर सुनती है।

**सवाल:** लोग आज भी कहते हैं कि आम लोगों के लिए क्या किया?

**जवाब:** कोरोना काल में हमारे प्रधानमंत्री ने देश भर की जनता के लिए वैक्सीन की व्यवस्था की। प्रधानमंत्री ने हर प्रकार का समर्थन वैज्ञानिकों को दिया, हमारे वैज्ञानिकों ने करिश्मा किया। हमारे वैज्ञानिकों ने कोरोना की वैक्सीन तैयार की और 140 करोड़ भारतीयों को वैक्सीन लगाई गई। दुनिया के सौ देशों को भी कोरोना की वैक्सीन भारत ने दी। इतने संकट के बाद भी देश की अर्थव्यवस्था पर कोई संकट पड़ने नहीं दिया गया। मैं मानता हूं कि यह हमारी सरकार का करिश्मा है।

**सवाल:** विपक्ष आरोप लगाता है पूंजीपतियों की सरकार है, उद्योगपतियों का कर्ज माफ किया है, किसानों का कर्ज माफ नहीं करते हैं?

**जवाब:** उद्योगपतियों का भी देश की अर्थव्यवस्था को बनाने में बड़ा योगदान है। ये परंपरा पहले से चली आ रही थी, ये लोग जन सामान्य को गुमराह करने का काम करते हैं।

**सवाल:** कांग्रेस का घोषणपत्र परेशान तो नहीं कर रहा है, राहुल गांधी कहते हैं सरकार बनने पर महिलाओं को एक लाख साल का देंगे?

**जवाब:** 52 साल तक इनकी सरकार थी, तब क्यों नहीं दिया। ये जानते हैं इनकी सरकार आनी ही नहीं है तो जो वादे चाहे कर ले, क्या फर्क पड़ता है। मेरा मानना है जनता की आंखों में धूल झोंककर किसी भी पार्टी या नेता को राजनीति नहीं करनी चाहिए। नैतिक साहस होना चाहिए जनता की आंखों में आंखें डालकर बात करें और जो कहें उसे करें भी। भाजपा के बारे में आज कोई कुछ नहीं कह सकता है। हम जो कहते हैं वो करते भी हैं। जनता को अंधेरे में रखकर राजनीति हम नहीं करते हैं। हम सिर्फ सरकार बनाने के लिए राजनीति नहीं कर रहे हैं, देश बनाने के लिए राजनीति कर रहे हैं।

**सवाल:** आप रक्षा मंत्री हैं, हमारी सीमाओं की स्थिति क्या है, इसको लेकर सवाल खड़े किए जाते हैं?

**जवाब:** हमारी सीमाएं पूरी तरह से सुरक्षित हैं, थोड़े बहुत मामले रहे हैं, बातचीत चल रही है, परिणामों की प्रतीक्षा है। देश के मान सम्मान के साथ हमारी सरकार किसी भी तरह का कोई समझौता नहीं करती है।

**सवाल:** कश्मीर को लेकर कुछ कहना चाहेंगे?

**जवाब:** कश्मीर के तो पूरे हालात ही बदल गए हैं। पहली बार बहुत ज्यादा मतदान हुआ है। मुझे ध्यान नहीं है कि पहले कभी इतना मतदान हुआ था।

**सवाल:** भाजपा का 400 पार का लक्ष्य पाने के लिए है या मनोबल बनाए रखने के लिए है?

**जवाब:** लक्ष्य कहना ठीक नहीं है, इसे संकल्प कह सकते हैं। हम आश्वस्त हैं कि इस संकल्प को पूरा करने का काम करेंगे।

**सवाल:** ईवीएम को लेकर विपक्ष के आरोप पर क्या कहते हैं?

**जवाब:** जिन राज्यों में विपक्ष जीत जाता है, वहां ईवीएम में गड़बड़ी नहीं होती है, जहां हार जाता है, वहां गड़बड़ी की बात की जाती है।

**सवाल:** विपक्ष के गठबंधन को किस तरह से देखते हैं?

**जवाब:** ये कैसा गठबंधन है, एक तरफ दिल्ली में आप के साथ मिलकर लड़ रहे हैं, वहीं पंजाब में साथ नहीं हैं। जमावड़ा है, जब तक चल रहा है चल रहा है।

**सवाल:** दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी जीत जाती है?

**जवाब:** अब आम आदमी पार्टी एक्सपोज हो चुकी है। कहा था दिल्ली में हमारी सरकार बनेगी तो हम मुख्यमंत्री निवास में नहीं रहेंगे। आप देखेंगे वहां पर मुख्यमंत्री निवास के नाम पर महल बनकर तैयार हो गया। अन्ना हजारे ने कहा था आंदोलन के बाद कोई राजनीति पार्टी नहीं बनेगी, लेकिन उनकी बात नहीं मानी और पार्टी बना दी। कहते कुछ हैं और करते कुछ हैं। ऐसे व्यक्ति को देश किसी भी रूप में स्वीकार नहीं सकता है।

**सवाल:** सत्ता में काम करते ज्यादा संतोष मिला या संगठन में काम करते हुए?

**जवाब:** दोनों का अपना अलग स्थान है। मंत्रालय की जिम्मेदारी रहती है तो देश के लिए काम करने का मौका मिलता है तो बड़ा संतोष होता है।

### ऑक्सीजन सिलेंडर...

बीच जंग लड़ रहे हैं। बताया जा रहा है कि ऑक्सीजन सिलेंडर फटने से अस्पताल में आग लगी थी। बेबी केयर सेंटर में आग लगते ही मौके पर हड़कंप मच गया। शोर-शराबे के बीच स्थानीय लोग मदद के लिए भागे। देखते ही देखते आग ने ऊपरी मंजिल को अपनी चपेट में ले लिया। आसपास के लोगों ने पुलिस और दमकल विभाग के साथ मिलकर इमारत के पीछे की ओर की खिड़कियां तोड़ीं और किसी तरह वहां से नवजात बच्चों को एक-एक कर निकाला। सूचना मिलते ही दमकल की 16 गाड़ियां मौके पर पहुंच गई। दमकल विभाग के मुताबिक चाइल्ड केयर सेंटर में बच्चे और स्टाफ मौजूद था। इस मामले में दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने स्वास्थ्य सचिव दीपक कुमार और मुख्य सचिव नरेश कुमार को निर्देश दिए हैं। उन्होंने घटना की शीघ्र जांच करने और इस लापरवाही के लिए जिम्मेदार अधिकारियों या निजी लोगों के नाम और पदनाम उपलब्ध कराने, बचाए गए बच्चों का सर्वोत्तम निजी अस्पतालों (फरिश्ते योजना के तहत) में मुफ्त इलाज सुनिश्चित करने, मृतकों और घायलों के परिजनों को शीघ्र मुआवजा देने और इस सेंटर को चलाने वालों की गिरफ्तारी में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं।

**आग बिजली के पोल से कार तक पहुंची:** दिल्ली के चीफ फायर ऑफिसर ने बताया कि हमे ऐसा लग रहा है आग पहले बेबी केयर सेंटर के बाहर लगे बिजली के पोल पर लगी होगी। उसके बाद ये आग उस पोल के पास खड़ी कार में लगी और फिर आग सेंटर तक अंदर तक पहुंची। आग बुझाने में तीन घंटे लग गए।

### इधर, आवासीय...

अधिकारियों ने बताया कि 66 वर्षीय प्रोमिला शाद का जला हुआ शव इमारत की पहली मंजिल पर मिला। उन्होंने बताया कि अस्पताल में भर्ती कराए गए दो अन्य लोगों को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया और उनकी पहचान 18 वर्षीय केशव शर्मा एवं 39 वर्षीय अंजू शर्मा के रूप में की गई है। अधिकारियों ने बताया कि पांच दमकल गाड़ियों को घटनास्थल पर भेजा गया। उन्होंने बताया कि घटनास्थल पर 14 वाहन जलकर राख हो गए। पुलिस ने इमारत के मालिक के खिलाफ कृष्णा नगर थाने में मामला दर्ज किया है।

### हमने बच्चों को ...

इस तरह का कोई अस्पताल नहीं खुलना चाहिए। इस अस्पताल में आए दिन खूब सारे सिलेंडर आते थे, जो हादसे की वजह भी बन गए। एक अन्य चश्मदीद ने बताया कि हमने बच्चों को बाहर निकालने के लिए चादरें निकालीं। कुछ बच्चों को बाहर निकाला गया। दो बच्चे तो मैंने ही अपनी गोद में लिए थे। हमने तुरंत छह सात बच्चों को अस्पताल पहुंचाया। वो बच्चे थोड़े ठीक हैं, लेकिन एक बच्चा सीरियस था। आग में कुछ बच्चे जल गए थे।

### मृतकों की संख्या...

लग गई थी। पुलिस ने इस घटना में अभी तक गेम जोन के मालिक और मैनेजर समेत दस लोगों को राउंडअप किया है। गेम जोन का संचालन युवराज सिंह सोलंकी के पास था। उसके साथ नितिन जैन और यज्ञेश पाठक इसमें शामिल थे। राजकोट नगर निगम की स्टैंडिंग कमेटी के चेयरमैन जतिन ठक्कर ने मीडिया को बताया कि टीआरपी गेम जोन फायर बिना एनओसी के चल रहा था और इसे निगम के मनोरंजन विभाग से भी कोई मंजूरी नहीं मिली थी। राजकोट अग्निकांड में जान गंवाने वाले लोगों की सूची अभी तक जारी नहीं की गई है, शवों की पहचान के बाद ही स्थिति साफ हो पाएगी। निगम के खुलासे के बाद सवाल खड़ा हो रहा है कि आखिरी किसके कहने पर इस टीआरपी गेम जोन का संचालन हो रहा था। सवाल यह भी कि गेम जोन डेढ़ साल से चल रहा था, इसकी बड़े पैमाने पर ब्रांडिंग की गई थी तो फिर निगम को क्यों इसका पता नहीं चला।

### पायल की फिल्म 'ऑल ...

हुआ, जहां भारतीय फिल्म 'ऑल वी इमेजिन एज लाइट' ने इतिहास रच दिया। पायल कपाड़िया की फीचर फिल्म ने इस फेस्टिवल में 'ग्रैंड प्रिक्स' अवॉर्ड जीता है। बता दें कि 'ग्रांड प्रिक्स पाल्मे डी' अवॉर्ड फिल्म फेस्टिवल का दूसरा सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार है। कान में फिल्म को 8 मिनट का स्टैंडिंग ओवेशन मिला। तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा हॉल गूंज उठा।

**इससे पहले मिल चुका है 'गोल्डन आई' अवार्ड :** इससे पहले पायल की फिल्म 'ए नाइट ऑफ नोइंग नथिंग' को 2021 में कान फिल्म फेस्टिवल में सर्वश्रेष्ठ डॉक्यूमेंट्री फिल्म के लिए 'गोल्डन आई' अवार्ड मिला था। उनकी फिल्म आफ्टरनून क्लाउड्स एक ऐसी भारतीय फिल्म थी, जिसे 70वें कान फिल्म फेस्टिवल के लिए चुना गया था। पायल का जन्म मुंबई में हुआ था। पायल कपाड़िया ने फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट से निर्देशन के गुण सीखे।

**दो नर्सों का कहानी, जो खुद की पहचान तलाशती हैं:** 'ऑल वी इमैजिन ऐज लाइट' एक फीचर फिल्म है। इसकी कहानी दो नर्सों (प्रभा और अनु) पर आधारित है, जो साथ में रहती हैं। प्रभा की शादी अरेंज्ड मैरिज हुई और उसका पति विदेश में रहता है। दूसरी तरफ अनु की शादी नहीं हुई है, लेकिन उसे एक लड़के से प्यार है। प्रभा और अनु अपनी दो दोस्तों के साथ एक ट्रिप पर जाती हैं, जहां वो खुद को पहनाने की कोशिश करती हैं और फिर उन्हें आजादी के मायने समझ आते हैं।

### 5 साल में यूसीसी...

करने की प्रक्रिया शुरू कर देगी। सरकार वहां 30 सितंबर से पहले विधानसभा चुनाव कराने का काम पूरा कर लेगी। पिछड़े वर्गों के सर्वेक्षण की बात हो या व परिसीमन का काम, सब योजना के अनुसार हो रहा है।

**एक देश-एक चुनाव को भी लागू करेंगे:** शाह ने कहा कि मोदी सरकार का अगला कार्यकाल कई मायनों में अहम होगा क्योंकि इसी दौरान एक देश-एक चुनाव को भी लागू किया जाएगा। गृह मंत्री ने कहा कि भाजपा ने उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता लागू करके एक प्रयोग किया है क्योंकि यह राज्यों और केंद्र दोनों का विषय है। समान नागरिक संहिता हमारे एजेंडे में साल 1950 से ही है और हाल ही में भाजपा शासित राज्य उत्तराखंड में इसे लागू भी कर दिया गया है।

### प्लेऑफ में पड़ी...

क्वालीफायर-1 में 84 डॉट बॉल पड़ीं: गुजरात टाइटंस और चेन्नई सुपर किंग्स के मुकाबले में गेंदों ने 84 डॉट गेंदें फेंकी। अब बीसीसीआई 42000 पेड़ लगाएगी। मैच में सबसे ज्यादा 12 डॉट गेंदें चेन्नई सुपर किंग्स के रविंद्र जडेजा ने फेंकी। वहीं, तुषार देशपांडे की 11 गेंदें डॉट रहीं।

### बादशाह की टीम फिर...

टीम की शुरुआत बेहद खराब रही और वो 18.3 ओवर में 113 रन बनाकर ढेर हो गई। इसके साथ ही हैदराबाद टीम ने एक शर्मनाक रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया है। हैदराबाद टीम आईपीएल इतिहास के किसी भी फाइनल मुकाबले में सबसे छोटा स्कोर बनाने वाली टीम बन गई है। कोलकाता की हालिया जीत का सेहरा टीम के साथ बतौर मेंटर जुड़े गौतम गंभीर के सिर पर सजा है। गंभीर ने टीम के साथ जुड़ते ही केकेआर का चाल,चरित्र और चेहरा पूरी तरह बदल दिया।

## झारखंड में दिखेगा बंगाल के चक्रवात का असर, यलो अलर्ट



एजेंसी ▶▶ रांची

बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना गहरा दबाव चक्रवातीय तूफान में बदलकर रविवार की रात पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश के समुद्र तटों से टकरा सकता है। इसका असर झारखंड में भी पड़ने के आसार हैं। मौसम विभाग, रांची ने राजधानी रांची समेत राज्य के पूर्वी इलाकों में तेज हवा और गरज के साथ बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। 27 मई से राज्य में हल्के बादल छाएंगे। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि यह तूफान अभी पूर्व-मध्य बंगाल की खाड़ी पर स्थित है। अगले 24 घंटों में यह प्रबल बनकर 26 मई की मध्यरात्रि तक प. बंगाल के सागर द्वीप, खेपुपारा तटों को पार करेगा। इस दौरान हवा की गति 120 से 135 किमी प्रति घंटे होगी। इस तूफान का प्रभाव बंगाल से सटे झारखंड के इलाकों पर पड़ेगा। इनमें रांची समेत पूर्वी सिंहभूम, बोकारो, गोड्डा, धनबाद, जामताड़ा, साहिबगंज, दुमका, पाकुड़ में दिखेगा। इन जिलों में कुछेक जगहों पर तेज हवा के साथ अच्छी बारिश के आसार हैं।



# 'स्टारडम' से डेब्यू के लिए आर्यन खान तैयार

**मुंबई।** एंटरटेनमेंट डेस्क, नई दिल्ली। शाह रुख खान के लाडले बेटे आर्यन आए दिन किसी न किसी कारण सुर्खियों में बने रहते हैं। उन्होंने किसी फिल्म में एक्टिंग नहीं की, लेकिन उनका स्टारडम किसी एक्टर से कम भी नहीं है। आर्यन खान अपने पिता से अलग, लेकिन उनकी तरह ही काम के जरिये लोगों के बीच फेमस होना चाहते हैं। वो पिछले काफी समय से 'स्टारडम' की शूटिंग को लेकर लाइमलाइट में हैं, जिसे लेकर एक गुड न्यूज आई है। यह शो स्टार्स की चकाचौंध से भरी जिंदगी और पर्दे के पीछे की लाइफ को दिखाएगी। खास बात यह है कि आर्यन ने इस शो डायरेक्ट किया है।

लाइफ Style

# शर्मिन

## 30 टेक के बाद भी पसंद नहीं आया शॉट

संजय लीला भंसाली की पहली वेब सीरीज 'हीरामंडी: द डायमंड बाजार' को दुनियाभर से प्यार मिल रहा है। हालांकि, इस सीरीज की एक्ट्रेस शर्मिन सेहगल को लगातार उनकी एक्टिंग के लिए ट्रोल किया जा रहा है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

शर्मिन ने अभी तक इस चीज को लेकर कोई भी विचार सामने नहीं रखे हैं, लेकिम शर्मिन ने अपने एक पुराने इंटरव्यू में बताया था कैसे वो अपने मामा संजय लीला भंसाली के सामने रोने लगी थीं। साल 2019 में रेडियो सिटी इंडिया को दिए एक इंटरव्यू में शर्मिन ने फिल्म मलाल के शूट का किस्सा सुनाया था। संजय लीला भंसाली मलाल फिल्म के प्रोड्यूसर थे। शर्मिन ने बताया कि वो कभी भी सेट पर नहीं आते थे, लेकिन एक दिन वो सेट पर आए और उस दिन मुझे रोना आ गया। शर्मिन ने बताया कि वो उस दिन एक सॉन्ग का शूट कर रही थीं। सेट पर अपने मामा और मेंटर संजय लीला भंसाली को देखकर नर्वस हो गई थीं। उन्होंने कहा, वो एक शॉट में मेरी जो वाट लगी है। मैं नॉर्मली 15 टेक देती थी, मुझे ऐसा कहना नहीं चाहिए। मुझे 25 टेक लगे उस दिन। फिर फाइनली हो गया। उन्होंने कहा कि पूरे दिन का जो मैनें प्रिपेयर कर के रखा था, वो एक ही शॉट में चला गया। तभी मैं अंदर गई वैनिटी में, तब सर आए अंदर और बोले, "मुझे बहुत मजा आ रहा है। मैं एक और शॉट के लिए रुकने वाला हूं। इसके बाद शर्मिन ने कहा कि वो वैनिटी के बाद सेट पर गईं। उन्होंने बताया कि संजय लीला भंसाली ने 30 टेक के बाद भी शॉट ओके नहीं किया। उन्होंने बताया कि मैं हताश हो गई।



## हॉलीवुड मसाला



# निकी ड्रग्स मामले में गिरफ्तार

**लॉस एंजिलिस।** एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में स्टार्स के ड्रग्स का सेवन करने की बातें बहुत आम हैं। इससे जुड़ा कोई मामला सामने आने पर कार्रवाई भी होती है। ऐसा ही कुछ हुआ रैपर और सॉन्ग राइटर निजी मिनाज के साथ। उन्हें एम्सटर्डम में ड्रग्स के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। निकी मिनाज 'पिंक फ्राइडे' और 'बिलबोर्ड' को लेकर लाइमलाइट में आई थीं। वह अपने गानों के लिए लाइमलाइट में रहती हैं। सोशल मीडिया पर भी निकी मिनाज काफी एक्टिव रहती हैं।



# हॉलीवुड अभिनेता पर चलेगा मुकदमा...

**लॉस एंजिलिस।** हॉलीवुड अभिनेता एलेक बाल्डविन पर सिनेमैटोग्राफर हलिना हचिन्स की हत्या करने का आरोप लगा है। दरअसल, अक्तूबर 2021 में 'रस्ट' के सेट पर शूटिंग के दौरान गोली चलने से सिनेमैटोग्राफर हलिना हचिन्स की मौत हो गई थी। इसी को लेकर अभिनेता पर घातक शूटिंग के लिए हत्या का आरोप लगाया गया था। वहीं, अब इस अभिनेता की ओर से कोर्ट में इस मामले को खारिज करने की मांग की थी, लेकिन कोर्ट ने उस प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया। वहीं, न्यू मैक्सिको के एक न्यायाधीश ने फैसला किया है एलेक बाल्डविन पर 'रस्ट' सिनेमैटोग्राफर हैलिना हचिन्स की घातक गोलीबारी के लिए इस गर्मी में भी मुकदमा चलेगा।



# मेरी काली जुबान से फिल्में होती हैं फ्लॉप...


**मुंबई।** बॉलीवुड इंडस्ट्री की जानी-मानी फिल्ममेकर फराह खान को भला कौन नहीं जानता। वह अपनी शानदार कोरियोग्राफी और बेहतरीन फिल्मों को लिए जानी जाती हैं। फराह ने बॉलीवुड सुपरस्टार किंग खान सहित तमाम बड़े कलाकारों के साथ काम किया है। अब हाल ही में फराह खान कॉमेडियन कपिल शर्मा के शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' पर पहुंची थीं। उनके साथ बॉलीवुड एक्टर अनिल कपूर भी मौजूद थे। इस दौरान कपिल ने फराह और अनिल के साथ खूब मस्ती की। फराह खान ने कपिल से बातचीत में अपना एक सीक्रेट भी रिवील किया और बताया कि उनकी जुबान काली है। आइए जानते हैं कि फराह ने आखिर ऐसा क्यों कहा? दरअसल शो में कपिल शर्मा ने अनिल कपूर और फराह से सवाल किया कि 'आप दोनों की पर्सनैलिटी कैसी है?



# सल्लू को फ्री जींस दिलाने के बहाने ले गए

**मुंबई।** चंकी पांडे फिल्मों में अपने रोल से खूब हंसाते हैं, रियल लाइफ में भी उनके किस्से खूब इंटरेस्टिंग होते हैं। हाल ही में एक्टर ने सलमान खान से जुड़ा एक मजेदार किस्सा शेयर किया है। चंकी पांडे ने बताया कि एक बार साउथ अफ्रीका में एक स्टोर वाले से 50 हजार डॉलर लिए थे, ये कहकर कि वो सलमान खान को स्टोर में लाएंगे। एक साक्षात्कार में चंकी पांडे ने कहा कि वह सुपरस्टार सलमान खान के साथ दक्षिण अफ्रीका में एक शो कर रहे थे, जहां वह उन्हें एक विशेष स्टोर में ले गए और उन्हें "मुफ़्त जींस" दिलाने का वादा किया। चंकी ने कहा, "मैंने सलमान से कहा, चलो शॉपिंग करने चलते हैं, मैं तुम्हें जींस फ्री दूंगा। इसलिए, हम एक मॉल में खरीदारी करने गए और फिर उन्हें मुफ्त जींस और जूते दिलाए।

## टीवी मसाला



# 17 साल की उम्र में जूही ने झेला कास्टिंग काउच

**मुंबई।** बॉलीवुड हो या फिर टेलीविजन, कास्टिंग काउच सिनेमा पर एक दाग है। कई नये कलाकार कास्टिंग काउच का शिकार हो गए हैं। काम का लालच देकर कास्टिंग डायरेक्टर्स कलाकारों के सामने ऐसी-ऐसी डिमांड्स रखते हैं, जिसे जानकर किसी को भी झटका लग सकता है। टीवी की जानी-मानी अभिनेत्री जूही परमार भी इससे गुजर चुकी हैं। एक हालिया इंटरव्यू में जूही ने कास्टिंग काउच का एक्सपीरियंस शेयर किया है। जूही परमार ने बताया कि वह सिर्फ 17 साल की थीं, जब उन्हें एक म्यूजिक वीडियो का ऑफर आया। मगर चैनल हेड ने शर्त रखी कि उन्हें बिकिनी पहननी पड़ेगी। जब जूही ने ऐसा करने से इनकार कर दिया तो चैनल हेड ने कहा था कि उन्हें बिना समझौते के सक्सेस नहीं मिल सकेगा। बातचीत में जूही ने बताया कि आखिर चैनल हेड ने उनसे क्या कहा था। अभिनेत्री ने कहा, "एक शब्द है, जिसे समझौता कहते हैं। अगर तुमने ये नहीं किया तो तुमको लगता है कि तुम टिक सकोगी? जूही ने उनसे साफ कह दिया था कि वह समझौता करने की बजाय घर वापस लौटना पसंद करेंगी।

# करोड़ों की संपत्ति के मालिक हैं तारक मेहता... के 'जेठालाल'

**मुंबई।** टीवी का फेमस शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' पिछले कई सालों से लोगों के दिलों में अपनी एक अलग जगह बनाए हुए हैं। इस सीरियल के हर किरदार ने घर घर में पॉपुलैरिटी हासिल की है। ऐसे में इस शो में दिलीप जोशी का किरदार निभाने वाले दिलीप जोशी को भला कौन नहीं जानता। दिलीप जोशी 26 मई को 56वां बर्थडे मनाए। आज लोग दिलीप जोशी को जेठालाल के नास से जानते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, दिलीप जोशी की नेट वर्थ करीब 47 करोड़ रुपए है। साल 2023 में आई 'कोईमोई' की रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले 5 साल में दिलीप जोशी की नेट वर्थ 135 पर्सेंट बढ़ी है। एक्टर की नेटवर्थ पांच साल में 20 करोड़ से बढ़कर 47 करोड़ रुपये हो गई। वह एक एपिसोड के लिए 1.5 लाख रुपए फीस लेते हैं।





# आज से कहर बरपाएगी 'सुहागन चुड़ैल'

**मुंबई।** इन दिनों निया शर्मा अपने टीवी सीरियल 'सुहागन चुड़ैल' को लेकर लगाता चर्चा में बनी हुई हैं। वह इस शो का प्रमोशन जोरो से कर रही हैं। इस शो में उनका लुक काफी हॉट है, जो कि फैंस को बेहद पसंद भी आ रहा है। निया का यह लुक सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। जानिए आखिरकार कब शुरू हो रहा है आपकी पसंदीदा अभिनेत्री निया शर्मा का शो 'सुहागन चुड़ैल'। निया शर्मा का नया टीवी शो 'सुहागन चुड़ैल' 27 मई को कलर्स टीवी पर आने के लिए तैयार है। इस शो को आप सोमवार से शुक्रवार रात 10.30 बजे देख सकते हैं। इस शो के कई वीडियोज निया ने अपने सोशल मीडिया उकाउंट पर साझा किए हैं। सोशल मीडिया पर निया के वीडियोज को देखने के बाद फैंस तारीफें करते नहीं थक रहे हैं।

# 'डांस दीवाने 4' में गौरव-नीतिन ने मारी बाजी, ट्रॉफी के साथ जीते 20 लाख

*मुंबई। डांस रियलिटी शो 'डांस दीवाने 4' के विनर का ऐलान कर दिया गया है। इसके विनर का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार था। आखिर वो घड़ी आ ही गई जब शो के चौथे सीजन को भी उसका विनर मिल गया है। शो में टॉप 6 फाइनलिस्ट जोड़ियों के बीच टक्कर देखने के लिए मिली है। इन सबके बीच कंटेस्टेंट गौरव-नीतिन ने बाजी मारी है। शो को माधुरी दीक्षित, सुनील शेट्टी और अन्य जज कर रहे थे। ऐसे में अब इस रियलिटी शो को विनर मिल गए हैं। ट्रॉफी मिलने के साथ ही गौरव-नितिन ने आगे प्लान भी शेयर किया है। शो 'डांस दीवाने 4' करीब साढ़े तीन महीने तक चला और लोगों को एंटरटेन किया। अब महीनों इंतजार के बाद दर्शकों के साथ शो को इसके इस सीजन का विनर मिल गया है। फिनाले में टॉप 6 जोड़ियां फाइनलिस्ट में पहुंची थीं। शो की ट्रॉफी के लिए कंटेस्टेंट के बीच कड़ी टक्कर देखने के लिए मिली थी। गौरव और नीतिन को ट्रॉफी के साथ 20 लाख की इनाम की राशी भी मिली है। गौरव और नीतिन दोनों को ही अलग-अलग डांस फॉर्म में महारत हासिल है।*




## अमर सिंह चमकीला का क्रेज पाक में देखने को मिल रहा है

# भारत की ये फिल्में और सीरीज पाकिस्तान में हैं सुपरहिट

*मुंबई। भारत में हर जॉनर की फिल्में बनती हैं और पसंद की जाती हैं। शायद ही यहां कोई ऐसा टॉपिक हो जो कि निर्देशकों से छूट गया हो। यही वजह है कि यहां की फिल्में और सीरीज देश ही नहीं, बल्कि विदेशों में भी खूब पसंद की जाती हैं। नेटफ्लिक्स पर इन दिनों भारतीय फिल्में-सीरीज खूब ट्रेंडिंग में हैं। जिनको दर्शक खूब पसंद कर रहे हैं। इन फिल्मों-सीरीज को पाकिस्तान में भी धड़ल्ले से देखा जा रहा है। चलिए आपको नेटफ्लिक्स की उन 10 फिल्मों-सीरीज के बारे में बताते हैं।*

**लापता लेडीज :** किरण राव और आमिर खान के प्रोडक्शन हाउस में बनी फिल्म लापता लेडीज कहानी बड़ी दमदार है। इस फिल्म में गांव में होने वाली शादी और वहां के लोगों की मानसिकता के बारे में बारे में दिखाया गया है। इस फिल्म को पाकिस्तान में खूब पसंद किया जा रहा है।

**शैतान :** अजय देवगन और आर माधवन की फिल्म शैतान को भी भारत में दर्शकों ने खूब पसंद किया। इस फिल्म में एक सुपरनेचुरल थ्रिलर कहानी है, जो कि एक परिवार के इर्द-गिर्द घूमती है। विकास बहल द्वारा निर्देशित इस फिल्म का पाकिस्तान भी दीवाना है।

**अमर सिंह चमकीला :** पंजाब के पहले रॉकस्टार अमर सिंह चमकीला की जिंदगी पर आधारित फिल्म को 12 अप्रैल को नेटफ्लिक्स पर रिलीज किया था। अमर सिंह चमकीला का क्रेज पाकिस्तान में देखने को मिल रहा है।

**दंगे :** फिल्म दंगे की कहानी में एक्शन और ड्रामा देखने को मिलता है। अहान भट्ट और हर्षवर्धन राणे की इस फिल्म को 26 अप्रैल को रिलीज किया था। दंगे को भी पाकिस्तान में चाव से देखा जा रहा है।




**आर्टिकल 370 :** फरवरी में थिएटर्स में रिलीज होने के बाद 19 अप्रैल को नेटफ्लिक्स पर आई फिल्म आर्टिकल 370 को भी दर्शकों का खूब प्यार मिला। इस फिल्म में यामी गौतम की एक्टिंग को खूब सराहा गया। आर्टिकल 370 के भी पाकिस्तान में चाहने वाले हैं।

**डंकी :** शाहरुख खान की बेहतरीन फिल्मों में से एक डंकी की कहानी बिना वीजा के अवैध तरीके से दूसरे देशों में जाने वाले लोगों पर आधारित है। यह फिल्म 21 दिसंबर को थिएटर्स में रिलीज हुई थी। इसके बाद 15 फरवरी को इसे ओटीटी पर स्ट्रीम किया गया था. डंकी को भी पाकिस्तान में जमकर देखा जा रहा

**एनिमल :** अल्फा मेन्स की कहानी पर आधारित रणबीर कपूर, रश्मिका मंदाना, अनिल कपूर और बॉबी देओल की फिल्म एनिमल को भी पाकिस्तान में खूब प्यार मिला।


**12वीं फेल :** 12वीं फेल की कहानी रियल लाइफ हीरो आईपीएस मनोज शर्मा पर आधारित है। फिल्म में दिखाया गया है कि कैसे एक लड़का गरीबी से लड़कर पढ़ाई करता है और आगे बढ़ता है। यह फिल्म भी पड़ोसी मुल्क में देखी जा रही है।

**हीरामंडी :** कुछ दिनों पहले नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई संजय लीला भंसाली की वेब सीरीज हीरामंडी का भारत में खूब जलवा दिखा। इस सीरीज को लोगों की मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली है। पाकिस्तान में भी हीरामंडी जमकर देखी जा रही है।

**मामला लीगल है :** रवि किशन और यशपाल शर्मा जैसे धुरंधर कलाकारों से सजी हुई वेब सीरीज मामला लीगल है बढ़िया कॉमेडी है। इसकी कहानी में आपको कोर्टरूम की अनोखी दुनिया दिखेगी। इस सीरीज का क्रेज भी पाकिस्तान में दिखा।

लुप्तप्राय स्वदेशी पौधों की प्रजातियों के संरक्षण वाली टिशू कल्चर लैब भी देखी

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दुनिया के सबसे बड़े ध्यान केंद्र कान्हा शांति वनम का किया भ्रमण, विकास कार्यों का लिया जायजा




## संस्थान से जुड़े प्रमुख व्यक्तियों ने मुख्यमंत्री का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को रंगा रेड्डी जिले में स्थित कान्हा गांव हार्टफुलनेस के मुख्यालय में स्थापित दुनिया के सबसे बड़े ध्यान केंद्र 'कान्हा शांति वनम' का दौरा किया। उन्होंने वहां पूज्य दाजी के मार्गदर्शन में चल रहे विकास कार्यों का जायजा लिया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हार्टफुलनेस संस्थान की ओर से दाजी के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश में भी कई कार्य किए जा रहे हैं। उनकी ओर से चलाए जा रहे नशामुक्ति केंद्र और पर्यावरण से संबंधित गतिविधियों से समाज को भी लाभ मिला है। संस्थान की ओर से जावरा, रतलाम और शिवगढ़ में चल रहे प्रोजेक्ट इसके अनुपम उदाहरण है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विश्व स्तरीय टिशू कल्चर लैब का भी अवलोकन किया। इस लैब में भारत में लुप्तप्राय स्वदेशी पौधों की प्रजातियों का संरक्षण किया जा रहा है। इस अवसर पर संस्थान से जुड़े प्रमुख व्यक्तियों ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया।



## खबर संक्षेप

### सिंगरौली और शिवपुरी में हुई घटनाओं की जांच के लिए समिति गठित

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर सिंगरौली जिले में मुआवजा घोटाले और शिवपुरी जिले में आगजनी संबंधी प्रकरण में राज्य शासन की ओर से विस्तृत जांच करने के लिए समिति गठित की गई है। दोनों प्रकरणों में समिति 7 दिन के अंदर प्रतिवेदन प्रस्तुत करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सिंगरौली जिले में मुआवजा संबंधी प्रकरण और शिवपुरी जिले में कलेक्टर कार्यालय में आगजनी संबंधी प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए राज्य शासन को इनकी विस्तृत जांच कराए जाने के निर्देश दिए थे। उन्होंने जांच के निष्कर्ष प्राप्त होने पर दोषियों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए। राज्य शासन द्वारा सिंगरौली के प्रकरण की जांच के लिए संभागायुक्त रीवा की अध्यक्षता में अन्तर्विभागीय जांच समिति गठित की गई है। इसमें अपर आयुक्त भू-अभिलेख ग्वालियर तथा उप महानिरीक्षक पंजीयन जबलपुर सदस्य बनाए गए हैं। शिवपुरी के प्रकरण के जांच के निर्देश संभागायुक्त ग्वालियर को प्रदान किए गए हैं।

### समरीते होंगे गिरफ्तार समर्पण के आदेश

**जबलपुर।** बालाघाट जिले से लांजी के पूर्व विधायक किशोर समरीते को मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने एसडीएम कार्यालय में आगजनी तथा हमला करने के आरोप में जिला न्यायालय में निर्धारित सजा को सही ठहराया है। एकलपीठ ने एससी-एसटी एक्ट में दी गई सजा को निरस्त कर दिया है। सभी आरोपियों को जिला न्यायालय के समक्ष समर्पण के आदेश दिए हैं।

### हसदेव नदी में नहाते समय युवक डूबा

**जांजगीर-चांपा।** जिले के हसदेव नदी में नहाने गया एक युवक तेज बहाव में डूब गया है। 20 घंटे हो चुके हैं मगर युवक का कुछ पता नहीं चला सका। बिलासपुर की एसडीआरएफ की टीम खोजबीन कर रही है। जानकारी अनुसार, युवक अश्रय कंवर 29 वर्ष निवासी भवरमाल रोहदा का रहने वाला है। वह चांपा के पीआईएल कंपनी में ठेकेदार अनमोल यादव के अंडर में काम करता है।

नर्सिंग कॉलेज के तत्कालीन रजिस्ट्रार और सचिव पर भी होगा एक्शन

नर्सिंग कोर्स के लिए गठित होगी नई रेगुलेटरी बॉडी

# सेवा से बर्खास्त किए जाएंगे नर्सिंग घोटाले के सभी दोषी अधिकारी

- नर्सिंग संस्थानों में प्रवेश के लिए आयोजित की जाएगी परीक्षा
- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गड़बड़ियों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नर्सिंग कॉलेज घोटाला के मामले में सीबीआई के एक्शन के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी सख्त कदम उठाने का निर्णय लिया है। इसी क्रम में इस मामले में दोषी पाए जाने वाले समस्त अधिकारियों को सेवा से बर्खास्त करने के निर्देश दिए गए हैं। इस मामले में नर्सिंग काउंसिल के तत्कालीन रजिस्ट्रार और सचिव पर भी एक्शन होगा। साथ ही नर्सिंग कोर्सेस के लिए नई रेगुलेटरी बॉडी का भी गठन होगा, जो इन कोर्सेज की गुणवत्ता और मानकों की निगरानी करेगी।

इस मामले में मुख्यमंत्री की नाराजगी के बाद मेडिकल एजुकेशन विभाग ने घोटाले की जांच और सुधार के लिए व्यापक ऑपरेशन शुरू किया है। इसके अलाव विभाग में कई बदलाव किए जा रहे हैं। इसके लिए नया परीक्षा सिस्टम शुरू किया जा रहा है। इंजीनियरिंग और मेडिकल की तर्ज पर अब नर्सिंग संस्थानों में भी प्रवेश के लिए परीक्षा आयोजित की जाएगी।




### अनफिट को मान्यता देने वालों पर गिरेगी गाज

मेडिकल एजुकेशन विभाग ने मुख्यमंत्री के निर्देश पर घोटाले की गहराई से जांच के लिए एक विस्तृत रोड मैप तैयार किया है। विभाग ने बड़े पैमाने पर ऑपरेशन शुरू करने का निर्णय लिया है, जिसके तहत उन अधिकारियों और कर्मचारियों की पहचान की जा रही है, जिन्होंने अनफिट नर्सिंग कॉलेजों को मान्यता देने में सहायता की थी। उक्त मामलों के दोषियों पर चिन्हित कर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने विभाग को ताकीद किया है कि नर्सिंग शिक्षा में सुधार और पारदर्शिता लाना हमारी प्राथमिकता है। अब किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### नर्सिंग कॉलेजों की जांच तेज

मेडिकल एजुकेशन विभाग ने घोटाले की जड़ तक पहुंचने और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सुधारात्मक कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। विभाग ने राज्य भर में नर्सिंग संस्थानों की जांच-पड़ताल तेज कर दी है और आवश्यक सुधारों को लागू करने के लिए एक समयबद्ध योजना बनाई है। इस घोटाले के उजागर होने के बाद राज्य सरकार ने नर्सिंग शिक्षा में सुधार और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाने की घोषणा की है।

### आयुर्विज्ञान विवि ने मांगी नर्सिंग कॉलेजों की फैकल्टी की जानकारी

मध्यप्रदेश में नर्सिंग महाघोटाले के बाद भी आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय के अधिकारियों की लापरवाही सामने आ रही हैं। मप्र आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय ने एक अधिसूचना जारी पर नर्सिंग कॉलेजों की फैकल्टी की जानकारी मांगी हैं। एनएसयूआई नेता रवि परमार ने कहा कि मप्र आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय ने जब नर्सिंग कॉलेजों को संबद्धता (मान्यता) जारी कि तक क्या फैकल्टी की जांच किए बिना ही संबंद्धता जारी कर दी। मप्र आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय ने समस्त महाविद्यालयों से जानकारी मांगी हैं। जबकि मप्र के नर्सिंग कॉलेजों को 2023-24, 2024-25 सत्र की मान्यता (संबद्धता) ही नहीं हैं क्या विवि बिना मान्यता दिए ही परीक्षा करवा देगा क्या ?।

सीधी के मामले में प्रदेश भाजपा मीडिया प्रभारी आशीष बोले-

# भाजपा सरकार अपराधी और अपराध के खिलाफ रखती है जीरो टॉलरेंस की नीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने कांग्रेस व पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ से कहा कि मप्र की भाजपा सरकार अपराधी और अपराध के खिलाफ जीरो टॉलरेन्स की नीति रखती है। सीधी की घटना को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गंभीरता के साथ तत्परता दिखाते हुए मामले की जांच के सख्त आदेश दिए है।

इस घटना की जांच एसआईटी से कराने का निर्णय लिया गया है। इसकी कमान महिला एसडीओपी को दी गई है। अग्रवाल ने एक्स पर सरकार के आदेश की प्रति संलग्न कर कहा कि मप्र के 'माथे पर कलंक' लगाने की साज़िश बंद कीजिए। राजनीतिक रोटियां सेकने वाले कांग्रेसी याद रख लें कि भाजपा सरकार इस मामले में कठोर से कठोर कार्रवाई कर रही है। इसमें अपराधी जो भी हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई चल रही है। उनके घरों को बुलडोजर से नेस्तनामूद किया जा रहा है।

सरकार इस मामले में कोई कोताही नहीं करेगी। इस मामले में पाक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई होगी, जिससे दुष्कर्म करने वालों को सबक तो मिलेगा, साथ ही महिलाओं पर आंख उठाने वालों की भी रूह कांप उठेगी।

### महिलाओं को चाशनी और आइटम कहते हैं कांग्रेसी

अग्रवाल ने कहा कि महिलाओं में 'चाशनी' व 'रस ढूंढने' वाले और उन्हें 'आइटम' कहने वाले कांग्रेसियों से निवेदन है कि कृपया संवेदनशील विषय पर तो आप 'झूठ का झुनझुना' बजाकर अपनी लुटी-पिटी राजनीति न चमकाएं। कांग्रेस के वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष दुष्कर्म पीड़िता की जानकारी सार्वजानिक करते हैं तो उनके वरिष्ठ कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष को दुष्कर्म जैसे संवेदनशील विषय पर भी राजनीति सूझ रही है। ये वहीं कमलनाथ हैं, जो चुनाव के दौरान प्रदेश से गायब रहे, विदेश में छुट्टी मना रहे थे और जब मप्र आते थे तो 'मिस्टर इंडिया' बनकर सिर्फ और सिर्फ बेटे नकुलनाथ की राजनीति चमकाने में लगे हुए थे। इन्हें न तो कांग्रेस से मतलब था न जनता से सरोकार था।

स्कूल बंद होने के कारण खाद्यान्न आवंटन एवं वित्तीय राशि जारी नहीं की गई

# स्कूलों में मध्यान्ह भोजन वितरित नहीं हुआ, पोर्टल पर गलत रिपोर्टिंग, प्रभारी शिक्षकों को दिए नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एक मई से 15 जून तक गर्मियों की छुट्टियां प्रदेश के सरकारी स्कूलों में चल रही है। स्कूलों में कक्षा 8वीं तक शैक्षणिक दिवसों में पीएम पोषण योजनांतर्गत विद्यार्थियों को दोपहर का मध्यान्ह भोजन देने का प्रावधान है।

पीएम पोषण शक्ति योजना के राज्य समन्वयक मनोज पुष्प ने बताया है कि ग्रीष्मकालीन छुट्टी में शासकीय विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन का वितरण नहीं किया जा रहा है। भारत सरकार के ऑटोमेटेड मॉनीटरिंग सिस्टम (एएमएस) पर मध्यान्ह भोजन वितरण संबंधी त्रुटिवश रिपोर्टिंग करने वाले प्रभारी शिक्षकों को कारण बताओ सूचना पत्र संबंधित जिलों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने दिए हैं। पुष्प ने बताया है कि एक मई 2024 से 15 जून 2024 तक ग्रीष्मकालीन अवकाश होने से स्कूल बंद हैं। पीएम पोषण योजना से इस अवधि में खाद्यान्न आवंटन एवं वित्तीय राशि जारी नहीं की गई है। एएमएस पोर्टल केवल एक मॉनीटरिंग एवं रिपोर्टिंग का माध्यम है। एएमएस पोर्टल की रिपोर्टिंग के आधार पर खाद्यान्न एवं भोजन पकाने की लागत राशि जारी नहीं की जाती है।

### बिना जांचे-परखे भ्रामक जानकारी फैलाना कांग्रेस के डीएनए में: आशीष

*प्रदेश के कुछ जिलों में आटोमेटेड मॉनिटरिंग सिस्टम पोर्टल के माध्यम से भोजन का वितरण दिखाने के मामले में भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने प्रतिक्रिया दी है। मामले में प्रदेश मीडिया प्रभारी अग्रवाल ने कांग्रेस को घेरते हुए कहा कि नकारात्मकता और नफरत फैलाने में माहिर कांग्रेस ने मिड डे मील के विषय में जो भ्रांति फैलाई है। जबकि 1 मई 2024 से 15 जून 2024 तक ग्रीष्मावकाश के कारण स्कूल बंद हैं। ग्रीष्मावकाश अवधि के दौरान स्कूलों में कोई मिड डे मील वितरण नहीं किया गया। एएमएस पोर्टल पर भोजन वितरण की जानकारी प्रभारी शिक्षकों द्वारा त्रुटिवश प्रविष्ट की गई। संबंधित मुख्य कार्यपालन आधिकारियों द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किए जा चुके हैं। पीएम पोषण योजना से इस अवधि में खाद्यान्न आवंटन एंव वित्तीय राशि जारी नहीं की है। पोर्टल केवल मॉनिटरिंग और रिपोर्टिंग का माध्यम है एवं इसके आधार पर कोई राशि जारी नहीं की जाती है।*

देवी अहिल्याबाई होल्कर का 300वीं जयंती वर्ष समारोह 31 से

# मध्य भारत प्रांत स्तरीय आयोजन समिति गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

समाज, संस्कृति और राष्ट्र को समर्पित न्यायप्रिय देवी अहिल्याबाई होल्कर की 31 मई को 300वीं जयंती है।

इस उपलक्ष्य में पूरे देश में वर्ष भर देवी अहिल्याबाई पर केंद्रित विभिन्न साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। मध्य भारत प्रांत में वर्ष भर चलने वाले समारोह के आयोजन के लिए शनिवार को प्रांत स्तरीय आयोजन समिति का गठन किया गया। समिति का गठन मध्यभारत प्रांत के संघचालक अशोक पाण्डेय, प्रांत कार्यवाह हेमंत सेठिया तथा प्रबुद्धजनों की उपस्थिति में हुआ।



### समिति के अध्यक्ष बने पूर्व पुलिस महानिदेशक राऊत

प्रांत स्तरीय आयोजन समिति के संरक्षक सुरेन्द्र मिश्रा और गिरीश जोशी है। समिति के अध्यक्ष संतोष कुमार राऊत (पूर्व पुलिस महानिदेशक), उपाध्यक्ष कविन्द्र कियावत (पूर्व संभागायुक्त), डॉ. प्रियवंदा भसीन (नेत्र रोग विशेषज्ञ), सचिव डॉ. वंदना गांधी, सह सचिव रंजना चितले, वीरेन्द्र पाल, कोषाध्यक्ष सत्यकीर्ति राने सहित 15 सदस्य शामिल हैं। समारोह के दौरान वर्ष भर संगोष्ठी, शिक्षण संस्थानों में प्रतियोगिताएं, नाट्य प्रस्तुतियां, पुस्तक प्रकाशन, प्रदर्शनी के माध्यम से देवी अहिल्याबाई होल्कर के व्यक्तित्व और कृतित्व को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा।

पिस्टल, 12 बोर सिंगल शॉर्ट बंदूक, नगद रुपए सहित अन्य सामान बरामद

# सुरक्षाबल और नक्सलियों में मुठभेड़, दो महिला माओवादी ढेर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर

बीजापुर में शनिवार को मिरतुर थाना क्षेत्र के जप्पेमरका और कमकानार के जंगल में हुई मुठभेड़ में जवानों ने दो महिला नक्सलियों को मार गिराया। मारे गए दोनों नक्सलियों पर पांच-पांच लाख रुपये का ईनाम घोषित है। जवानों ने घटनास्थल से नक्सलियों के शव के साथ पिस्टल, 12 बोर सिंगल शॉर्ट बंदूक सहित अन्य सामान व बीस हजार रुपए बरामद किए।

पुलिस के मुताबिक जिले में चलाये जा रहे नक्सल विरोधी अभियान के तहत शुक्रवार को मिरतुर-गंगालुर थाना क्षेत्र के जप्पेमरका व कमकानार के जंगलों में प्रतिबंधित भाकपा माओवादी संगठन के पश्चिम बस्तर डिवीजन सप्लाई टीम इंजार्च पण्डरु, भैरमगढ़ एरिया कमेटी के एसीएम जोगा,एसीएम सोनू, एसीएम राजेश कडती एरिया मिलिट्री इंजेलिजेंस इंचार्ज व अन्य 10 से 15 सशस्त्र नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर बीजापुर डीआरजी टीम शुक्रवार को नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी। सर्च अभियान के दौरान शनिवार की सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे के बीच जप्पेमरका व कमकानार के बीच सुरक्षाबलों का नक्सलियों के साथ अलग अलग समय पर मुठभेड़ हुई।

### दोनों पर पांच-पांच लाख रुपए का था इनाम घोषित



### सर्चिंग में ये सामान किए बरामद

मुठभेड़ के बाद कार्डन एवं सर्च कार्रवाई के दौरान घटनास्थल से 2 महिला नक्सलियों के शव के साथ 9 एमएम पिस्टल, 12 बोर सिंगल शॉर्ट बंदूक, 10 नग जिलेटिन स्टीक, 5 मीटर कॉर्डेक्स वायर, सेफ्टी फ्यूज, वायरलेस सेट, नक्सली वर्दी, पिट्ठू, दवाइयां, रोजमर्रा के सामान सहित 500 - 500 के 40 नोट कुल 20 हजार रुपए बरामद किए गए हैं। मुठभेड़ में मारी गई नक्सलियों की पहचान 5 लाख की इनामी गंगालुर एरिया कमेटी सदस्य एसीएम विज्जे ताती उर्फ सुक्की उम्र 35 निवासी बेंगपाल थाना किरंदुल, जो वर्ष 2008 से नक्सल संगठन में सक्रिय रूप से कार्यरत थी।

### नक्सलियों ने ग्रामीण के घर लगाया आईईडी, दो महिलाएं घायल



**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के जगरगुंडा थाना क्षेत्र के भीमापुरम गांव में एक ग्रामीण के घर में जोरदार विस्फोट हुआ। नक्सलियों ने ग्रामीण के घर पर आईईडी लगा रखा था। विस्फोट में दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटनास्थल अंदुरुनी होने के कारण घायल महिलाओं को अबतक बाहर नहीं लाया गया है। बताया जा रहा है कि जगरगुंडा थाना क्षेत्र के ग्राम भीमापुरम में रविवार की सुबह एक ग्रामीण के घर में आईईडी ब्लास्ट हुआ। घर में मौजूद दोनों महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत फैल गई। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक नक्सलियों ने आने वाले दिनों में किसी घटना को अंजाम देने की नियत से ग्रामीण के घर में आईईडी छुपा कर रखा था, लेकिन इसका उपयोग नक्सली कर पाते उससे पहले ही हादसा हो गया। घायल महिलाओं को बेहतर उपचार के लिए अस्पताल ले जाने की बात भी कही जा रही है। मामले की जानकारी देते हुए सुकमा एसपी किरण चव्हाण ने बताया कि जगरगुंडा से सात किमी दूर भीमापुरम गाँव पड़ता है, जिसके कारण टीम अभी वहां नही गई है, घायल महिलाओं को वहां से निकालने के लिए टीम भेजी जा रही है।

### बीजापुर में 33 नक्सलियों ने हथियार छोड़ा, मुख्यमंत्री साय ने किया स्वागत



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर में 33 नक्सलियों ने हथियार छोड़कर समाज की मुख्य धारा को अपनाया है। बीजापुर के 33 नक्सलियों में से तीन माओवादी 5-5 लाख के ईनामी थे, जिन्होंने आत्मसमर्पण किया है। इस पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने खुशी जाहिर की है। सीएम साय ने कहा कि माओवादियों की विचारधारा से क्षुब्ध होकर साथ ही राज्य सरकार की आत्मसमर्पण और पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर लगातार नक्सली बंदूक छोड़कर समाज की मुख्य धारा में लौट रहे हैं। उन्होंने आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों के पुनरुत्थान के लिए कार्य करने की बात कही है।

ग्राम दोजीपारा के पास हुआ हादसा

### अनियंत्रित होकर यात्री बस पलटी, 6 से अधिक लोग घायल



**जगदलपुर।** नारायणपुर जिले के बेनूर थाना क्षेत्र के ग्राम दोजीपारा के पास रविवार की दोपहर एक तेज रफ्तार यात्री बस बाइक सवार को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर पलट गई। इस घटना में 6 से अधिक यात्री घायल हो गए हैं। वहीं ड्राइवर डर के चलते वहां से भाग निकला। घायलों को बेहतर उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया है। मामले की जानकती देते हुए बेनूर पुलिस ने बताया कि राजनादगांव से निकली शर्मा ट्रेवलर्स की बस करीब 20 से अधिक यात्रियों को लेकर कोंडागाँव से होते हुए नारायणपुर के लिए निकली हुई थी। घायलों को एम्बुलेंस के माध्यम से सीएचसी बेनूर लाया गया, जहाँ प्राथमिक उपचार शुरू कर दिया गया है।

## चिंतन

# जम्मू-कश्मीर में रिकार्ड मतदान उत्साहजनक

लोकसभा चुनाव छह चरण पूरे हो गए। छिटपुट घटनाओं के अलावा अभी तक मतदान शांतिपूर्ण हुए हैं। अब बस एक चरण के चुनाव बाकी हैं। छठे चरण के तहत 7 राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश का 58 सीटों पर वोटिंग हुई है। इन आठ राज्यों में बिहार, उत्तर प्रदेश, जम्मू कश्मीर, पश्चिम बंगाल, झारखंड़, ओडिशा, हरियाणा और दिल्ली में वोट डाले गए। इस लोकसभा चुनाव के दौरान पिछले चुनावों के मुकाबले भाषणों, संबोधनों में भाषा की मर्यादा अधिक टूटी। इसमें पक्ष व विपक्ष दोनों ही दलों के नेताओं ने मर्यादाएं लांघी। इस बार वर्ष 2019 के मुकाबले अब तक सभी छह चरण में मतदान प्रतिशत में कमी आई है। छठे चरण में करीब 60 फीसदी मतदान हुआ है। चुनाव आयोग, प्रधानमंत्री, छोटे बड़े नेता और सेलिब्रिटीज आदि के अपील के बावजूद अपेक्षित रूप से मतदान प्रतिशत नहीं बढ़े। चरण वाइज देखें तो करीब पांच से आठ फीसदी कम मतदान हुए हैं। कम वोटिंग के पीछे अनेक कारण हो सकते हैं, लेकिन एक बड़ा कारण अत्यधिक लंबी चुनाव प्रक्रिया के चलते उबाऊ चुनाव अभियान हो सकता है। केंद्रीय निर्वचन आयोग को इस बिंदु पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। इस बार के चुनाव कार्यक्रम की सबसे बड़ी खामी बिहार, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, जम्मू-कश्मीर आदि समेत अनेक राज्यों में विभिन्न चरणों मतदान होना है। एक राज्य में एक ही फेज में चुनाव होना चाहिए। इससे कम से कम उस राज्य में चुनाव के प्रति उत्सुकता बनी रहती है। अलग अलग चरणों में एक ही राज्य में बार बार चुनाव होने से वोटिंग को लेकर माहौल में परिवर्तन आ सकता है। किसी एक राज्य में एक ही चरण में मतदान व किसी दूसरे राज्य में पांच से सात चरणों में मतदान, उस राज्य के नागरिकों के प्रति अविश्वास जैसा है। केंद्रीय निर्वाचन आयोग को इस पक्षपात पूर्ण रवैये को खत्म करना चाहिए। निर्वाचन आयोग की जिम्मेदारी है कि वह एक राज्य में एक साथ एक चरण में मतदान कराए। इस बार के आम चुनाव की खास उपलब्धि है जम्मू-कश्मीर में मतदान प्रतिशत में भारी बढ़ोत्तरी। जम्मू-कश्मीर में शुरू के चरणों में करीब 35 फीसदी मतदान हुए तो छठे चरण में 50 फीसदी से अधिक मतदान हुआ है। छठे चरण में जम्मू की एक लोकसभा सीट पर 52.28 फीसदी वोट डाले गए। वहां अनुच्छेद 370 के अधिकांश प्रावधान के निरस्तीकरण के बाद पहली बार आम चुनाव हो रहा है। वहां के स्थानीय दल व नेता जिस प्रकार से धारा 370 को लेकर केंद्र के फैसले का विरोध करते रहे हैं, उससे लगा था कि इसका असर मतदान पर पड़ेगा, लेकिन जिस तरह से जनता ने मतदान में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया है, उससे कश्मीरी नेताओं की चेतावनियों की हवा निकल गई है। जम्मू-कश्मीर में मतदान में बढ़ोत्तरी वहां आ रहे सकारात्मक बदलाव को दर्शा रही है। अधिक मतदान से उत्साहित गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि अब वहां विधानसभा के चुनाव जल्द कराए जाएंगे और जल्द ही पूर्ण राज्य का दर्जा भी बहाल होगा। शाह ने संकेत दिए हैं कि वहां 30 सितंबर से पहले विधानसभा चुनाव होंगे। विधानसभा चुनावों के बाद राज्य का दर्जा भी बहाल कर दिया जाएगा। यह कश्मीर के लिए जरूरी है। कश्मीर में आतंकवाद की कमी आई है, पर्यटकों का जाना बढ़ा है, वहां अब जनता शांति को महसूस कर रही है। परिसीमन का काम भी पूर्ण ही हो गया है। ऐसे में विधानसभा चुनाव के लिए सही अवसर है। वहां एक चुनी हुई सरकार होनी ही चाहिए।

## रिमोट वोटिंग सिस्टम

प्रमोद भार्गव



# प्रवासियों का मतदान जरूरी

लोकसभा चुनाव के छठे चरण का मतदान लगभग 61.66 प्रतिशत रहा। तमाम प्रयासों के बावजूद निर्वाचन आयोग द्वारा दी जानकारी के मुताबिक देश में हुए मतदान का प्रतिशत 60 के करीब रहा है। अंतिम सातवें चरण का मतदान शेष है। यह मतदान भी लगभग 60 के करीब रहेगा। छठें चरण में लोगों ने प्रचंड गर्मी के बावजूद मतदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पूर्ण के करीब मतदान नहीं होने का प्रमुख कारण चालीस से पैंतालीस करोड़ के बीच वे प्रवासी मतदाता हैं, जो मतदान के दिन मूल निवास स्थल पर उपस्थित नहीं रह पाते हैं। अतएव इन मतदाताओं को भी जहां हैं, वहीं मतदान करने की सुविधा मिल जाए तो मतदान का औसत प्रतिशत 90 से ऊपर पहुंच सकता है ? इस नजरिए से चुनाव आयोग ने घर से दूर रहने वाले मतदाताओं के लिए रिमोट वोटिंग सिस्टम (आरवीएस) तैयार किया है। इस मशीन की मदद से मूल मतदान स्थल से दूर रह रहे किसी दूसरे राज्य या शहर में रहने वाले मतदाता लोकसभा और विधानसभा चुनाव में अपने मत का प्रयोग कर सकते हैं। यह उपाय मत-प्रतिशत बढ़ाने का काम करेगा। आयोग ने घरेलू प्रवासी मतदाताओं के लिए आरवीएस मशीन विकसित कर उल्लेखनीय पहल की है। इसकी जरूरत इसलिए थी, क्योंकि बड़ी संख्या में देश के मतदाता मजदूरी, पढ़ाई-लिखाई, नौकरी और अन्य काम-धंधों के लिए मूल निवास स्थल छोड़ जाते हैं, इसलिए वे चुनावों में अपने मताधिकार का उपयोग नहीं कर पाते। आयोग का कहना है कि 2019 के आम चुनाव में करीब 30 करोड़ यानी 67.4 प्रतिशत लोग इन्हीं कारणों के चलते अपने मत का उपयोग नहीं कर पाए थे। लंबे समय से यह मांग उठ रही थी कि इन देशज प्रवासियों के मतदान का कोई व्यावहारिक उपाय निकाला जाना चाहिए। इस सिलसिले में आयोग ने दावा किया है कि यह मशीन त्रुटिहीन बनाई गई है, इसलिए मतदान निष्पक्ष होगा। हालांकि मतदान की इस प्रक्रिया को इंटरनेट से नहीं जोड़ा जाएगा। आयोग फिलहाल इसे प्रायोगिक तौर पर लागू करना चाहता है, जिससे इसके प्रयोग की निष्पक्षता स्पष्ट हो जाए। बाद में इसे पूरे देश में अनिवार्य बना दिया जाएगा। अनेक चुनाव विशेषज्ञ इस प्रणाली को एक क्रांतिकारी पहल मानकर चल रहे हैं। आईआईटी मद्रास की मदद से 'मल्टी कॉन्स्टीचुएंसी रिमोट ईवीएम' के रूप में ऐसा मतदान उपकरण तैयार किया गया है, जो एक रिमोट मतदान केंद्र से 72 निर्वाचन क्षेत्रों में प्रवासियों का मतदान कराने में सक्षम होगा। हालांकि अभी यह तय नहीं है कि इस साल होने वाले 9 राज्यों के चुनाव में इसका प्रयोग संभव हो पाएगा, लेकिन भविष्य में इसका प्रयोग होना तय है। 2023 में जम्मू-कश्मीर में भी चुनाव होना संभावित हैं। यदि यहां इस मशीन का इस्तेमाल होता है तो घाटी के उन घरेलू प्रवासियों को मतदान की सुविधा मिल जाएगी, जो लाखों की संख्या में जम्मू समेत दिल्ली एवं अन्य राज्यों व नगरों में रह रहे हैं। हालांकि आरवीएम के इस्तेमाल को लेकर प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस ने विरोध जता दिया है। कांग्रेस का कहना है कि इससे मतदान के प्रति लोगों का भरोसा कम होगा। जम्मू-कश्मीर के राजनीतिक दल तो इस मशीन के प्रयोग पर किसी भी स्थिति में राजी नहीं होंगे, क्योंकि वे जानते हैं कि घाटी से पलायन करने वाले करीब पांच लाख विस्थापितों को मतदान की आसान सुविधा मिल गई तो चुनाव में उनकी दाल गलने वाली नहीं है। लोकतंत्र की मजबूती के लिए आदर्श स्थिति यही है कि हरेक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करे। इस नाते 2005 में भाजपा के एक सांसद लोकसभा में 'अनिवार्य मतदान' संबंधी विधेयक लाए भी थे। लेकिन बहुमत नहीं मिलने के कारण विधेयक पारित नहीं हो सका था। कांग्रेस व अन्य दलों ने इस विधेयक के विरोध का कारण बताया था कि दबाव डालकर मतदान कराना संविधान की अवहेलना है। क्योंकि भारतीय संविधान में अब तक मतदान करना मतदाता का स्वैच्छिक अधिकार तो है, लेकिन वह इस कर्तव्य-पालन के लिए बाध्यकारी नहीं है। मतदान की अनिवार्यता अथवा आरवीएम से सुविधा का मतदान कथित अल्पसंख्यक व जातीय समूहों को 'वोट बैंक' की लाचारगी से भी छुटकारा दिलाएगी। राजनीतिक दलों को भी तुष्टिकरण की राजनीति से निजात मिलेगी, क्योंकि जब प्रवासियों को आरवीएम से मतदान की सुविधा मिल जाएगी तो किसी धर्म, जाति या क्षेत्र विशेष से जुड़े मतदाताओं की अहमियत खत्म हो जाएगी। नतीजतन उनका संख्याबल जीत अथवा हार को प्रभावित नहीं कर पायेगा। अतएव अधिकतम मतदान के हालात आरवीएम के इस्तेमाल से निर्मित होते हैं तो भारतीय राजनीति संविधान के उस सिद्धांत का पालन करने को विवश होगी, जो सामाजिक न्याय और समान अवसर की वकालात करता है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# संविधान सम्मत नहीं धार्मिक आरक्षण



विश्लेषण

प्रो. निरंजन कुमार

**आरक्षण हमेशा से ही जनता और राजनीतिक दलों के बीच आकर्षण का मुद्दा रहा है। ऐतिहासिक दृष्टि से भारत के परिप्रेक्ष्य में देखें तो भारतीय संविधान समाज में सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े हुए लोगों के उत्थान के लिए आरक्षण लागू करने की बात करता है। सियासी पार्टियों ने आजादी के बाद से ही आरक्षण को महज राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल करना शुरू किया, जिसकी वजह से कई बार न्यायपालिका को हस्तक्षेप भी करना पड़ा। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग ने भी कर्नाटक सरकार द्वारा मुस्लिम समुदाय की सभी जातियों को ओबीसी में शामिल कर लेने पर सवाल उठाया है।**

आरक्षण सदैव से ही जनता और राजनीतिक दलों के बीच आकर्षण का मुद्दा रहा है। ऐतिहासिक दृष्टि से भारत के परिप्रेक्ष्य में देखें तो भारतीय संविधान समाज में सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े हुए लोगों के उत्थान के लिए आरक्षण लागू करने की बात करता है। सियासी पार्टियों ने आजादी के बाद से ही आरक्षण को महज राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल करना शुरू किया, जिसकी वजह से कई बार न्यायपालिका को हस्तक्षेप भी करना पड़ा।

कलकत्ता हाईकोर्ट ने अभी पश्चिम बंगाल की तृणमूल सरकार द्वारा वर्ष 2010 से सभी मुस्लिम जातियों को ओबीसी कोटे में आरक्षण देने के फैसले को खारिज कर दिया है। हाईकोर्ट की खंडपीठ ने राज्य में सेवाओं व पदों पर रिक्तियों में इस आरक्षण को अवैध करार देते हुए कहा कि इन समुदायों को ओबीसी घोषित करने के लिए वास्तव में मजहब या धर्म ही एकमात्र मानदंड प्रतीत होता है। कोर्ट ने आगे स्पष्ट स्वर में कहा कि मुस्लिमों के कुछ वर्गों को राजनीतिक उद्देश्य के लिए ओबीसी आरक्षण दिया गया। यह लोकतंत्र और पूरे समुदाय का अपमान है। इतना ही नहीं कोर्ट ने कहा कि 'जिन समुदायों को बंगाल के आयोग ने ओबीसी आरक्षण दिया,वह जल्दबाजी में दिया गया क्योंकि यह ममता बनर्जी का चुनावी वादा था और सत्ता हासिल करते ही इसे पूरा करने के लिए असंवैधानिक तरीका अपनाया गया'।

यहां यह सवाल उठता है कि क्या भारत में मजहब के आधार पर आरक्षण दिया जा सकता है? संविधान में चूंकि भारत को एक पंथ निरपेक्ष राज्य घोषित किया गया है, इसलिए यह प्रश्न और ज्यादा महत्वपूर्ण हो जाता है। दरअसल संविधान में धार्मिक आधार पर आरक्षण देने का कोई प्रावधान नहीं है। संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर भी धार्मिक आधार पर आरक्षण देने के पक्ष में नहीं थे। संविधान सभा में आंबेडकर ने बार-बार आगाह किया था कि धर्म के आधार पर देश का एक विभाजन हो चुका है। अब हमें फिर ऐसी कोई स्थिति नहीं पैदा करना चाहिए जो देश को विभाजन की ओर धकेले। उनका स्पष्ट मानना था कि आरक्षण धार्मिक आधार पर न होकर सामाजिक, शैक्षिक और आर्थिक होना चाहिए। इन आधारों पर पिछड़े समुदायों को आगे बढ़ाने के लिए ही आरक्षण होना चाहिए। भारतीय संविधान में उल्लिखित आरक्षण संबंधी प्रविधानों को देख लिया जाए, तो अनुच्छेद 15(4) के अनुसार राज्य को सामाजिक और शैक्षिक दृष्टि से पिछड़े नागरिकों के किसी वर्ग या अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों की उन्नति के लिए विशेष उपबन्ध करने का अधिकार है। यहां समझना आवश्यक है कि अनुच्छेद 15(4) के अनुसार धर्म के आधार पर किसी पूरे समुदाय के लिए विशेष उपबन्ध करना अर्थात आरक्षण देना वस्तुतः असंवैधानिक होगा। यह तर्कसम्मत भी है कि केवल धर्म विशेष के आधार पर ही कोई पूरा समुदाय पिछड़ा कैसे हो सकता है? फिर संविधान के अनुच्छेद 16(4) में उल्लिखित है कि इस अनुच्छेद कि कोई बात राज्य को नागरिकों के किसी पिछड़े वर्ग के पक्ष में नियुक्तियों या पदों के आरक्षण के लिए कोई प्रावधान करने से नहीं रोकेगी, जिसका राज्य की राय में, राज्य के तहत सेवाओं में पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं है।

यहां समझना महत्वपूर्ण है कि दोनों ही अनुच्छेदों में



विशेष उपबंध या आरक्षण का आधार पिछड़ापन है और, पिछड़ापन का आधार होगा सामाजिक और शैक्षिक, न कि धार्मिक। हमारा संविधान मुसलमानों को आरक्षण से बाहर नहीं रखता। मुस्लिम समुदाय की वे जातियां जिनको केंद्र या राज्य सरकारों ने पिछड़े वर्ग की सूची में सम्मिलित कर लिया है, उनको आरक्षण का लाभ मिलता है। यह भी स्पष्ट है कि पूरे मुस्लिम समुदाय को एकमुश्त आरक्षण नहीं मिल सकता। केवल उन्हीं मुसलमानों को आरक्षण मिलेगा जो पिछड़ेपन के मानकों को पूरा करेंगे। मुसलमानों को एकमुश्त आरक्षण या ओबीसी कोटे में अलग से आरक्षण वास्तव में यह संविधान के खिलाफ तो होगा ही, ओबीसी जातियों और अनुसूचित जातियों एवं अनुसूचित जनजातियों के आरक्षण कोटे में सेंधमारी भी होगी। इसके बावजूद अनेक दल अपने सियासी फायदे के लिए इसे लागू करने का बयान देते हैं, तो कुछ लागू भी करते रहे हैं। धार्मिक आधार पर आरक्षण देना वास्तव में भारतीय संविधान का चीरहरण ही है किंतु, फिर भी भारत में कई राज्यों में धर्म के आधार पर आरक्षण दिया जा रहा है। इन राज्यों में आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक तमिलनाडु और केरल शामिल हैं। इसके अतिरिक्त उत्तर भारत के कुछ राज्यों में भी मुसलमानों को आरक्षित श्रेणियों में आरक्षण दिया जाता है। आजादी के बाद धार्मिक आधार पर आरक्षण देने का सबसे पहला मामला 1956 में केरल के पुनर्गठन के बाद वामपंथी सरकार के समय आया, जिसमें 40% आरक्षण ओबीसी के लिए था और उसी के अंतर्गत एक उप कोटा बनाया गया जिसमें 10 प्रतिशत हिस्सेदारी मुस्लिमों की थी। वर्तमान समय की बात करें तो केरल में सरकारी नौकरियों में मुस्लिमों की हिस्सेदारी बढ़कर 12% हो गई है। तेलंगाना की बात करें तो यहां भारत राष्ट्र समिति की सरकार के सीएम के. चंद्रशेखर राव ने अपने कार्यकाल में राज्य के मुस्लिमों को ओबीसी के तहत 4 प्रतिशत की हिस्सेदारी दी थी। कांग्रेस सरकार ने इसे 4% से बढ़ाकर 12 प्रतिशत करने की कोशिश की, किन्तु केंद्र सरकार से मंजूरी न मिलने पर इसमें अभी कामयाबी नहीं मिली। आंध्र में वर्ष 2004 में कांग्रेस के मुख्यमंत्री वाईएस राजशेखर रेड्डी के समय में मुस्लिमों की कई जातियों को ओबीसी में शामिल करते हुए उन्हें 5 प्रतिशत आरक्षण देने की सिफारिश की। हालाँकि आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट ने इस पर रोक लगा दी। इसके बावजूद 2005 में कांग्रेस ने अध्यादेश लाकर 5 प्रतिशत कोटे की घोषणा की, किन्तु कोर्ट ने पुनः इस अध्यादेश को स्थगित कर दिया।

तमिलनाडु में धर्म के आधार पर मुस्लिमों और ईसाइयों को 3.5 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है। कर्नाटक में भी मुस्लिमों को राज्य की कांग्रेस सरकार द्वारा राज्य में ओबीसी के लिए आरक्षित 32 प्रतिशत कोटा में 4 प्रतिशत की एक अलग उपश्रेणी बनाई गई थी, जिस पर सिर्फ मुस्लिमों का हक था। इसको पिछली बीजेपी सरकार ने खत्म कर दिया था। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग ने भी कर्नाटक सरकार द्वारा मुस्लिम समुदाय की सभी जातियों को ओबीसी में शामिल कर लेने पर सवाल उठाया है। अभी हाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक रिपोर्ट के हवाले से बताया कि कांग्रेस ने देश के लगभग 9,000 संस्थानों को अल्पसंख्यक नाम दे दिया है। इस प्रकार इन संस्थानों में अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए आरक्षण का रास्ता बंद कर दिया गया है। यहाँ स्पष्ट करे दें कि मुसलमान भी इस देश के अभिन्न हिस्से हैं, और संविधान सम्मत आरक्षण उन्हें भी ओबीसी श्रेणी और अनुसूचित जनजाति श्रेणी में मिल रहा है। इसके अतिरिक्त संविधान के अनुच्छेद 15(6) और 16(6) के तहत ईडब्ल्यूएस श्रेणी का 10% आरक्षण नरेंद्र मोदी सरकार ने 2019 में जो आरंभ किया, उस श्रेणी में भी मुस्लिमों को आरक्षण का लाभ मिलता है। केरल, मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और पश्चिम बंगाल ने ईडब्ल्यूएस कोटा अपनाया है। लेकिन मजहब के आधार पर एक मुश्त मानकर उन्हें अलग से आरक्षण देना निहायत ही खतरनाक मुद्दा है। आज जो भी दल धर्म आधारित आरक्षण का मुद्दा उठाते हैं वे एक तरह से तुष्टिकरण की राजनीति कर रहे हैं।

(लेखक डीयू में सीनियर प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## योगः कर्मसु कौशलम



संकलित

दर्शन

चित्तवृत्ति का भगवान में विलीन हो जाना योग है। यह महायोग बनता है भगवान की अहैतुकी कृपा से! श्रीरामचरितमानस में जहां भी योग है, वह केवल ईश्वर विषयक ही है। उसका सात्विक प्रयोजन और कोई नहीं है। श्री भरत चित्रकूट में भगवान के हृदय से मिलकर शून्य स्थिति को प्राप्त हो गए। न बुद्धि की सत्ता रही, न मन की चंचलता। चित्त में कोई संस्कार शेष न रहा। यही स्थिति योगी की होती है। वह योग करते-करते ईश्वर से एकाकार होकर प्रेम रस से भर जाता है। उसकी वाणी अवरुद्ध हो जाती है और मन रिक्त हो जाता है। भक्त का योग जब भगवान से होता है, मन, बुद्धि और चित्त के साथ साधन अहं शून्य हो जाता है। मन, बुद्धि, चित्त और अहं की स्वीकृति केवल साधन काल में ही होती है, पर साध्य की परम प्राप्ति में इनकी विस्मृति ही योग है। श्रीमद्भगवद्गीता के सभी 18 अध्याय योग हैं। अर्जुन विषाद योग से प्रारंभ होकर गीता की 18 योगों की नदियां मोक्ष संन्यास योग बनकर श्रीकृष्ण समुद्र में जाकर पूर्णता को प्राप्त हो जाती हैं। द्वापर में जितना भार श्रीकृष्ण ने उठाया, उतना त्रेता में श्रीराम को नहीं उठाना पड़ा, क्योंकि श्रीराम के साथ के लोग अनुकूल थे। उनका काल उनके अनुकूल था, जबकि भगवान कृष्ण को तो सारी गीता सुना-समझाकर, अपनी योगस्थिति को बाजी पर लगाकर अर्जुन से कहना पड़ा कि जितने धर्म मैंने तुझे बताए हैं, तू उन सबको छोड़कर मेरी शरण में आ जा, मैं तुझे सारे पापों से मुक्त कर तुझे भी मुक्त कर दूंगा।

## श्रीकृष्ण ने अर्जुन को भ्रम से बचने की सलाह दी




संकलित

प्रेरणा

महाभारत युद्ध की तैयारियां पूरी हो चुकी थीं। कुरुक्षेत्र में कौरव और पांडव पक्ष की सेनाएं आमने-सामने खड़ी थीं। संख्या और शक्ति के हिसाब से कौरवों की सेना ज्यादा अच्छी दिख रही थी। जब अर्जुन ने कौरव पक्ष में अपने परिवार, कुटुंब के लोगों को देखा तो वे भ्रमित हो गए। अर्जुन ने अपने सारथी यानी श्रीकृष्ण से रथ को दोनों सेनाओं के बीच में ले जाने के लिए कहा। श्रीकृष्ण रथ लोग युद्ध मैदान के बीच में ले गए। वहां पहुंचकर अर्जुन ने भीष्म पितामह, द्रोणाचार्य, कृपाचार्य जैसे योद्धाओं को देखा। इन सभी को देखकर अर्जुन ने युद्ध करने का विचार ही छोड़ दिया और अपने धनुष-बाण नीचे रख दिए। अर्जुन ने श्रीकृष्ण से कहा कि मेरे कुटुंब के सभी लोग मेरे सामने खड़े हैं, मैं उनसे युद्ध नहीं कर सकता।श्रीकृष्ण समझ गए कि अर्जुन भ्रम में फंस गए हैं। उस समय श्रीकृष्ण ने अर्जुन को गीता का उपदेश दिया। भगवान ने समझाया कि जब लक्ष्य बड़ा हो तो सभी बातें चल सकती हैं, लेकिन भ्रम नहीं चल सकता है। तुम्हें अपने सारे भ्रम छोड़कर सिर्फ अपने कर्म पर ध्यान देना चाहिए। जब हम अपने काम अधूरे मन और भ्रम के साथ करते हैं तो सफलता नहीं मिलती है। सफलता चाहते हैं तो सभी भ्रम दूर करते हुए, अपने काम पूरे मन से और एकाग्रता के साथ करना चाहिए।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### जैव विविधता का महत्त्व

22 मई को अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस दुनिया के बहुत से देशों में मनाया गया। इसका मुख्य उद्देश्य पर्यावरण और प्रकृति के बीच एक संतुलन बनाकर रखना भी है। वर्ष 1992 में नैरोबी में जैव विविधता का सम्मेलन हुआ था। वहां पर इस दिवस को मनाने का फैसला लिया गया था। धरती पर अनेक जीव, जंतु और पेड़-पौधे हैं। ये सभी एक-दूसरे से अलग-अलग हैं, अर्थात इनमें विभिन्नता है। यह विभिन्नता ही जैव विविधता है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि इनमें बेशक विभिन्नता है, लेकिन एक दूसरे पर किसी न किसी रूप में निर्भर जरूर हैं। हमारा देश जैव विविधता प्रधान देश है। जैव विविधता के संरक्षण के लिए पर्यावरण का संरक्षण बहुत जरूरी है, लेकिन हम आधुनिकता और भौतिकतावादी चकाचौंध में अंधे हो गए हैं तथा पर्यावरण का संरक्षण करना भी भूल गए हैं।

*- विनोद राठी, डोंगरगढ़*

## ट्रेंड

### विफलता का मॉडल



नवीन बाबू के राज में ओड़िशा की महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और गरिमा की यह दुर्दशा है। अपने पक्ष में वोट नहीं पड़ने पर बीजू जनता दल के लोग माँ-बेटियों और बहनों के साथ मारपीट पर उतर आए। लोकतांत्रिक अधिकारों को बलपूर्वक छीनना सरकार की विफलता का मॉडल है।

-धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय मंत्री

### अज्ञान ही दुःखों का कारण



समस्त दुःखों और समस्याओं का कारण हमारा अज्ञान है। आत्मबोध प्राप्ति के बाद द्वैत विलीन हो जाता है और आनंद शांति समाधान जैसी दिव्यताएं प्रकट होने लगती हैं। सर्वत्र एक ही ब्रह्म विस्तृत है। अतः ज्ञानार्जन की दिशा में सक्रिय प्रयास हों।

-अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु

### पद की मर्यादा रखें



प्रधानमंत्री जी ने अपने भाषण में विपक्ष के नेताओं के लिए ऐसे-ऐसे शब्द इस्तेमाल किए जो इतिहास में किसी प्रधानमंत्री ने इस्तेमाल नहीं किए। क्या उनकी जिम्मेदारी नहीं बनती कि पद की मर्यादा रखें?

-प्रियंका गांधी, कांग्रेस महासचिव

### साजिश का सिद्धांत



सभी अवैध लोगों के लिए नागरिकता का लक्ष्य सीनेट के नेता द्वारा बहुत स्पष्ट रूप से बताया गया है। किसी भी कारण से, बहुत से लोग अभी भी यही सोचते हैं कि यह कोई साजिश सिद्धांत है!

-एलन मस्क, उद्योगपति

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर


# चीन से गिड़गिड़ाया कर्ज में दबा हुआ पाकिस्तान



खराब आर्थिक स्थिति से जूझ रहे पाकिस्तान ने एक बार फिर मदद के लिए चीन की ओर देखा है। पाकिस्तान ने चीन से करीब 17 अरब डॉलर की सहायता मांगी है। पाकिस्तान की ओर से चीन से कुल 2100 मेगावाट की तीन बिजली उत्पादन परियोजनाओं पर निर्माण कार्य शुरू करने का अनुरोध किया है। साथ ही चीनी फंड के लिए सात बुनियादी ढांचा योजनाओं का प्रस्ताव रखा है। इस्लामाबाद का ये कदम चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) के पहले फेज का और विस्तार करने की कोशिश है। पाकिस्तान ने चीन से चार सड़कों और पुल परियोजनाओं के अलावा डायमर बाशा बांध, हैदराबाद-सुक्कुर मोटरवे और पाकिस्तान रेलवे की मेनलाइन-। परियोजना को वित्तपोषित करने का अनुरोध किया है। रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान की ओर से प्रस्ताव में जिन 9 ऊर्जा और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का रखा गया है। उसमें 17 अरब डॉलर से ज्यादा का खर्च होगा, इसमें ऊर्जा योजनाओं की 4 .5 अरब डॉलर की लागत भी शामिल है। पाक की ओर से यह अनुरोध सीपीईसी की सर्वोच्च संस्था, 13वीं संयुक्त सहयोग समिति (जेसीसी) की बैठक के दौरान किया गया।

## ऑफ बीट

# क्या रोने के बाद आप अधिक खुश महसूस करते हैं



समस्या बांटने से आधी रह जाती है। 'एज यूके' के एक शोध से पता चला है कि केवल 29 प्रतिशत वयस्क अपनी चिंताओं को साझा करते हैं, लेकिन इनमें से 36 प्रतिशत अपनी चिंताओं के बारे में किसी और से बात करने के बाद बेहतर महसूस करते हैं, किसी से अपनी मन की भावनाएं साझा करने से 26 प्रतिशत लोगों को राहत महसूस होती है और आठ प्रतिशत लोगों को लगता है कि साझा करने के बाद समस्या दूर हो जाती है। 'द सन' और 'डेली मेल' अखबारों ने चीन के चोंगकिंग में स्थित 'साउथवेस्ट यूनिवर्सिटी' द्वारा किए हाल में शोध पर प्रकाश डाला, जिसमें किशोरों से जुड़ा एक प्रश्न पूछा गया था : क्या वे किसी निजी समस्या या नकारात्मक भावना के बारे में मिलकर चिंतन करने से ज्यादा खुश रहते हैं? 'द सन' ने इसकी व्याख्या करते हुए लिखा, 'रोना या शिकायत करना वास्तव में हमें खुश कर सकता है - लेकिन केवल एक निश्चित परिवेश में।' डेली मेल के अनुसार : 'अपने दोस्तों के साथ मिलकर गुस्से में बात करना वास्तव में आपको अधिक खुश कर सकता है, ऐसा अध्ययन में पाया गया है।' 'साउथवेस्ट यूनिवर्सिटी' के शोधकर्ताओं का कहना है कि यदि किसी ऐसे व्यक्ति से ''मन की बात ईमानदारी'' से की जाती है जो आपको सहयोग एवं प्रोत्साहन देता है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने उत्तर प्रदेश और पंजाब में विपक्ष पर साधा निशाना

# सीमा पार से जिहादी लोग समाजवादी पार्टी- कांग्रेस का कर रहे समर्थन मुस्लिमों को आरक्षण देने के लिए संविधान बदल देगा विपक्षी गठबंधन

एजेंसी ⏭ गोरखपुर/ मिर्जापुर

पीएम नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश बांसगांव में जनसभा में सपा और कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। मोदी ने कहा कि हम लोग धर्म के आधार पर आरक्षण का विरोध कर रहे हैं तो 'इंडी' जमात हमें गाली दे रहा है। उन्होंने कहा कि छठे चरण ने इंडी गठबंधन के छक्के छुड़ा दिए हैं। आपका उत्साह कह रहा है.. फिर एक बार.. मोदी सरकार।

मोदी ने कहा कि 4 जून को आप भारत का भविष्य तय करने जा रहे हं अमृत भारत का संकल्प, विकसित भारत का निर्माण, देश एक नई उड़ान के लिए पंख फैलाएगा। इसलिए करोड़ों लोग चार जून का इंतजार कर रहे हैं। तीन करोड़ गरीब को पक्का घर मिलेगा। उन्हें चार जून का इंतजार है। 70 साल से ऊपर के बुजुर्ग, जिन्हें पांच लाख से अधिक का मुफ्त इलाज मिलेगा। देश की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने का काउंटडाउन शुरू हो जाएगी। इससे हर भारतवासी के पास आगे बढ़ने के मौके हैं।

### 4 जून को होगा बड़ा मंगल

मोदी ने कहा कि 4 जून को बुढ़वा मंगल के दिन भारत के एक मंगल यात्रा की शुरुआत होगी। 4 जून को बड़ा मंगल है। देश की प्रगति से आज गांव के लोग खुशियों से भरे नजर आ रहे हैं, लेकिन कुछ ताकतें ऐसी भी हैं, जिन्हें भारत की प्रगति से पेट में दर्द हो रहा है। पाकिस्तान में सपा और कांग्रेस के इंडी गठबंधन के लिए दुआ पढ़ी जा रही है।

### कांग्रेस ने देश की सुरक्षा से सदैव खिलवाड़ किया




उन्होंने कहा कि सीमा पार से जिहादी उन्हें समर्थन दे रहे हैं। यहां सपा-कांग्रेस वाले वोट जिहाद की अपील कर रहे हैं। इनका मुद्दा देश का विकास नहीं, ये भारत को कई दशक पीछे ले जाना चाहते हैं। इंडी जमात कह रही है कि सरकार में आएंगे तो कश्मीर में फिर से 370 लगाएंगे। ये नागरिकता देने वाला सीएए कानून रद्द करेंगे। कांग्रेस हमेशा देश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ किया है।

### अच्छे-अच्छों की गर्मी उतारने में एक्सपर्ट हैं योगी

बांसगांव में मोदी ने इंडिया गठबंधन पर बड़ा हमला बोला। पीएम ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा देश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ किया है।सपा पर निशाना साधते हुए मोदी ने माफिय को चेतावनी दी। पीएम मोदी ने कहा कि योगी अच्छे-अच्छों की गर्मी उतारने में एक्सपर्ट हैं। उनके आने के बाद से यूपी का माहौल और मौसम दोनों बदल गया है।

### सपा-कांग्रेस केवल वोट बैंक के लिए समर्पित

मोदी ने मिर्जापुर में विपक्ष पर जमकर हमला बोला। मोदी ने विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' को सांप्रदायिक और जातिवादी बताया। यह हुए उन्होंने दावा किया कि विपक्ष ने मुस्लिमों को आरक्षण देने के लिए संविधान बदलने का फैसला कर लिया है। मड़िहान रोड पर बरकछा कलां में एक लोकसभा उम्मीदवार के समर्थन में रैली की। मोदी ने कहा कि समाजवादी पार्टी (सपा)-कांग्रेस वोट बैंक के लिए समर्पित हैं, जबकि मोदी पिछड़ों तथा गरीबों के अधिकारों के लिए समर्पित है।



### दलितों के आरक्षण पर डाला डाका

मोदी ने कहा कि 2012 में सपा ने अपने घोषणा पत्र में साफ-साफ लिखा है कि जैसा आरक्षण बाबा साहब आंबेडकर ने दलितों को दिया वैसा ही आरक्षण मुसलमान को दिया जाएगा। यह संविधान की भावना से खिलाफ है।

### जिस पर पूर्वांचल का प्रहार हुआ वह बाहर

बांसगांव में पीएम मोदी ने कहा कि छठे चरण के मतदान के बाद विपक्षी दलों की हालत खराब हो चुकी है। अब सातवें चरण में पूर्वांचल उन पर वार करेगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जिस पर पूर्वांचल का वार होता है। वह मैदान से बाह जाकर गिरता है।

## शिमला में राहुल ने किया ऐलान



### किसानों का कर्ज करेंगे माफ,अग्निवीर कूड़े में डालेंगे

ऊना। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने हिमाचल प्रदेश के नाहन और ऊना में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने पीएम मोदी समेत बिजनेसमैन अदाणी और अंबानी पर भी जुबानी हमला बोला। राहुल ने कहा कि हिमाचल के युवा सेना में जाते हैं। बॉर्डर पर खड़े होते हैं। पहले कोई जवान शहीद होता था तो शहीद का दर्जा मिलता था। मोदी ने अग्निवीर बना दिए जिन्हें न पूरी ट्रेनिंग मिलेगी न पेंशन न पूरी नौकरी। हमारा पहला काम होगा अग्निवीर योजना को फाड़कर कूड़े में डालेंगे। चुनाव के बाद हम बंद कर देंगे।

**संविधान बदलने की चल रही है साजिश**

राहुल ने कहा कि संविधान को बदलने की साजिश चल रही है। लेकिन हम ऐसा होने नहीं देंगे। सभी भ्रष्ट लोग भाजपा में शामिल हो चुके हैं। राहुल ने कहा कि सारा देश जानता है कि पीएम मोदी भ्रष्टाचारी हैं। राहुल ने कहा कि इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए घोटाला हो रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ये स्कीम अवैध है।

## प्रियंका ने चंडीगढ़ में कांग्रेस का किया बखान

### चंडीगढ़ का सपना नेहरू ने देखा, मोदी ने कुछ नहीं किया



चंडीगढ़। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने चंडीगढ़ के सेक्टर-27 के रामलीला ग्राउंड में लोकसभा उम्मीदवार मनीष तिवारी के पक्ष में रैली की। प्रियंका ने कहा कि चंडीगढ़ शहर का सपना नेहरू ने देखा था। उन्होंने विदेश से आर्किटेक्ट बुलाकर इस शहर का निर्माण करवाया। पिछले 10 साल में मोदी सरकार ने यहां कोई विकास नहीं कराया। मोदी ने पहला चुनाव 15 लाख रुपए देने के नाम पर लड़ा। दूसरे चुनाव में उन्होंने सेवा का सहारा लिया। अब तीसरे चुनाव में ये हिंदू-मुस्लिम कर रहे हैं, अगर उन्होंने देश में कुछ विकास किया होता तो उन्हें हिंदू-मुस्लिम करने की जरूरत नहीं पड़ती।

## बिहार में नड्डा ने इंडी गठबंधन पर कहा

### सभी घोटालेबाज और भ्रष्टाचारी एक-दूसरे को बचाने में लगे

जहानाबाद। भाजपाध्यक्ष जेपी नड्डा ने बिहार के जहानाबाद में कहा कि मैंने लालू यादव भाई-भतीजावाद के खिलाफ लड़ते थे। अब यही लालू भाई-



भतीजावाद करने लगे। चारा घोटाला, अलकतरा घोटाला करने लगे। नौकरियों के नाम पर जमीन खा गए। जहानाबाद में दोपहर 3बजे के बाद न कोई आता था और न कोई जाता था। किसान पलायन करने लगे थे। हत्या, अपरहरण के डर से लोग घर से नहीं निकलते थे। बिहार में शाम के बाद लोग घर से नहीं निकलते थे। अब सभी भ्रष्टाचारी एक-दूसरे को बचाने में लगे हैं। उन्होंने कांग्रेस और राजद पर आरोप लगाते हुए कई टूजी, थ्रीजी, कोयला, चारा, अलकतरा, नौकरी घोटाला करने का आरोप लगाया। अब ये गरीबों के आरक्षण पर डाका डालना चाहते हैं।

## बिहार में गृहमंत्री शाह बोले



### घमंडिया गठबंधन दे रहा नक्सलवाद को बढ़ावा

काराकाट। गृह मंत्री अमित शाह बिहार ने बिहार के काराकट में घमंडिया गठबंधन पर जमकर हमला बोला। शाह ने कहा कि थोड़ा-सा भी इधर-उधर गए तो माले आएगा तो काराकाट में फिर से नक्सलवाद को बढ़ावा मिलेगा। शाह ने कहा कि हम पीएम मोदी के कार्यकर्ता हैं। परमाणु बम से नहीं डरते हैं। आज कांग्रेस और इंडी गठबंधन के लोग मोदी के खिलाफ अंड-बंड बोलते रहे हैं। ये राम मंदिर का विरोध करते रहे। मसले को अटकाकर, लटकाकर और भटकाकर रखा।

### सिब्बल ने फिर छेड़ा ईवीएम से 'छेड़छाड़' का राग



नई दिल्ली। मतदाताओं को लामबंद करने के लिए विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता अलग-अलग राज्यों का दौरा कर रहे हैं और विरोधियों के खिलाफ बयानबाजी का दौर जारी है। इस बीच ईवीएम मशीन पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। ऐसे में राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने एक खास चार्ट तैयार किया है। उन्होंने कहा कि मतदाता को यह विश्वास दिलाना चाहिए कि उसने जिसे वोट दिया उसे ही गया है।

## खबर संक्षेप

### रेल मंत्री वैष्णव ने कतार में लगकर डाला वोट

नई दिल्ली। लोकतंत्र के इस महापर्व में भारत का हर जिम्मेवार नागरिक वोट डालकर देश के प्रति



अपने कर्तव्य का निर्वहन कर रहा है। लोकसभा चुनाव के छठे चरण में भी कई दिग्गजों ने कतार में लगकर मतदान किया। केंद्रीय रेल, संचार, सूचना और प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भी वोट डाला। हरियाणा के हेरिटेज सिटी सरहौल में बूथ संख्या-124 पर कतार में लगकर वोट डाला।

### लखीमपुर में बस-मैजिक भिड़ंत में 4 की मौत

लखीमपुर खीरी। लखीमपुर खीरी में एक बार फिर रफ्तार का कहर देखने को मिला। लखीमपुर



बहराइच मार्ग पर तेज रफ्तार बस और मैजिक की आमने-सामने भिड़ंत में 4 लोगों की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इससे मौके पर हड़कंप मच गया। मामला लखीमपुर खीरी के बहराइच लखीमपुर रोड पर रबाही पुल के पास का है।

### झुग्गियों से टकराई बस 4 मजदूरों की मौत

पणजी। दक्षिण गोवा जिले के एक औद्योगिक इलाके में एक निजी बस ने सड़क किनारे स्थित दो झुग्गियों



को टक्कर मार दी। इससे चार मजदूरों की मौत हो गई और पांच अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह दुर्घटना शनिवार रात करीब 11.30 बजे वर्ना इलाके में हुई जब सड़क निर्माण कार्य में लगे मजदूर झुग्गियों के अंदर सो रहे थे।

## नासिक में इनकम टैक्स का छापा

# 26 करोड़ कैश, 90 करोड़ की बेहिसाब संपत्ति मिली

एजेंसी ⏭ नासिक

आयकर विभाग ने शहर के एक बड़े सर्राफा कारोबारी के घर समेत अन्य ठिकानों पर छापेमारी की। सराफा कारोबारी का ज्वेलरी और रियल एस्टेट का कारोबार भी है। आयकर विभाग की 30 घंटे की लगातार जांच के दौरान करीब 26 करोड़ नकद और 90 करोड़ की बेहिसाब संपत्ति के दस्तावेज मिले हैं। इनकम टैक्स चोरी के शक में 23 मई की शाम आईटी टीम ने अचानक उसी सुराणा ज्वेलर्स के अलग-अलग ठिकानों पर छापेमारी की।

विभाग के महानिदेशक सतीश शर्मा की देखरेख में टीम ने नासिक में छापेमारी की गई। गुरुवार शाम को 50 से 55 अधिकारियों ने अचानक सुराणा ज्वेलर्स के सर्राफा कारोबार के साथ-साथ उनके रियल एस्टेट व्यवसाय कार्यालय पर छापेमारी शुरू की। साथ ही राका कॉलोनी इलाके में उनके आलीशान बंगले पर भी अलग-अलग तरीके से जांच-पड़ताल की।



### बैंक के मुख्यालय में कैश की गिनती की

*इस दौरान सर्राफा कारोबारी के कार्यालय, निजी लॉकर, शहर के विभिन्न स्थानों पर बैंकों के लॉकर की जांच की गई। मनमाड और नंदगांव में उनके परिवार के सदस्यों के घरों की भी जांच की गई। यात्री बैग, कपड़े के बैग, ट्रॉली बैग में भरी नकदी को गिनती के लिए सात कारों से सीबीएस के पास स्टेट बैंक कार्यालय में लाया गया। शनिवार को स्टेट बैंक में छुट्टी थी फिर भी इस दिन भी बैंक के मुख्यालय में कैश की गिनती की गई। शनिवार रात 12 बजे नोटों की गिनती पूरी होने के बाद वरिष्ठ जांच अधिकारियों ने नकदी जब्त कर ली। आयकर विभाग की शुरुआती छापेमारी में दफ्तरों और निजी लॉकरों में थोड़ी मात्रा में नकदी मिली थी लेकिन और पैसों की तलाश जारी थी।*

## आक्रामक हो गया चक्रवाती तूफान 'रेमल', अलर्ट जारी, कई राज्यों में रहेगा प्रभाव

# तूफान में हो गया तब्दील, ओडिशा में बारिश, सैकड़ों फ्लाइट्स हो गईं रद्द

### मौसम विभाग ने तेज हवाएं और भारी बारिश की दी चेतावनी

एजेंसी ⏭ कोलकाता

चक्रवाती तूफान 'रेमल' के अलर्ट के बीच कोलकाता में बारिश शुरू हो गई है। मौसम विभाग ने बताया कि ये तूफान एक गंभीर चक्रवाती तूफान में तब्दील हो गया है। यह बांग्लादेश और पश्चिम बंगाल के तटों पर पहुंच गया है।

चक्रवात तूफान 'रेमल' की वजह से कोलकाता एयरपोर्ट को 21 घंटे के लिए बंद कर दिया गया है। रविवार दोपहर 12 बजे से सोमवार सुबह 9 बजे तक कोलकाता के एयरपोर्ट से कोई विमान उड़ान नहीं भरेगी। इसके अलावा दर्जनों ट्रेनें रद्द कर दी गई हैं। इसके अलावा दर्जनों ट्रेनें रद्द कर दी गई हैं। मौसम विभाग ने लोगों के साथ ही मछुआरों को भी सतर्क रहने की चेतावनी दी है। इसके अलावा मौसम वभाग ने कहा कि इसका असर कई अन्य राज्यों में भी रहेगा।

**एयरपोर्ट हो गया पानी पानी**



### 135 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलेंगी हवाएं

'रेमल' को लेकर मौसम विभाग के वैज्ञानिक डॉ. सोमनाथ दत्ता ने कहा कि इसके गंभीर चक्रवाती तूफान में तब्दील होने हो गया है। इस दौरान 110 से 120 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलेगी और उनका वेग 135 किलोमीटर प्रति घंटे तक होगा। मछुआरों को सोमवार सुबह तक उत्तरी बंगाल की खाड़ी में समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है। चक्रवात 'रेमल' को लेकर जगह-जगह एनडीआरएफ की टीमों को तैनात कर दिया गया है।

### बंगाल-ओडिशा में बारिश शुरू

'रेमल' के मद्देनजर पश्चिम बंगाल और उत्तरी ओडिशा के तटीय जिलों में भारी बारिश का अलर्ट है। कुछ इलाकों में बारिश शुरू हो चुकी है। पूर्वोत्तर भारत के कुछ हिस्सों में भी 27-28 मई को जबरदस्त बारिश हो सकती है। बंगाल और बांग्लादेश में पहुंचने पर 1.5 मीटर तक की तूफानी लहरें भी उठेंगी।

### भारतीय नौसेना तैयार

बंगाल की खाड़ी के ऊपर बन रहा गहरा दबाव अब चक्रवाती तूफान 'रेमल' में तब्दील हो गया है। इस चक्रवाती तूफान का मुकाबला करने के लिए भारतीय नौसेना ने व्यापक तैयारी की है। नौसेना ने त्वरित प्रतिक्रिया के लिए अपने दो जहाजों के साथ कई तरह के हेलीकॉप्टरों को स्टैंडबाय पर रखा है। इसके साथ ही लोगों को भी चेतावनी दी गई है।

## जैसलमेर बॉर्डर पर गर्मी



### गाड़ी के बोनट पर सिंक गई रोटी

जैसलमेर। नौतपा की शुरुआत के साथ ही अब गर्मी और लू का प्रकोप शुरू हो गया है। जैसलमेर अंतरराष्ट्रीय बॉर्डर पर पारा 55 डिग्री के पार पहुंच गया है। ऐसे में बीएसएफ के जवान तैनात हैं। गर्मी की तीव्रता का अंदाजा ऐसे लगाया जा सकता है कि वहां गाड़ी के बोनट पर ही रोटी सिक गई। इस दौरान जवानों ने धूप में पापड़ भी सेंके।

## उत्तराखंड: 21 साल से कम उम्र और लिव इन में रहने वालों की अब खैर नहीं

# छिपाने पर होगी जेल और लगेगा 25 हजार का जुर्माना

एजेंसी ⏭ देहरादून

समान नागरिक संहिता कानून लागू करने वाला उत्तराखंड पहला राज्य बन गया है। इस कानून में लिव इन रिलेशनशिप के लिए भी कई नियम बनाए गए हैं। जिनका पालन न करने पर जेल हो सकती है और जुर्माना देना पड़ सकता है।

6 फरवरी को विधानसभा में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने समान नागरिक संहिता, उत्तराखंड-2024 विधेयक पेश कर दिया था। धामी द्वारा सदन में पेश किए गए विधेयक में 392 धाराएं थीं, जिनमें से केवल उत्तराधिकार से संबंधित धाराओं की संख्या 328 थी। अब इसकी स्वीकृति मिल चुकी है।

**खास बातें**

- आपकी पोल खोलेगी उत्तराखंड सरकार, नियमों का करना होगा पालन
- दोनों सजाएं साथ-साथ भी लागू की जा सकेंगी



### सजा व जुर्माना, दोनों का प्रावधान

लिव इन में पंजीकरण न कराने पर अधिकतम तीन माह का कारावास और 10 हजार रुपए तक के जुर्माने का प्रविधान है। गलत जानकारी देने अथवा नोटिस देने के बाद भी जानकारी न देने पर अधिकतम छह माह के कारावास अथवा अधिकतम 25 हजार रुपए जुर्माना अथवा दोनों हो सकते हैं। यदि कोई पुरुष महिला सहवासी को छोड़ता है तो महिला सहवासी उससे भरण पोषण की मांग कर सकती है।

### रिलेशनशिप का पंजीकरण अनिवार्य

- समान नागरिक संहिता कानून का तीसरा खंड सहवासी (लिव इन रिलेशनशिप) पर केंद्रित किया गया है।
- इसमें लिव इन रिलेशनशिप के लिए पंजीकरण अनिवार्य किया गया है।
- यह स्पष्ट किया गया है कि इस अवधि में पैदा होने वाला बच्चा वैध संतान माना जाएगा। उसे वह सभी अधिकार प्राप्त होंगे, जो वैध संतान को प्राप्त होते हैं।
- इसमें निषेध डिग्री के भीतर वर्णित संबंधों को लिव इन में रहने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
- यह उन पर लागू नहीं होगा, जिनकी रूढ़ी और प्रथा ऐसे संबंधों में उनके विवाह की अनुमति देते हों। यद्यपि ऐसी रूढ़ी और प्रथा लोकनीति और नैतिकता के विपरीत नहीं होनी चाहिए।
- युगल में से किसी एक पक्ष के नाबालिग होने अथवा विवाहित होने की स्थिति में लिव इन की अनुमति नहीं दी जाएगी।
- संबंध कोई भी पक्ष समाप्त कर सकता है। संबंधित क्षेत्र के निबंधक को जानकारी उपलब्ध करानी होगी। साथ ही दूसरे सहवासी को भी इसकी जानकारी देनी होगी।
- राज्य के भीतर लिव इन रिलेशनशिप में रहने वाले चाहे उत्तराखंड के निवासी हों।

## स्टेशन पर कोच अटेंडेंट की गुंडागर्दी

# 30 सेकंड में 9 बेल्ट मारे, दो लोगों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा

एजेंसी ⏭ कोडरमा

इंदौर से हावड़ा जाने वाली शिप्रा एक्सप्रेस में कोच अटेंडेंट की शनिवार देर रात गुंडागर्दी देखने को मिली। कोडरमा स्टेशन पर 6 से 7 की संख्या में कोच अटेंडेंस ने बिहार के गया से ट्रेन में सवार हुए दो यात्रियों के साथ जमकर मारपीट की। गया से पंकज कुमार और सुमन कुमार जनरल टिकट लेकर ट्रेन में सवार हुए और टीटीई से एसी कोच में सीट कंफर्म करने का आग्रह किया। टीटीई ने दोनों यात्रियों को कोडरमा स्टेशन पर उतारकर साधारण डिब्बे में सफर करने की सलाह दी।ट्रेन जैसे ही कोडरमा स्टेशन पहुंची। दोनों यात्रियों के



उतरते ही 6-7 कोच अटेंडेंट ने दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। बेल्ट और लात-घुसों से इन दोनों यात्रियों की पिटाई की। साथ ही कभी भी शिप्रा एक्सप्रेस में सफर नहीं करने की धमकी भी दी। दोनों यात्रियों ने जीआरपी में शिकायत दर्ज कराई। जीआरपी ने 5 कोच अटेंडेंट को गिरफ्तार कर धनबाद जेल भेज दिया है।

## पूर्व वित्त सचिव गर्ग ने इसे आरबीआई को अधिक लाभ होना बताया

# आरबीआई को संभवतः तीन लाख करोड़ रुपए का लाभ होने के कारण सरकार को रिकॉर्ड लाभांश

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

*पूर्व वित्त सचिव सुभाष चंद्र गर्ग ने कहा है कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) का सरकार को रिकॉर्ड 2.11 लाख करोड़ करोड़ रुपये का लाभांश देने का कारण संभवतः अधिक लाभ का होना है। हालांकि, इसका अर्थव्यवस्था पर प्रभाव इस बात पर निर्भर करता है कि सरकार इसका उपयोग किस सीमा तक उधारी कम करने या व्यय बढ़ाने के लिए करती है।*

आरबीआई के केंद्रीय निदेशक मंडल की पिछले सप्ताह 608वीं बैठक में वित्त वर्ष 2023-24 के लिए केंद्र सरकार को 2.11 लाख करोड़ रुपये के लाभांश भुगतान को मंजूरी दी है। यह केंद्रीय बैंक की ओर से अबतक का सर्वाधिक लाभांश भुगतान होगा। यह चालू वित्त वर्ष के बजट अनुमान की तुलना में दोगुना से भी अधिक है।

### 2022-23 में 87,416 करोड़ का दिया था लाभांश

अंतरिम बजट में सरकार ने आरबीआई और सार्वजनिक क्षेत्र के वित्तीय संस्थानों से कुल 1.02 लाख करोड़ रुपये की लाभांश आय का अनुमान जताया था। केंद्रीय बैंक ने वित्त वर्ष 2022-23 के लिए 87,416 करोड़ रुपये का लाभांश सरकार को दिया था।

### आरबीआई की बैलेंस शीट प्रकाशित नहीं हुई

गर्ग ने कहा, 'आरबीआई के अत्यधिक लाभांश का सबसे स्पष्ट कारण बड़ा मुनाफा हो सकता है। हालांकि, अभी आरबीआई की 'बैलेंस शीट' प्रकाशित नहीं हुई है, लेकिन इसके लगभग तीन लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान है।' उन्होंने कहा, 'साथ ही, यह शक्तिकांत दास का आरबीआई गवर्नर पद पर आखिरी साल है और देश में चुनाव भी हो रहे हैं, ऐसे में उनकी रुचि एक यादगार विरासत छोड़ने और रिकॉर्ड लाभांश देकर नई सरकार को 'खुश' रखने की हो सकती है।'





- अर्थव्यवस्था पर इसका प्रभाव सरकार के उपयोग करने पर निर्भर
- केंद्रीय बैंक की ओर से यह अब तक का सबसे बड़ा लाभांश भुगतान
- चालू वित्त वर्ष के बजट अनुमान की तुलना में दोगुना से भी अधिक

### गवर्नर दास का कार्यकाल दिसंबर में होगा समाप्त

दास का कार्यकाल इस साल दिसंबर में समाप्त हो रहा है। सरकार ने दास को 11 दिसंबर, 2018 को शुरुआत में तीन साल की अवधि के लिए आरबीआई का 25वां गवर्नर नियुक्त किया था। उन्हें 2021 में तीन साल के लिए सेवा विस्तार दिया गया।

### राजकोषीय घाटे में करने पर यह घटकर होगा 4.8 फीसदी

यदि सरकार इसका उपयोग राजकोषीय घाटे को कम करने के लिए करती है, तो यह घटकर लगभग 4.8 प्रतिशत हो जाएगा, अन्य सभी बातें समान रहेंगी। एक अन्य सवाल के जवाब में गर्ग ने कहा, आरबीआई के पास अधिशेष राशि में इन दिनों मुख्य रूप से दो बड़े हिस्सों का योगदान होता है

### स्थिति स्पष्ट बजट पेश होने पर होगी

अर्थव्यवस्था पर प्रभाव इस बात पर निर्भर करता है कि सरकार इसका उपयोग किस सीमा तक उधारी कम करने या व्यय बढ़ाने के लिए करती है। यह जुलाई में नियमित बजट पेश होने के बाद ही पता चलेगा।" उन्होंने कहा, "देश में राजकोषीय घाटा पिछले पांच साल में छह प्रतिशत से अधिक रहा है। वित्त वर्ष 2024-25 में इसके 5.1 प्रतिशत रहने का अनुमान रखा गया है।

***बजट के आधार पर लाभांश 1.25 लाख करोड़ ज्यादा :*** *रिकॉर्ड लाभांश के अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में पूछे जाने पर गर्ग ने कहा, "अगर बजट अनुमान के आधार पर देखा जाए तो आरबीआई का लाभांश करीब 1.25 लाख करोड़ रुपये ज्यादा है। यह सरकार के 45 लाख करोड़ रुपये के बजट का लगभग दो प्रतिशत है। अतः यह कोई बहुत बड़ी राशि नहीं है।*

# आईओसी, गेल, ओएनजीसी अन्य कंपनियों पर जुर्माना




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- निदेशकों की नियुक्ति में विफल रहने पर जुर्माना लगाया

इंडियन ऑयल, ओएनजीसी और गेल (इंडिया) लिमिटेड सहित सार्वजनिक क्षेत्र की कई तेल एवं गैस कंपनियों पर सूचीबद्धता अनिवार्यता को पूरा करने के लिए निदेशक मंडल में जरूरी संख्या में निदेशकों की नियुक्ति में विफल रहने को लेकर लगातार चौथी तिमाही में जुर्माना लगाया गया है। शेयर बाजारों ने जनवरी-मार्च तिमाही में सूचीबद्धता अनिवार्यता को पूरा नहीं करने पर इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल), भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल), ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी), ऑयल इंडिया लि. त(ओआईएल) और मेंगलूर रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स (एमआरपीएल) पर कुल मिलाकर 34 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। शेयर बाजारों से यह जानकारी मिली है। इन कंपनियों ने अलग से दी सूचना में बीएसई और एनएसई द्वारा उनपर लगाए गए जुर्माने की जानकारी दी है। यह जुर्माना इनपर 31 मार्च, 2024 तक अपने निदेशक मंडल में जरूरी संख्या में स्वतंत्र निदेशकों या महिला निदेशकों की नियुक्ति नहीं करने के लिए लगाया गया है। हालांकि, इन कंपनियों ने स्पष्ट किया है कि निदेशकों की नियुक्ति सरकार द्वारा की जाती है और इसमें उनकी कोई भूमिका नहीं है। इन कंपनियों पर पिछली तीन तिमाहियों में भी इसी कारण से जुर्माना लगाया गया था। आईओसी, एचपीसीएल, बीपीसीएल, गेल, ओआईएल और एमआरपीएल ने अलग-अलग भेजी सूचना में कहा है कि उनपर 5,36,900 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। ओएनजीसी पर 1,82,900 रुपये का जुर्माना लगा है। सूचीबद्धता मानदंडों के अनुसार, कंपनियों के बोर्ड में स्वतंत्र निदेशकों की संख्या भी कार्यकारी निदेशकों के अनुपात में होनी चाहिए।

### नियुक्ति का अधिकार मंत्रालय के पास

आईओसी ने कहा, निदेशकों (स्वतंत्र निदेशकों सहित) की नियुक्त करने का अधिकार भारत सरकार के पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के पास है। ऐसे में निदेशक मंडल में महिला निदेशक या स्वतंत्र निदेशक की नियुक्ति सरकार को करनी होती है।

### एनटीपीसी के लाभ में 33 फीसदी की वृद्धि

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी एनटीपीसी ने शुक्रवार को कहा कि बीते वित्त वर्ष की मार्च तिमाही में उसका संचयी शुद्ध लाभ 33 प्रतिशत बढ़कर 6,490.05 करोड़ रुपये रहा।

हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

**ज्योतिष**

सबको आजमाया बार-बार
हमें आजमाये सिर्फ एक बार
तंत्र-मंत्र के सम्राट
जिसे होगा ज्ञान वही करेगा काम
सभी समस्याओं का समाधान
बाबा अकबर खान
स्पे. प्रेम विवाह, किया कराया, कारोबार, शादी में रुकावट
ग्रहक्लेश, विदेश यात्रा, मुठकरनी, सौतन व दुश्मन से छुटकारा, A to Z सभी समस्याओं का तुरंत समाधान पायें।
9810842229
बी-5, बलराम हाउस, मिलने सिनेमा के सामने, करमपुरा, नई दिल्ली-110015

**जॉब**

(फ्रॉड कॉल से सावधान)
RELIANCE JIO 5G कंपनी (SMS SENDING JOB) करके लड़के- लडकियां, गृहणियां, घरबैठे कमाएं (21500- 48500 ) महीना (लैपटॉप + मोबाइल मुफ़्त ) NAME, पता QUALIFICATION, CALL /SMS / WHATSAPP करें :- 07827428113, 07679699330

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# भारतपे, फोनपे ने 'पे' पर मामला निपटाया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- लंबे समय से चल रहे ट्रेडमार्क विवाद को दूर किया

वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनियों... भारतपे ग्रुप और फोनपे समूह ने प्रत्यय 'पे' के साथ ट्रेडमार्क के उपयोग से संबंधित लंबे समय से चले आ रहे सभी कानूनी विवादों को सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझा लिया है। दोनों कंपनियों ने संयुक्त बयान में यह जानकारी दी।

बयान के अनुसार, भारतपे और फोनपे पिछले पांच वर्षों के दौरान कई अदालतों में लंबे समय से चले आ रहे कानूनी विवादों में रही हैं। यह समझौता सभी खुली न्यायिक कार्यवाही को समाप्त कर देगा। बयान में कहा गया कि भारतपे और फोनपे ने लंबे समय से चले आ रहे सभी ट्रेडमार्क विवादों को सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझा लिया। बयान के अनुसार, अगले कदम के रूप में पार्टियों ने ट्रेडमार्क रजिस्ट्री में एक-दूसरे के खिलाफ सभी विरोधों को वापस लेने के लिए पहले ही कदम उठा लिया है, जिससे उन्हें अपने संबंधित ट्रेडमार्क के पंजीकरण के साथ बढ़ने में मदद मिलेगी।

भारतपे के निदेशक मंडल के चेयरमैन रजनीश कुमार ने कहा, 'यह उद्योग के लिए एक सकारात्मक कदम है। मैं दोनों पक्षों के प्रबंधन द्वारा दिखाई गई परिपक्वता और व्यावसायिकता की सराहना करता हूं, जो सभी बकाया कानूनी मुद्दों को हल करने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं और मजबूत डिजिटल भुगतान पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण में अपनी ऊर्जा और संसाधनों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए आगे बढ़ रहे हैं।'

### पूंजीकरण में सबसे अधिक लाभ रिलायंस को हुआ




**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से नौ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 1,85,320.49 करोड़ रुपये का इजाफा हुआ। सबसे अधिक लाभ रिलायंस इंडस्ट्रीज और एचडीएफसी बैंक को हुआ। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,404.45 अंक या 1.89 प्रतिशत चढ़ गया। सेंसेक्स शुक्रवार को 75,636.50 अंक के दिन में अपने कारोबार के सर्वकालिक उच्चस्तर तक गया। समीक्षाधीन सप्ताह में सिर्फ आईटीसी के बाजार मूल्यांकन में गिरावट आई। सप्ताह के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार मूल्यांकन 61,398.65 करोड़ रुपये बढ़कर 20,02,509.35 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। एचडीएफसी बैंक ने सप्ताह के दौरान 38,966.07 करोड़ रुपये जोड़े और इसका बाजार मूल्यांकन 11,53,129.36 करोड़ रुपये हो गया।

# तिमाही नतीजों से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चुनाव और तिमाही नतीजों का सीजन अब समाप्ति की ओर है, ऐसे में इस सप्ताह स्थानीय शेयर बाजारों में कुछ मजबूती देखने को मिलेगी। हालांकि, इसके साथ ही बाजार में कुछ उतार-चढ़ाव भी देखने को मिल सकता है।

विश्लेषकों ने यह राय जताई है। विश्लेषकों का कहना है कि वैश्विक रुख और विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियां भी बाजार की दृष्टि से महत्वपूर्ण रहेंगी। पिछले सप्ताह बाजार में रिकॉर्ड तेजी देखने को मिली थी। विश्लेषकों ने कहा कि वैश्विक स्तर पर ब्रेंट कच्चे तेल के दाम और डॉलर के मुकाबले रुपये के उतार-चढ़ाव पर भी निवेशकों की निगाह रहेगी। बृहस्पतिवार को मासिक डेरिवेटिव अनुबंधों का निपटान है। इससे भी बाजार में उतार-चढ़ाव आ सकता है। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लि. के वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक प्रवेश गौड़ ने कहा, चौथी तिमाही के नतीजे अब समाप्ति की ओर हैं।

### एलन ने नीट-2025 की तैयारी के लिए की विशेष स्कॉलरशिप की घोषणा

**कोटा।** मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट व इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई की तैयारी के लिए देश के प्रमुख संस्थान एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड ने नीट-यूजी 2025 की तैयारी के लिए प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के लिए स्पेशल बैच के साथ एक नई व विशेष स्कॉलरशिप की घोषणा की है। प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को नीट में प्राप्तांकों के आधार पर एलन के ऑफलाइन व ऑनलाइन दोनों तरह के कोर्सेज में फीस में 90 प्रतिशत तक स्कॉलरशिप दी जाएगी। एलन कोटा के प्रेसिडेंट विनोद कुमावत ने बताया कि देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी में



एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के हमेशा से बेहतर परिणाम रहे हैं। नीट-यूजी और एआईपीएमटी में बीते 14 वर्षों में 8 एलन क्लासरूम स्टूडेंट्स ऑल इंडिया टॉप कर चुके हैं, 82 स्टूडेंट्स ने टॉप-10 में अपना स्थान बनाया है। इसके साथ 458 स्टूडेंट्स ने टॉप-100 में स्थान प्राप्त किया है। कक्षा 12 उत्तीर्ण कर चुके स्टूडेंट्स के लिए नीट-यूजी के लीडर, अचीवर व अचीवर प्लस बैचों की घोषणा की गई है। ये बैच मई में 27 व 29 तथा जून में 5, 6, 19, 20 व 24 की तिथियां शामिल हैं। स्कॉलरशिप की अधिक जानकारी के लिए निकटतम एलन सेंटर पर संपर्क किया जा सकता है। पिछले वर्षों में ऐसे कई स्टूडेंट्स हैं जिन्होंने नीट-यूजी के एलन रिपीटर्स बैच को ज्वाइन करके अपने मार्क्स में अच्छी बढ़ोतरी हासिल कर देश के बेहतरीन मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश प्राप्त किया है।

### रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लाइन में रह कर की वोटिंग



**नई दिल्ली।** लोकतंत्र के इस महापर्व में भारत का हर जिम्मेवार नागरिक वोट डालकर देश के प्रति अपने कर्तव्य का निर्वहन कर रहा है। इसी क्रम में केंद्रीय रेल, संचार, सूचना और प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भी अपने मताधिकार का प्रयोग किया। श्री वैष्णव ने हरियाणा के हेरिटेज सिटी सरहौल में बूथ संख्या-124 पर आम लोगों की तरह लाईन में लग कर वोट डाला।

## वैश्विक स्तर पर अब भी सबसे कम घरेलू किराया

# घरेलू विमान किराए में हो रही बढ़ोतरी : विशेषज्ञ

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पिछली छह तिमाहियों में यात्री यातायात बढ़ने और सीमित क्षमता के कारण प्रमुख मार्गों पर घरेलू हवाई किराये में 40 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई है। विशेषज्ञों का कहना है कि इसके बावजूद भारत में घरेलू हवाई टिकट की कीमतें दुनिया में सबसे कम हैं। भारत दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते नागर विमानन बाजारों में से एक है और रोजाना औसतन 4.5 लाख यात्री घरेलू उड़ानों से यात्रा करते हैं। जहां देश की आबादी का केवल एक छोटा प्रतिशत हवाई यात्रा करता है वहीं क्षमता की कमी एक प्रमुख चुनौती है क्योंकि कई विमान मुख्य रूप से आपूर्ति श्रृंखला के मुद्दों के कारण खड़े हैं।

- प्रमुख मार्गों पर 40 फीसदी तक बढ़ा है किराया

### 20 घरेलू मार्गों पर दो दशक से वृद्धि नहीं

विमानन परामर्श कंपनी सीएपीए इंडिया ने कहा कि शीर्ष 20 घरेलू मार्गों पर औसत किराये में पिछले दो दशक से उल्लेखनीय वृद्धि नहीं हुई है लेकिन पिछली छह तिमाहियों तक उनमें लगभग 40 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इन मार्गों में मुंबई-दिल्ली, बेंगलुरु-दिल्ली, बेंगलुरु-मुंबई और दिल्ली-हैदराबाद शामिल हैं।



### दिल्ली और मुंबई के बीच औसत किराया 6000 रुपए

इंटरग्लोब टेक्नोलॉजी कोशंट लिमिटेड के अध्यक्ष और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) संजय कुमार ने कहा, 'पिछले तीन साल में, विशेष रूप से कोविड-19 महामारी के बाद किराये में वृद्धि हुई है। फिर भी, औसत किराया दुनिया में सबसे कम है।' उन्होंने कहा, उदाहरण के लिए दिल्ली और मुंबई के बीच औसत हवाई किराया लगभग 5,000 से 6,000 रुपये होगा।

***वृद्धि 150 विमान ठप खड़े होने के कारण***
*सीएपीए इंडिया ने इसी सप्ताह एक वेबिनार के दौरान कहा कि यह प्रवृत्ति आपूर्ति श्रृंखला और अन्य मुद्दों के कारण औसतन 150 विमान ठप खड़े होने के कारण है। बयान के अनुसार, संरचनात्मक रूप से उच्च मूल्य निर्धारण वित्त वर्ष 2025-26 तक जारी रहना चाहिए।*

**CHANGE OF NAME**
I Sanjiv Kumar S/O, Balbir Singh R/o House No. 102, Sector 13, Sonipat Haryana - 131001 have changed my name to **Sanjiv Jaspal.**

## राशिफल

**मेष** कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मानसिक शान्ति रहेगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी।

**वृष** कार्यक्षेत्र में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। माता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। धन आगमन की स्थितियां बनी रहेंगी।

**मिथुन** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। अति उत्साही होने से बचें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ेगी, लेकिन स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। वाणी के प्रभाव में वृद्धि होगी।

**कर्क** अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

**सिंह** कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद की स्थिति बन सकती है। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

**कन्या** कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। आय की स्थिति में सुधार होगा। संयत रहें। क्रोध के क्रोध से परेशान रहेंगे। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**तुला** दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में तरक्की मिल सकती है।

**वृश्चिक** आय में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मन में नकारात्मकता के प्रभाव से बचें। संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।


**धनु** कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।

**मकर** वाणी में सौम्यता रहेगी। नकारात्मक विचारों के प्रभाव से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कुंभ** स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। नौकरी में अफसरों से मतभेद हो सकते हैं। मन प्रसन्न रहेगा। संयत रहें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार में सुधार होगा।

**मीन** शैक्षिक कार्यों के लिए वदिश यात्रा पर जाना हो सकता है। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा।

## शब्द पहेली - 5523




**बाएँ से दाएँ**
1.उथल-पुथल, कोलाहल-4
5.अस्पताल-4
8.पक्षाघात-3
9.मिट्टी, धूल-2
11.पुष्प, फूल, सुमन-3
12.बुरे कार्य करनेवाला-4
14.जादू, तंत्र-मंत्र-2
15.सौत, सपत्नी-3
17.साड़ी के किनारे पर लगाया जानेवाला लंबा कपड़ा-2
19.नगर में रहनेवाले-5
22.गणपति, गणेश-5
25.बागवान-2
26.जुदा, पृथक्-3
27.जी, इच्छा-2
28.पहरेदार-4
30.सिसकना-3
31.रहस्य-2
33.सोना, धतूरा-3
35.हृदयगति, स्पंदन-4
36.फिल्म 'मैंने प्यार किया' में सलमान की मां का किरदार निभानेवाली अभिनेत्री-2,2

**ऊपर से नीचे**
2.उद्देश्य, गंतव्य-2
3.राम-सीता के पुत्र-2,2
4.टालना-2,3
5.स्याही रखने का पात्र-3
6.क्षार-2
7.सुंदरी (उर्दू-4)
10.जबरदस्ती-4
13.होशियार-3
16.पुत्र, बेटा-3
17.रस्सी के फंदे पर लटकाना-2
18.जान, जीवन-2
20.जहर, विष-3
21.अदालत में प्रस्तुत वाद-2
22.छोटा रास्ता, कूचा-2
23.अपवित्रता (उर्दू-3)
24.पक्षियों का शोर-4
25.मानसिक सोच-5
26.गुनाह, जुर्म-4
28.रखवाली करना-4
29.मुर्गा-3
32.मूल, पेड़ का वह हिस्सा जो जमीन में रहता है-2
34.आमिर खान, ट्विंकल खन्ना की फिल्म-2

### शब्द पहेली- 5522 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | त | था | क | थि | त | ■ | क | या | म | त |
| ना | प | ■ | ह | ■ | र | का | बी | ■ | त | र |
| मु | ■ | त | वा | य | फ | ■ | ला | वा | ■ | खा |
| ना | पा | क | ■ | ■ | दा | नी | ■ | दा | म | न |
| सि | ■ | दी | ■ | प | र | ■ | सा | ■ | हि | ■ |
| ब | ह | र | हा | ल | ■ | नि | य | ला | प | न |
| ■ | र | ■ | नि | ■ | आ | शा | ■ | ज | ■ | ज |
| अ | म | र | ■ | अ | तं | ■ | ■ | वा | न | र |
| मा | ■ | मा | न | ■ | क | र | त | ब | ■ | बं |
| न | या | ■ | ज | ल | वा | ■ | ना | ■ | क | द |
| त | क | दी | र | ■ | द | शा | व | ता | र | ■ |



# केकेआर आईपीएल 2024 का चैम्पियन

## शाहरुख खान की कोलकाता ने तीसरी ट्रॉफी जीती

भाषा ▶▶ चेन्नई

कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद वेंकटेश अय्यर के नाबाद अर्धशतक से रविवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के एकतरफा फाइनल में सनराइजर्स हैदराबाद को आठ विकेट से हराकर तीसरा खिताब अपनी झोली में डाला। केकेआर ने गौतम गंभीर की कप्तानी में 2012 और 2014 में आईपीएल ट्राफी जीती थी। अब गुरू गंभीर ने कुशल रणनीतिकार के तौर पर केकेआर को तीसरी ट्राफी दिलायी। 'कोरबो, लोड़बो, जीतबो' की सोच रखने वाली केकेआर इस तरह इस तरह चेन्नई सुपर किंग्स (पांच) और मुंबई इंडियंस (पांच) के बाद तीन आईपीएल खिताब जीतने वाली तीसरी टीम बनी। केकेआर चौथी बार फाइनल में पहुंची है और तीन बार चमचमाती ट्राफी उठाने में सफल रही। गंभीर के अलावा मुख्य कोच चंद्रकांत पंडित ने आईपीएल के 17वें चरण का खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभायी जो जानते हैं कि रणजी ट्राफियां कैसे जीती जाती हैं।

इस सत्र का सबसे बड़ा स्कोर (तीन विकेट पर 287 रन) बनाने वाली सनराइजर्स हैदराबाद फाइनल में लड़खड़ा गयी और टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने के बाद 18.3 ओवर में महज 113 रन पर ढेर हो गयी। यह आईपीएल फाइनल का सबसे कम स्कोर भी रहा। इस सत्र में शुरू से दबदबा बनाने वाले केकेआर के लिए यह लक्ष्य बनाना महज औपचारिकता थी, उसने वेंकटेश अय्यर (नाबाद 52 रन) और रहमनुल्लाह गुरबाज (39 रन) की मदद से यह स्कोर 10.3 ओवर में दो विकेट पर 114 रन बनाकर हासिल कर लिया। वेंकटेश अय्यर ने 26 गेंद में चार चौके और तीन छक्के लगाकर इस सत्र का चौथा अर्धशतक जड़ा जबकि गुरबाज ने 32 गेंद में पांच चौके और दो छक्के जड़े। गुरबाज ने स्टंप के पीछे तीन शानदार कैच भी लपके। वह अपनी बीमार मां को देखने के लिए टूर्नामेंट के बीच में काबुल भी गये थे जिससे उनके लिए यह रात यादगार रहेगी। फिल सॉल्ट के स्वदेश लौटने के कारण उनकी वापसी हुई। कप्तान के तौर पर यह श्रेयस अय्यर का दूसरा फाइनल और पहली ट्राफी थी।

## हैदराबाद को आठ विकेट से हराकर खिताब कब्जाया

## हैदराबाद ने 114 रन बनाए, केकेआर 10.3 ओवर में जीता



कोलकाता ने पहले 2012 और 2014 में आईपीएल ट्रॉफी जीती थी, 2021 में फाइनल खेला

गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद वेंकटेश अय्यर के नाबाद अर्धशतक जमाया

इस बार यह आईपीएल फाइनल का सबसे कम स्कोर वाला मैच भी रहा

कप्तान के तौर पर श्रेयस अय्यर का दूसरा फाइनल और पहली ट्रॉफी

### 10 साल बाद जीता खिताब

कोलकाता नाइट राइडर्स इससे पहले साल 2012 और 2014 में आईपीएल चैंपियन बनी थी। केकेआरर ने 2012 में चेन्नई सुपर किंग्स को 5 विकेट और 2014 में पंजाब किंग्स को 3 विकेट से हराकर आईपीएल के खिताब पर कब्जा जमाया था। 2014 के बाद केकेआर 2021 में फाइनल में पहुंची, लेकिन वहां उसे सीएसके के हाथों खिताबी भिड़ंत में 27 रन से हार मिली थी। अब आखिरकार 2014 के 10 साल बाद तीसरी बार इंडियन प्रीमियर लीग की ट्रॉफी उठाने में सफलता पाई है। इसी के साथ कोलकाता आईपीएल के इतिहास में तीसरी बार चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया।

### जीत के हीरो

केकेआर की जीत की नींव गेंदबाजों ने रख दी थी। पहले मिचेल स्टार्क ने अभिषेक शर्मा को क्लीन बोल्ड किया और उसके बाद एसआरएच की बल्लेबाजी दबाव में ढहती चली गई। स्टार्क ने 2 विकेट लिए, वहीं आंद्रे रसेल ने भी बहती गंगा में हाथ धोते हुए 3 विकेट लिए। हर्षित राणा ने भी 2 विकेट चटकाए. वहीं बल्लेबाजी में सुनील नरेन का बल्ला तो नहीं चल पाया, लेकिन फिल साल्ट की जगह लेने वाले रहमनुल्लाह गुरबाज ने 39 रन की अहम पारी खेलकर केकेआर को चैंपियन बनाने में अहम योगदान दिया। बल्लेबाजी में वेंकटेश अय्यर की नाबाद 52 रन की पारी भी केकेआर की जीत में अहम रही।

### कोलकाता -114/2 (10.3)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| गुरबाज पगबाधा बो शाहबाज | 39 |
| सुनील का शाहबाज बो कमिंस | 06 |
| वेंकटेश अय्यर नाबाद | 52 |
| श्रेयस अय्यर नाबाद | 06 |

अतिरिक्त : 11
कुल योग : 10.3 ओवर में दो विकेट पर 114 रन
विकेट पतन : 1-11, 2-102
गेंदबाजी : भुवनेश्वर कुमार 2-0-25-0
पैट कमिंस 2-0-18-1
टी नटराजन 2-0-29-0
शाहबाज अहमद 2.3-0-22-1
जयदेव उनादकट 1-0-9-0
ऐडन मार्करम 1-0-5-0

### हैदराबाद -113 /10 (18.3 )

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| अभिषेक बो मिचेल स्टार्क | 02 |
| हेड का गुरबाज बो वैभव | 00 |
| त्रिपाठी का रमनदीप बो स्टार्क | 09 |
| मार्करम का मिचेल स्टार्क बो | 20 |
| नितीश रेड्डी का गुरबाज बो राणा | 13 |
| हेनरिक क्लासेन बो हर्षित राणा | 16 |
| शाहबाज का नारायण बो वरूण | 08 |
| अब्दुल का गुरबाज बो रसेल | 04 |
| कमिंस का स्टार्क बो रसेल | 24 |
| जयदेव पगबाधा बो नारायण | 04 |
| भुवनेश्वर कुमार नाबाद | 00 |

अतिरिक्त : 13
कुल योग : 18.3 ओवर में 113 रन पर सभी आउट
विकेट पतन : 1-2, 2-6, 3-21, 4-47, 5-62, 6-71, 7-77, 8-90, 9-113
गेंदबाजी : मिचेल स्टार्क 3-0-14-2
वैभव अरोड़ा 3-0-24-1
हर्षित राणा 4-1-24-2
सुनील नारायण 4-0-16-1
आंद्रे रसेल 2.3-0-19-3
वरूण चक्रवर्ती 2-0-9-1

## खबर संक्षेप

### श्रीहरि ने मेयर नोस्ट्रम तैराकी में जीता रजत

**नई दिल्ली।** भारत के अनुभवी तैराक श्रीहरि नटराज ने फ्रांस में चल रहे 30वें मेयर नोस्ट्रम तैराकी टूर्नामेंटमें 50 मीटर बैकस्ट्रोक में रजत पदक जीता। तोक्यो ओलंपिक खेल चुके नटराज ने 25.50 सेकंड का समय निकालकर हंगरी के एडम जास्जो के बाद दूसरा स्थान हासिल किया। ब्रिटेन के स्कॉट गिब्सन को कांस्य पदक मिला। नटराज का इस वर्ग में व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 25.11 सेकंड का है। 50 मीटर बैकस्ट्रोक ओलंपिक स्पर्धा नहीं है। पेरिस ओलंपिक के लिए अभी तक कोई भारतीय तैराक क्वालीफाई नहीं कर सका है। टोक्यो ओलंपिक में साजन प्रकाश और नटराज ने क्वालीफाई किया था।

### सेना लड़कियों में खेल को बढ़ावा देगी



**महू।** ओलंपिक रजत पदक विजेता विजय कुमार और एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता जीतू रॉय जैसे निशानेबाजों की प्रतिभा को तराशने वाली सैन्य निशानेबाजी ईकाई ने इस खेल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए 'आर्मी गर्ल्स स्पोर्ट्स कंपनी' की शुरुआत की है। थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे ने शनिवार को वर्चुअल माध्यम से एजीएससी का उद्घाटन किया। भारतीय सेना ने अपने आधिकारिक 'एक्स' अकाउंट पर लिखा, 'महिला निशानेबाजों को सशक्त बनाने की पहल के तहत आर्मी गर्ल्स स्पोर्ट्स कंपनी का उद्घाटन आज महू में सैन्य निशानेबाजी ईकाई में 11 बालिका निशानेबाजों के पहले बैच के साथ किया गया।'

### खिलाड़ियों को वापिस बुलाकर की गलती

**चेन्नई।** पूर्व कप्तान माइकल वॉन का मानना है कि पाकिस्तान के खिलाफ टी20 श्रृंखला खेलने के लिए अपने क्रिकेटरों को आईपीएल से वापिस बुलाकर इंग्लैंड ने गलती की क्योंकि उन्हें प्लेआफ में दबाव के हालात में खेलने का अनुभव नहीं मिल सका जो टी20 विश्व कप में काम आता। इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर (राजस्थान रॉयल्स), फिल साल्ट (कोलकाता नाइट राइडर्स) और विल जैक्स (रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु)को इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने पाकिस्तान के खिलाफ चार मैचों की टी20 श्रृंखला के लिए वापिस बुला लिया था जिसकी सुनील गावस्कर समेत भारत के पूर्व क्रिकेटरों ने आलोचना की थी।

### अमेरिका में ऐतिहासिक होगा टी20 विश्व कप


**न्यूयॉर्क।** न्यूयॉर्क में भारत के महा वाणिज्यदूत बिनय श्रीकांत प्रधान ने कहा है कि अमेरिका में टी20 विश्व कप ऐतिहासिक टूर्नामेंट होगा। इसे लेकर भारतवंशियों के साथ अमेरिकी लोगों में भी इसे लेकर काफी उत्साह है और क्रिकेट को देश में मुख्यधारा में लाने में यह अहम भूमिका निभाएगा। प्रधान ने कहा, 'पहली बार अमेरिकी धरती पर क्रिकेट का विश्व कप खेला जा रहा है। इसे लेकर भारी उत्साह है।

# रिकॉर्डतोड़ आईपीएल-17 : सबसे ज्यादा स्कोर, मैच में 549 रन, 14 शतक, आठ बार 250+ रन, 42 छक्के

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आईपीएल 2024 का सीजन अतुलनीय रहा है। इस साल कुछ ऐसे रिकॉर्ड्स बने जिन्हें तोड़ना आगे काफी मुश्किल होगा। इनमें एक टी20 मैच में सबसे ज्यादा छक्कों के अलावा, सबसे बड़ा स्कोर, सबसे बड़ा चेज, सबसे ज्यादा बार 200 या इससे ज्यादा स्कोर जैसे कई बड़े रिकॉर्ड्स शामिल हैं।

इस सीजन के रिकॉर्ड्स को आगे तोड़ना इसलिए मुश्किल है, क्योंकि अगले साल मेगा ऑक्शन होना है और सारी टीमें लगभग बदल जाएंगी। सनराइजर्स हैदराबाद या कोलकाता नाइट राइडर्स के पास मौजूदा संयोजन वाले खिलाड़ी नहीं होंगे। हालांकि, क्रिकेट अनिश्चिताओं का खेल है और इसमें आगे क्या होगा, कोई नहीं बता सकता। बहरहाल हम आपको इस सीजन बने कुछ बड़े रिकॉर्ड्स और उनके आंकड़े बता रहे हैं, जिसने फैंस को रोमांचित कर दिया।



### 287 का स्कोर

आईपीएल 2024 के 30वें मैच में बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ सनराइजर्स ने इतिहास रचते हुए तीन विकेट पर 287 रन बनाकर आईपीएल का सबसे बड़ा स्कोर बना डाला। हैदराबाद ने इसी आईपीएल में मुंबई इंडियंस के खिलाफ बनाए गए अपने तीन विकेट पर 277 रन के सर्वोच्च स्कोर को पीछे छोड़ दिया।

#### चार सबसे बड़े स्कोर

| स्कोर | टीम | खिलाफ | साल |
|---|---|---|---|
| 287/3 | हैदराबाद | बेंगलुरु | 2024 |
| 277/3 | हैदराबाद | मुंबई | 2024 |
| 272/7 | कोलकाता | दिल्ली | 2024 |
| 266/7 | सहैदराबाद | दिल्ली | 2024 |
| 263/5 | रॉबेंगलुरु | पुणे | 2013 |

### 262 रन का सफल चेस

*आईपीएल 2024 के 42वें मैच में पंजाब किंग्स ने इतिहास रचते हुए टी20 क्रिकेट और लीग के इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर चेज किया। कोलकाता नाइट राइडर्स ने 262 रन का लक्ष्य दिया था, जिसे पंजाब ने दो विकेट गंवाकर आठ गेंद शेष रहते हासिल कर लिया। टी20 में पिछले साल दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज के खिलाफ सेंचुरियन में 259 रन चेज किए थे। वहीं, पंजाब ने आईपीएल में सबसे बड़े चेज का चार साल पुराना रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। 2020 में राजस्थान ने पंजाब के खिलाफ ही शारजाह में 224 रन सफलतापूर्वक चेज किए थे।*

### मैच में सबसे ज्यादा रन

*इसी सीजन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ चिन्नास्वामी में हुए मैच में दोनों पारियों को मिलाकर 549 रन बने थे, जो आईपीएल में किसी एक मैच में दोनों पारियों को मिलाकर सबसे ज्यादा कुल रन हैं। इस मैच में सनराइजर्स ने 20 ओवर में तीन विकेट गंवाकर 287 रन बनाए थे। वहीं, बेंगलुरु की टीम ने 20 ओवर में सात विकेट गंवाकर 262 रन बनाए थे।*

### सबसे ज्यादा शतक

आईपीएल 2024 में अब तक 14 शतक लगे हैं, जो कि पिछले किसी भी संस्करण से ज्यादा हैं। इससे पहले साल 2023 में 12 शतक लगे थे। वहीं, साल 2022 में आठ, साल 2016 में सात, साल 2008 में छह शतक लगे थे।

#### आईपीएल में सबसे ज्यादा शतक

| सीजन | शतक | खिलाड़ी |
|---|---|---|
| 2024 | 14 | 13 |
| 2023 | 12 | 9 |
| 2022 | 8 | 4 |
| 2016 | 7 | 4 |
| 2008 | 6 | 6 |

### सबसे ज्यादा बार 250+ स्कोर

आईपीएल 2024 में अब तक आठ बार 250 या इससे ज्यादा के स्कोर लग चुके हैं। इस सीजन से पहले तक 16 सीजन में सिर्फ दो मौके ऐसे आए थे जब 250+ के स्कोर बने थे। हालांकि, इस सीजन ने सभी को पीछे छोड़ दिया।

#### कब-कब बने 250+ स्कोर

| टीम | स्कोर | खिलाफ | जगह | साल |
|---|---|---|---|---|
| हैदराबाद | 287/3 | बेंगलुरु | बेंगलुरु | 2024 |
| हैदराबाद | 277/3 | मुंबई | हैदराबाद | 2024 |
| कोलकाता | 272/7 | दिल्ली | विशाखापत्तनम | 2024 |
| हैदराबाद | 266/7 | दिल्ली | दिल्ली | 2024 |
| बेंगलुरु | 263/5 | पुणे | बेंगलुरु | 2013 |
| कोलकाता | 261/6 | पंजाब | कोलकाता | 2024 |
| बेंगलुरु | 262/7 | हैदराबाद | बेंगलुरु | 2024 |
| लखनऊ | 257/5 | पंजाब | मोहाली | 2023 |
| दिल्ली | 257/4 | मुंबई | दिल्ली | 2024 |

### एक मैच में सबसे ज्यादा छक्के

*आईपीएल 2024 के 42वें मैच में पंजाब किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के मुकाबले में दोनों पारियों को मिलाकर कुल 42 छक्के लगे थे। पंजाब की ओर से 24 छक्के के अलावा कोलकाता की ओर से 18 छक्के लगे। 42 छक्के किसी एक टी20 मैच में सबसे ज्यादा छक्कों का रिकॉर्ड है। इस मामले में दूसरे नंबर भी आईपीएल के मुकाबले ही हैं। इसी सीजन सनराइजर्स हैदराबाद और मुंबई इंडियंस के बीच हैदराबाद में खेले गए मैच में 38 छक्के लगे थे। वहीं, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच इसी सीजन चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में भी 38 छक्के लगे थे।*




### सबसे ज्यादा बार 200+ स्कोर

आईपीएल 2024 में रनों की बारिश हो रही है। इस सीजन 41 बार 200 या इससे ज्यादा के स्कोर बने, जो पिछले सभी सीजन से ज्यादा हैं। पिछले साल यानी आईपीएल 2023 में 74 मैचों की 147 पारियों में 37 बार 200 या इससे ज्यादा के स्कोर बने थे। हालांकि, इस सीजन यह रिकॉर्ड ध्वस्त हो गया है। वहीं, 2022 में 74 मैचों की 148 पारियों में 18 बार 200 या इससे ज्यादा के स्कोर बने थे।

| संस्करण | 200+ | मैच | पारियां |
|---|---|---|---|
| 2024 | 41 | 73 | 146 |
| 2023 | 37 | 74 | 147 |
| 2022 | 18 | 74 | 148 |
| 2021 | 9 | 60 | 120 |
| 2020 | 13 | 60 | 120 |
| 2019 | 11 | 59 | 118 |
| 2018 | 14 | 60 | 120 |
| 2017 | 10 | 59 | 118 |
| 2016 | 6 | 60 | 120 |
| 2015 | 7 | 59 | 117 |
| 2014 | 9 | 60 | 120 |
| 2013 | 4 | 76 | 152 |
| 2012 | 5 | 74 | 148 |
| 2011 | 5 | 72 | 144 |
| 2010 | 9 | 59 | 118 |
| 2009 | 1 | 59 | 118 |
| 2008 | 11 | 58 | 116 |

### एक टी20 मैच में सबसे ज्यादा बाउंड्रीज

| मैच | बाउंड्रीज | जगह | साल |
|---|---|---|---|
| बेंगलुरु/हैदराबाद | 81* | बेंगलुरु | 2024 |
| द.अफ्रीका/वेस्टइंडीज | 81 | सेंचुरियन | 2023 |
| मुल्तान/क्वेटा | 78 | रावलपिंडी | 2023 |

### एक पारी में सबसे ज्यादा छक्के

पंजाब और कोलकाता के बीच में पंजाब किंग्स टीम की ओर से 24 छक्के लगे, जो आईपीएल मैच की किसी एक पारी में किसी टीम द्वारा लगाए गए सबसे ज्यादा छक्के हैं। इससे पहले इसी सीजन चिन्नास्वामी में सनराइजर्स ने बेंगलुरु के खिलाफ 22 छक्के जड़े थे।

फ्रेंच ओपन

## ओसाका की संघर्षपूर्ण जीत रुबलेव, सोनेगो भी आगे बढ़े



एजेंसी ▶▶ पेरिस

जापान की नाओमी ओसाका ने फ्रेंच ओपन 2024 के शुरुआती दिन रविवार को यहां लूसिया ब्रोंजेटी के खिलाफ महिला एकल के शुरुआती दौर में संघर्षपूर्ण जीत दर्ज की।

फ्रेंच ओपन टेनिस में सातवीं बार खेल रही ओसाका ने शुरुआती सेट की निराशा से उबरते हुए विश्व रैंकिंग में 48वें पायदान पर काबिज ब्रोंजेटी पर 1-6, 6-4, 7-5 की जीत दर्ज की। रोलां गैरां में ब्रोंजेटी की तीन प्रयास में यह तीसरी हार है। विश्व रैंकिंग में 30वें स्थान पर काबिज दयान यास्त्रेमस्का ने अजला टोमलजानोविक को शिकस्त दी तो वहीं डोना वेकिच के खिलाफ पीठ दर्द की समस्या के कारण लेसिया त्सुरेंको पहले सेट के बीच में ही मैच से हट गयी। पुरुषों के ड्रा में विश्व रैंकिंग में छठे स्थान पर काबिज आंद्रे रुबलेव ने टारो डेनियल को 6-2, 6-7, 6-3, 7-5 से हराया।

रुबलेव ने अपने मैच के दौरान कुछ हताशा दिखाई और एक समय अपना रैकेट फेंक दिया। लोरेंजो सोनेगो ने नंबर 17 उगो हम्बर्ट को 4-6, 6-2, 4-6, 3-6 से हराया। हम्बर्ट टूर्नामेंट में सर्वोच्च रैंक वाले फ्रांस के खिलाड़ी थे।

## दीपा ने एशियाई चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण

**ताशकंद।** शीर्ष भारतीय जिमनास्ट दीपा करमाकर रविवार को यहां महिला वॉल्ट स्पर्धा में पीला तमगा हासिल कर एशियाई सीनियर चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली देश की पहली जिमनास्ट बन गईं। दीपा (30 वर्ष) ने प्रतियोगिता के आखिरी दिन वॉल्ट फाइनल में 13.566 का औसत स्कोर बनाया।उत्तर कोरिया की किम सोन हयांग (13.466) और जो क्योंग ब्योल (12.966) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते। रियो ओलंपिक 2016 में वॉल्ट फाइनल में चौथे स्थान पर रही दीपा ने 2015 चरण में इसी स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। आशीष कुमार ने 2015 एशियाई चैंपियनशिप में व्यक्तिगत फ्लोर एक्सरसाइज में कांस्य पदक जीता था।

## सिंधू मलेशिया मास्टर्स में बनीं उपविजेता, वांग से मिली हार

एजेंसी ▶▶ कुआलालंपुर



भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू का पिछले दो साल से चला आ रहा खिताब का इंतजार और लंबा हो गया। उन्हें मलेशिया मास्टर्स के फाइनल में रविवार को यहां विश्व रैंकिंग में सातवें स्थान पर काबिज चीन की वांग झी यी से हार का सामना करना पड़ा।

ओलंपिक में दो बार की पदक विजेता सिंधू तीन गेम तक चले 79 मिनट के मुकाबले के निर्णायक गेम में 11-3 की बड़ी बढ़त बनाने के बावजूद 21-16, 5-21, 16-21 से हार गई। वांग ने शानदार वापसी करते हुए आखिरी 23 में से 18 अंक जीत कर खिताब अपने नाम किया। विश्व रैंकिंग में 15वें स्थान पर काबिज सिंधू इससे पहले 2022 सिंगापुर ओपन खिताब अपने नाम करने में सफल रही थी और पिछले साल मैड्रिड स्पेन मास्टर्स में उपविजेता रही थी। पांचवी वरीयता प्राप्त सिंधू अगर चैंपियन बनती तो सोने पर सुहागा होता लेकिन फाइनल तक के सफर में इस प्रभावशाली प्रदर्शन से पेरिस ओलंपिक से पहले उनका आत्मविश्वास काफी बढ़ेगा।

## लिम से हारी दीपिका, विश्व कप से खाली हाथ लौटेंगी

**येचियोन।** मां बनने के बाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वापसी कर रही दीपिका कुमारी तीरंदाजी विश्व कप में लगातार दूसरे पदक से चूककर दुनिया की दूसरे नंबर की तीरंदाज लिम सिहियोन और तीसरे नंबर की अलेजांद्रा वालेंशिया से हार गई। भारतीय तीरंदाजों को विश्व कप के दूसरे चरण से रिकर्व वर्ग से खाली हाथ लौटना पड़ेगा जबकि कंपाउंड वर्ग में एक स्वर्ण और एक रजत पदक जीता है। रिकर्व स्पर्धाएं ओलंपिक का हिस्सा हैं।



भारत ने कंपाउंड वर्ग में महिला टीम स्पर्धा का स्वर्ण और मिश्रित टीम स्पर्धा का रजत पदक जीता है लेकिन दीपिका को छोड़कर रिकर्व वर्ग में कोई तीरंदाज पदक दौर में नहीं पहुंचा। दक्षिण कोरिया की 20 वर्ष की लिम ने सेमीफाइनल में 28-26, 28-28, 28-27, 28-27 से जीत दर्ज की।

### मांसपेशियों में 'कुछ महसूस' होने के बाद किया फैसला

## ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक नहीं खेलेंगे चोटिल नीरज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता भालाफेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने रविवार को स्पष्ट किया कि वह चोटिल नहीं हैं। लेकिन हाल ही में अभ्यास के दौरान मांसपेशियों में 'कुछ महसूस' होने के बाद उन्होंने एहतियात के तौर पर चेक गणराज्य में 28 मई को होने वाली ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक 2024 एथलेटिक्स मीट में भाग नहीं लेने का फैसला किया।

चोपड़ा ने कहा कि ओलंपिक वर्ष में वह कोई जोखिम नहीं लेना चाहते थे लिहाजा इस टूर्नामेंट में नहीं खेलेंगे। नीरज ने अपने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'हाल ही में एक थ्रोइंग सत्र के बाद मैने ओस्ट्रावा में नहीं खेलने का फैसला किया क्योंकि मुझे 'एडक्टर' मांसपेशी में कुछ महसूस हुआ। पहले भी मुझे इसमें दिक्कत रही है और इस समय मैं जोखिम नहीं लेना चाहता। मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि मैं चोटिल नहीं हूं लेकिन मैं ओलंपिक वर्ष में कोई जोखिम नहीं लेना चाहता। यही वजह है कि मैने यह फैसला लिया। पूरी तरह उबरने के बाद मैं फिर स्पर्धाओं में भाग लूंगा।' चोपड़ा ने इस सत्र में दो स्पर्धाओं दोहा डायमंड लीग और फेडरेशन कप में भाग लिया है। वह अतिथि के तौर पर इस टूर्नामेंट में पहुंचेंगे।

### आयोजकों ने दी थी जानकारी

चोपड़ा के स्पष्टीकरण से चंद घंटे पहले आयोजकों ने कहा था कि वह चोट के कारण टूर्नामेंट में नहीं खेल रहे हैं। आयोजकों ने एक बयान में कहा था, 'चोपड़ा को दो सप्ताह पहले अभ्यास के दौरान मांसपेशी में चोट लगी थी जिसकी वजह से वह ओस्ट्रावा में नहीं खेल सकेंगे लेकिन अतिथि के तौर पर यहां आएंगे।'मौजूदा ओलंपिक और विश्व चैंपियन चोपड़ा ने दोहा डायमंड लीग में रजत पदक जीता और भुवनेश्वर में फेडरेशन कप में स्वर्ण पदक हासिल किया था। चोपड़ा को मूल रूप से गोल्डन स्पाइक में भाग नहीं लेना था लेकिन दोहा डायमंड लीग के दौरान उन्होंने कहा था कि वह इसमें खेलेंगे। चोपड़ा की जगह अब यूरोपीय चैंपियन जर्मनी के जूलियन वेबर इसमें भाग लेंगे।




भारत ने चीन को उसी की भाषा में जवाब दिया

# दक्षिण चीन सागर में घुसकर ड्रैगन को भारत दे रहा जवाब, नाक के नीचे युद्धपोत को उतारा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चीन अकसर अपने जहाजों को हिंद महासागर में भेजकर भारत के लिए परेशानी पैदा करने की कोशिश करता रहता है और हिंद महासागर में जहाज भेजकर, असल में वो अपनी शक्ति का प्रदर्शन करना चाहता है, लेकिन अब भारत ने चीन को उसी की भाषा में जवाब देना शुरू कर दिया है। भारतीय नौसेना का जहाज कठर किल्टन इस बार दक्षिण चीन सागर के तट पर बसे देश ब्रुनेई के मुआरा में पहुंचा है, जहां रॉयल ब्रुनेई नौसेना ने उसका गर्मजोशी से स्वागत किया है। भारतीय जहाज की ये यात्रा, दक्षिण चीन सागर में भारतीय नौसेना के पूर्वी बेड़े की परिचालन तैनाती का हिस्सा है। मिली जानकारी के अनुसार कि यह यात्रा दोनों समुद्री देशों के बीच दोस्ती और सहयोग को और मजबूत करने के लिए हो रही है।

### भारत ने अपनी शक्ति का प्रदर्शन किया

भारतीय नौसेना का जहाज कठर किल्टन की यात्रा, प्रोफेशनल बातचीत, खेल आयोजनों, सामाजिक आदान-प्रदान और सामुदायिक आउटरीच पर केंद्रित है, जो दोनों देशों और नौसेनाओं के साझा मूल्यों को दर्शाती है। माना जा रहा है, कि ब्रूनेई में जहाज को भेजकर अब चीन के सामने भारत अपनी शक्ति का प्रदर्शन कर रहा है। भारत ने इस बार अपने तीन जहाजों को दक्षिण चीन सागर में भेजा है, जिनमें से दो जहाज फिलीपींस पहुंचे हैं। कठर किल्टन की यह यात्रा, भारतीय नौसेना और रॉयल ब्रुनेई नौसेना के बीच समुद्र में, समुद्री साझेदारी अभ्यास के साथ समाप्त होगी।

### दक्षिण चीन सागर में संघर्ष तेज

*स्कारबोरो शोल को लेकर चीन और फिलीपींस के बीच तनाव काफी बढ़ गया है, क्योंकि मनीला ने विवादित क्षेत्रों में अब काफी आक्रामक रूख अपना लिया है। फिलीपींस के तट से लगभग 220 किलोमीटर दूर और इसके विशेष आर्थिक क्षेत्र (एऐ) के भीतर, शोल एक पारंपरिक मछली पकड़ने का समुद्री मैदान है, जिसका उपयोग कई देशों द्वारा किया जाता है और यह महत्वपूर्ण शिपिंग चैनलों के करीब स्थित है। समुद्र के कानून पर संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन (यूएनसीएलओएस) के मुताबिक, एक ईईजेड किसी देश के तट से लगभग 370 किमी तक फैला होता है।*

### भारत और फिलीपींस, के बीच रिश्ते मधुर रहे

*दक्षिण चीन सागर के अलग अलग हिस्सों पर ब्रुनेई, मलेशिया, फिलीपींस और वियतनाम भी दावा करते हैं। भारत और फिलीपींस ने नवंबर 1949 में औपचारिक रूप से राजनयिक संबंध स्थापित किए, और अब फिलीपींस भारत से कई तरह के हथियार खरीद रहा है। इसी साल भारत ने फिलीपींस को ब्रह्मोस मिसाइल की सप्लाई भी की है। भारत और फिलीपींस, दोनों देशों के बीच रिश्ते मधुर रहे हैं और भारतीय नौसेना और तटरक्षक जहाज नियमित रूप से फिलीपींस का दौरा करते रहते हैं।*



## करीबी सलाहकारों के साथ बैठकर चुनावी रणनीति पर चर्चा करेंगे

# ऋषि सुनक को बड़ा झटका, चुनाव से पहले 78 नेताओं ने छोड़ा साथ

*ब्रिटेन में 78 सांसद कर चुके हैं चुनाव न लड़ने का ऐलान, सुनक करीबियों के साथ बिता रहे वीकेंड*

1 *मंत्री माइकल गोव सहित कई सांसद कर चुके हैं चुनाव न लड़ने का ऐलान*

2 *अब तक कुल 78 सदस्यों ने जनरल इलेक्शन में भाग लेने की बात कही*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने जनरल इलेक्शन की घोषणा करने के बाद ही हफ्ते के आखिरी में सुनक की पार्टी को झटका लग गया है। चुनावी मुकाबले से हटने की घोषणा करने वाले पार्टी के सदस्यों की संख्या बढ़कर 78 हो गई है। सुनक ने 22 मई को होने वाले जनरल इलेक्शन की तारीख की घोषणा की है जो कि 4 जुलाई को होगी।



तारीख पता चलने के बाद से जहां सभी पार्टियां पब्लिक इवेंट में शामिल होती हैं तो वहीं सुनक पहले ही हफ्ते के आखिरी में अपने परिवार और खास लोगों के साथ ये दिन गुजार रहे है। उन्होंने वीकेंड के पहले कैंपेन में पब्लिक इवेंट से दूर रहकर एक असामान्य कदम उठाया है। जहां पर एक ओर उनकी कंजर्वेटिव पार्टी काफी मुश्किलों में चल रही है क्योंकि पार्टी के कई नेताओं ने पार्टी छोड़ दी है और ऐसे स्थिति के बीच सुनक अपने साथियों और परिवार वालों के साथ वीकेंड बिता रहे हैं। 44 साल के भारतीय मूल के नेता ऋषि सुनक की पार्टी से अब तक कुल 78 सदस्यों ने जनरल इलेक्शन में भाग लेने से इनकार कर दिया है।

हाल ही में कैबिनेट मिनिस्टर माइकल गोव और एंड्रिया लीडसोम ने इस बार के होने वाले चुनाव न लड़ने की घोषणा की है।

44 वर्षीय भारतीय मूल के ऋषि सुनक अपनी संकटग्रस्त कंजर्वेटिव पार्टी के वरिष्ठ सांसदों के बड़े पैमाने पर हो रहे पलायन के बीच अपने सहयोगियों और परिवार के साथ कुछ निजी समय बिता रहे हैं। कैबिनेट मंत्री माइकल गोव और एंड्रिया लेडसम ने ऐलान कर दिया है कि वो चुनावी मुकाबलों में नहीं उतरेंगे।

### क्या कह रहा है सर्वे

हालाँकि, दावों को जल्द ही सुनक के करीबियों द्वारा खारिज कर दिया गया और कहा गया है कि वह उत्तरी इंग्लैंड के अपने निर्वाचन क्षेत्र यॉर्कशायर में चुनाव प्रचार में दिन बिता रहे थे। कंजर्वेटिव मंत्री बिम अफोलामी ने विपक्ष द्वारा द्वारा सुनक की आलोचना पर कहा, मुझे लगता है कि वो बहुत सारे झूठ बोल रहे हैं। महत्वपूर्ण बात यह है कि हम इस चुनाव की तैयारी सही ढंग से करें। आपको बता दें कि ऋषि सुनक द्वारा बुधवार को मध्यावधि आम चुनाव की घोषणा के बाद पहले जनमत सर्वेक्षण में लेबर पार्टी की बढ़त तीन अंक कम हो गई। गुरुवार और शुक्रवार को किए गए सर्वेक्षण में कंजर्वेटिवों को एक अंक ज्यादा से 22 प्रतिशत तक की बढ़त दिखाई गई है, जबकि लेबर पार्टी को दो अंक कम के साथ 44 प्रतिशत की गिरावट दिखाई गई। जबकि एक सूत्र के हवाले से कहा गया था कि यह विचार कि सनक अपने अभियान को नए सिरे से तैयार करने की योजना बना रहे हैं। एक अन्य अभियान संचालक ने दावा किया कि प्रधानमंत्री आम तौर पर अभियान के पहले सप्ताहांत को अपने सलाहकारों से बात करने में घर पर नहीं बिताते हैं।

### ट्रंप ने बाइडन को बताया 'सबसे खराब राष्ट्रपति'

**अमेरिका।** अमेरिका में लिबर्टेरियन पार्टी के एक कार्यक्रम के दौरान पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को बार-बार हूटिंग का सामना करना पड़ा। कार्यक्रम के दौरान भीड़ में मौजूद कई लोगों ने अपमानजनक नारे लगाए और उनकी कोविड-19 की नीतियों, बढ़ते संघीय घाटे राजनीतिक रिकॉर्ड के बारे में झूठ बोलने जैसी बातों के लिए उनकी कड़ी निंदा की।

### मंत्री गोव को लेकर पहले ही था संशय

*निर्वाचन क्षेत्रों में कंजर्वेटिव पार्टी के मौजूदा सांसदों के सामने पेश हो रही कड़ी चुनौती के बीच गोव ने एक पत्र में चुनाव न लड़ने का ऐलान किया, जिसकी संभावना पहले से जताई जा रही थी। कुछ ही समय बाद लेडसम भी पत्र जारी करते हुए सुनक को लिखा: सावधानीपूर्वक विचार करने के बाद, मैंने आगामी चुनाव में उम्मीदवार के रूप में मैदान में नहीं उतरने का फैसला किया है। अपने पत्र में,आवास मंत्री गोव ने लिखा कि उन्हें पता था कि राजनीति में कोई भी सिपाही नहीं है। हम स्वयंसेवक हैं जो स्वेच्छा से अपना भाग्य चुनते हैं। सेवा करने का मौका अद्भुत है।*

### कई सांसद कर चुके हैं चुनाव न लड़ने का ऐलान

*पूर्व प्रधानमंत्री थेरेसा मे भी इस्तीफा देने वाले वरिष्ठ सांसदों में से हैं। पूर्व रक्षा मंत्री बेन वालेस ने पहले ही फ्रंटलाइन राजनीति छोड़ने के अपने फैसले की घोषणा कर दी है। सुनक चुनाव अभियान के पहले सप्ताहांत में सार्वजनिक कार्यक्रमों से एक दिन दूर रहने का असामान्य कदम उठा रहे हैं। वह इसके बजाय इसे अपने करीबी सलाहकारों के साथ बैठकर चुनावी रणनीति पर चर्चा करेंगे। सनक अपने अभियान को नए सिरे से तैयार करने की योजना बना रहे हैं। एक अभियान संचालक ने दावा किया कि प्रधानमंत्री आम तौर पर अभियान के पहले सप्ताहांत को अपने सलाहकारों से बात करने में घर पर नहीं बिताते हैं।*

## गांव में भूस्खलन की वजह से तबाही, कई घर तबाह

अधिकारियों ने इस आंकड़े की पुष्टि नहीं की

# पापुआ न्यू गिनी में भूस्खलन ने मचाई तबाही, 100 से अधिक लोगों की गई जान



एजेंसी ▶▶ मेलबर्न

पापुआ न्यू गिनी में शुक्रवार को हुए भूस्खलन में 100 से अधिक लोगों के मारे जाने की आशंका है। मिली जानकारी के अनुसार, भूस्खलन की घटना कथित तौर पर दक्षिण प्रशांत द्वीपीय देश की राजधानी पोर्ट मोरेस्बी से लगभग 600 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में एंगा प्रांत के काओकलाम गांव में घटी। यह हादसा स्थानीय समय के अनुसार तड़के 3 बजे करीब हुआ।

इलाके के निवासियों का कहना है कि मृतकों की संख्या 100 से अधिक भी हो सकती है। हालांकि अधिकारियों ने इस आंकड़े की पुष्टि नहीं की है।

### बोली जाती हैं 800 से ज्यादा भाषाएं

*पापुआ न्यू गिनी की सरकार और पुलिस ने इस घटना पर अभी तक कोई टिप्पणी नहीं की है। पापुआ न्यू गिनी एक विविधतापूर्ण विकासशील देश है, जहां 800 से ज्यादा भाषाएं बोली जाती हैं। यहां अधिकतर लोग खेती करके अपनी आजीविका कमाते हैं। पापुआ न्यू गिनी की जनसंख्या 1 करोड़ है। यह ऑस्ट्रेलिया के बाद सबसे अधिक आबादी वाला दक्षिण प्रशांत देश है। ऑस्ट्रेलिया की जनसंख्या 2 करोड़ 70 लाख है।*

### पापुआ न्यू गिनी में आया था भूकंप

*भूस्खलन से पहले पापुआ न्यू गिनी भूकंप के झटके भी महसूस किए गए थे। भूकंप फिन्सचाफेन से 39 किलोमीटर नॉर्थवेस्ट में आया था और रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 5.3 मापी गई थी। भारतीय समयानुसार पापुआ न्यू गिनी में यह भूकंप गुरुवार सुबह 9 बजकर 49 मिनट पर आया था। यूनाइटेड स्टेट्स जियोलॉजिकल सर्वे ने भी पापुआ न्यू गिनी में भूकंप की पुष्टि की थी।*




## हमास ने फिर दागे रॉकेट, इजरायल के एयर डिफेंस सिस्टम ने किए हमले को नाकाम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हमास ने एक बार फिर तेल अवीव पर 'बड़ा मिसाइल' हमला किया है। मिली जानकारी के अनुसार इजराइल की राजधानी तेल अवीव में एयर सायरन बजे हैं, जो कि किसी हमले का संकेत देता है। हालांकि, इजराइल के एयर डिफेंस सिस्टम ने हमलों को नाकाम करने का दावा किया गया है।

### तेल अवीव पर किया 'बड़ा मिसाइल' हमला



रविवार को एक बयान में, अल-कसम ब्रिगेड ने कहा कि रॉकेट नागरिकों के खिलाफ जायोनी नरसंहार के जवाब में लॉन्च किए गए थे। रॉकेट गाजा पट्टी से दागे गए थे। पिछले चार महीनों से तेल अवीव में रॉकेट सायरन नहीं सुना गया था। इजरायली सेना ने तुरंत सायरन का कारण नहीं बताया है। हमले में किसी के हताहत होने की कोई रिपोर्ट नहीं मिली है। यह हमला संकेत देता है कि विनाशकारी युद्ध के बाद भी इस्लामी गुट अभी भी लंबी दूरी के रॉकेट दागने में सक्षम है।

## अजीम हत्याकांडः कोलकाता पहुंचे बांग्लादेश के खुफिया एजेंट

# हत्या के सबूतों को अपनी कसौटी पर जांचेंगे खुफिया एजेंट

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

बांग्लादेश की सत्तारूढ़ पार्टी के लापता सांसद अनवारुल अजीम अनार (56) की कोलकाता में हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। अजीम इलाज के लिए भारत आए थे। इसके बाद से सांसद अजीम 18 मई से लापता थे। गृह मंत्री असदुज्जमां खान ने अजीम की हत्या की पुष्टि की थी।

मर्डर केस में जानकारी जुटाने के लिए अब पड़ोसी मुल्क के खुफिया विभाग के प्रमुख रविवार को भारत आए हैं। उनके साथ बांग्लादेश की खुफिया विभाग शाखा के दो अन्य अधिकारी भी कोलकाता पहुंचे हैं। बांग्लादेश डिटेक्टिव ब्रांच की एक टीम, जिसमें



डिटेक्टिव चीफ हारुनन राशिद मिंटो सहित तीन शीर्ष अधिकारी शामिल हैं, रविवार को कोलकाता पहुंची। उनके साथ अन्य दो अधिकारी सईदुर रहमान और अब्दुल अहर भी आए हैं। जानकारी के अनुसार अनुसार हारुनन राशिद मिंटो ने बताया, 'हम अभी यहां पहुंचे हैं।

### गिरफ्तार आरोपितों से होगी पूछताछ

इस हत्या के मास्टरमाइंड सभी बांग्लादेशी हैं। हत्या की साजिश बांग्लादेश में रची गई थी। अब हमारा मुख्य काम जांच को आगे बढ़ाना है। हम भारत में घटनास्थल का दौरा करने आए हैं। हम सीसीटीवी फुटेज की जांच करेंगे। कोलकाता पुलिस और बांग्लादेश पुलिस ने उनके बीच विभिन्न जानकारी साझा की है।" बांग्लादेश के खुफिया विभाग के प्रमुख राशिद ने कहा, "शायद मुख्य साजिशकर्ता अख्तरुज्जमां काठमांडू से दुबई के रास्ते अमेरिका भाग गया होगा। हम इंटरपोल के जरिए उसका पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं। हम सीआईडी कार्यालय जाएँगे। हम सीआईडी के अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। हम गिरफ्तार आरोपितों से पूछताछ करने की कोशिश करेंगे ताकि हमें और जानकारी मिल सके।"

### हत्या में अजीम के दोस्त शाहीन मियां का नाम आया है

*इस केस में मुख्य साजिशकर्ता के तौर पर अजीम के दोस्त शाहीन मियाँ का नाम आया है। शाहीन मियाँ बांग्लादेश का निवासी था जिसे बाद में अमेरिका की नागरिकता मिल गई। कुछ दिन पहले उसने इस मामले में कहा था कि उसे इस संबंध में कुछ नहीं पता है। उसे दोस्त की हत्या के बारे में अखबारों से पता चला। वहीं बांग्लादेश की खुफिया पुलिस की जाँच में हर तरह से सिर्फ उसका नाम ही मुख्य साजिशकर्ता के तौर पर आया है।*

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109